सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 07 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 271, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 583 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से सेंसेक्स 583 अंक की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। } 12

बिहार को जंगलराज से बाहर निकाला: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार को जंगल राज से बाहर निकाला और इसे विकास एवं सुशासन की नयी दिशा दी है। } 12

मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल व शिमॉन साकागुची को चिकित्सा का नोबेल

एजेंसी

स्टॉकहोम। मैरी ई ब्रुनको, फ्रेड रैमस्डेल और शिमॉन साकागुची को पेरिफेरल इम्यून टॉलरेंस से संबंधित उनकी खोजों के लिए इस साल का चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार देने की सोमवार को घोषणा की गई।

ब्रुनको (64) सिएटल स्थित इंस्टीट्यूट फॉर सिस्टम्स बायोलॉजी में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक हैं।64 वर्षीय रैमस्डेल सैन फ्रांसिस्को स्थित सोनोमा बायोथेरेप्यूटिक्स के वैज्ञानिक सलाहकार हैं, वहीं 74 वर्षीय साकागुची जापान के ओसाका विश्वविद्यालय के इम्यूनोलॉजी फ्रंटियर रिसर्च सेंटर में प्रोफेसर हैं। प्रतिरक्षा प्रणाली में विषाणु, जीवाणु और अन्य हानिकारक कारकों का पता लगाने और उनसे लड़ने के लिए कई प्रणालियां होती हैं।टी कोशिकाओं जैसे प्रमुख प्रतिरक्षा योद्धाओं को हानिकारक कारकों की पहचान करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। अगर कुछ कारक इस तरह से गड़बड़ा जाते हैं कि स्वप्रतिरक्षी (ऑटो इम्यून) रोग उत्पन्न हो सकते हैं, तो उन्हें थाइमस में नष्ट कर दिया जाना चाहिए - इस प्रक्रिया को सेंट्रल टॉलरेंस (केंद्रीय सहनशीलता) कहा जाता है। नोबेल विजेताओं ने शरीर द्वारा इस प्रणाली को नियंत्रित रखने के एक अतिरिक्त तरीके ...शेष पृष्ठ 10 पर

भाजपा का काम जोड़ना, सपा-कांग्रेस का काम तोड़ना : योगी

○ स्वच्छताकर्मियों का अब नहीं होगा शोषण ○ जल्द अकाउंट में आयेंगे 16-20 हजार रुपये ○ सफाई मित्रों पर की पुष्पवर्षा

जिला संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 7 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। भगवान वाल्मीकि भारत की ऋषि परंपरा, सनातन धर्म के भाग्य विधाता हैं। वे हम सभी के रोम-रोम और श्वांस-श्वांस में भगवान राम का वास कराने वाले त्रिकालदर्शी ऋषि भी हैं।

महर्षि वाल्मीकि दुनिया के पहले सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य को रचने वाले आदिकवि भी हैं।सीएम ने कहा कि ऑर्डर जारी होने वाला है, कुछ ही दिनों के अंदर स्वच्छताकर्मियों के अकाउंट में सीधे 16 से 20 हजार रुपये जाएंगे।कोई उनका शोषण नहीं कर पाएगा।सारी तैयारियां चल रही हैं, पोर्टल तैयार हो रहे हैं। स्वच्छता कर्मियों व स्वच्छता मित्रों को पांच लाख रुपये के आयुष्मान भारत के कार्ड की स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराने जा रहे हैं। जो सबके स्वास्थ्य की रक्षा करता है, हमारी कोशिश है कि उसके लिए भी सरकार के स्तर पर प्रयास हो। सीएम योगी सोमवार को सरोजा पैलेस, पिपलानी कटरा में स्वच्छता मित्र सम्मान समारोह में शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान करने ...शेष पृष्ठ 10 पर

शांति-सौहार्द के लिए सबको सनातन धर्म की शरण में आना पड़ेगा : सीएम

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शांति व सौहार्द का मार्ग प्रशस्त करना है तो सबको सनातन धर्म की ही शरण में आना पड़ेगा। सनातन धर्म ही लोकमंगल, लोककल्याण के साथ सभी की सुरक्षा व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। सनातन धर्म को बचाना है तो संस्कृत को माध्यम बनाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को श्री अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में लैपटॉप व सिलाई मशीन का वितरण किया। उन्होंने कुछ बच्चों को अपने हाथों से भी सम्मानित किया। सीएम योगी ने यहां पौधरोपण किया और गोशाला में गायों को चारा, गुड़ व फल खिलाया। सीएम ने बच्चों को शुभकामना देते हुए कहा कि दीपावली के पूर्व मिला यह उपहार ...शेष पृष्ठ 10 पर

बिहार में छह और 11 नवंबर को मतदान

○ पहले चरण में 121 और दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान ○ 14 को होगी मतगणना

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को तारीखों का ऐलान करने के साथ ही बिहार में चुनावी बिगुल बज गया। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए आगामी छह नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना 14 नवंबर होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दोनों निर्वाचन आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की और कहा कि बिहार का चुनाव का सभी चुनावों से अहम (मदर ऑफ ऑल इलेक्शंस) होता है। कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पहले चरण में 121 और दूसरे चरण में 122 सीट के लिए मतदान होगा।

बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीट हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने यह भी बताया कि चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर को होगी, 18 अक्टूबर को ...शेष पृष्ठ 10 पर

चुनाव में 17 नये बदलाव, देशभर में लागू होगी नयी पहल

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान शुरू की जाने वाली 17 नयी पहलों की सोमवार को घोषणा की, जिनमें सभी मतदान केंद्रों पर अनिवार्य वेबकास्टिंग और मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा शामिल है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बिहार फर्स्ट इनिशिएटिव्स नामक पहलों की घोषणा की, जिन्हें चुनाव की तैयारी से लेकर मतगणना तक सभी चरणों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये पहल आगामी चुनावों के दौरान सभी राज्यों में शुरू की जाएंगी। पहली बार, सभी मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल फोन जमा कराने के लिए काउंटर उपलब्ध होंगे। भीड़भाड़ से बचने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या भी।,200 तक सीमित कर दी गई है। निर्वाचन आयोग मतदाताओं के सत्यापन को आसान बनाने के लिए मतदाता सूचना पर्चियां जारी करेगा जिन पर क्रम संख्या और भाग संख्या (मतदान केंद्र का विवरण) अंकित होगी। एक डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट पर समय समय पर मतदान के बारे में जानकारी साझा की जाएगी और पीठासीन अधिकारी समय अंतराल को कम करने के लिए मतदान के दिन हर दो घंटे में ऐप पर मतदान डेटा अपलोड करेंगे। सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग होगी और मतदान केंद्रों के 100 मीटर के बाहर ही उम्मीदवारों के बूथ बनाने की अनुमति होगी। आयोग ने ईवीएम मतपत्रों को अधिक पठनीय बनाने के लिए दिशा-निर्देशों में भी संशोधन किया है और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में पहली बार उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी। फॉर्म ...शेष पृष्ठ 10 पर

बुर्कानशीं वोटरों की पहचान करेंगी आंगनवाड़ी सेविकाएं

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में बुर्कानशीं या पर्दानशीं मतदाताओं की पहचान के लिए मतदान केंद्रों पर आंगनवाड़ी कर्मी उपलब्ध रहेंगी तथा आवश्यकता होने पर तय निर्देशों के तहत पहचान का सत्यापन होगा। उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने से संबंधित संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। कुमार से सवाल किया गया कि बुर्के या घूंघट में आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान के लिए क्या प्रबंध किए गए हैं? इसके जवाब में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा, जहां तक बुर्कानशीं की बात हो रही है, पर्दानशीं की बात है, तो पहचान के लिए हमारी आंगनवाड़ी सेविकाएं उपलब्ध रहेंगी। जरूरत ...शेष पृष्ठ 10 पर

11 नवम्बर को सात राज्यों में उपचुनाव

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान की आठ विधानसभा सीट के लिए 11 नवंबर को उपचुनाव कराए जाएंगे तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी। कुमार ने कहा जम्मू कश्मीर, ओडिशा, झारखंड, मिजोरम, पंजाब, तेलंगाना और राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव 11 नवंबर को होंगे, मतगणना 14 नवंबर को होगी।

झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट रामदास सोरेन के निधन के कारण रिक्त हो गयी थी। पंजाब की तरनतारन विधानसभा सीट कश्मीर सिंह सोहल के निधन के बाद खाली हो गई। जम्मू कश्मीर में दो विधानसभा क्षेत्र - बडगाम और नगरोटा - अक्टूबर 2024 से रिक्त हैं। बडगाम सीट 2024 के विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद रिक्त हो गई थी, जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल सीट को अपने पास रखने का फैसला किया था। यह सीट 21 अक्टूबर, 2024 से रिक्त है। नगरोटा सीट विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्टूबर, 2024 को रिक्त हुई थी। राजस्थान के अंता में उपचुनाव धमकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

तौकीर रजा के साथियों पर इनाम घोषित

बरेली। पुलिस ने पिछले महीने आई लव मोहम्मद अभियान को लेकर हुए बवाल के मुख्य अभियुक्त, इत्तिहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के नेता तौकीर रजा खां के सात फरार साथियों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सोमवार को बताया कि 26 सितंबर को हुई हिंसा के बाद दर्ज की गई रिपोर्ट में सभी सात आरोपियों के नाम हैं। इनमें आईएमसी के नेता साजिद सकलानी, अल्तमस राजा, अफजल बेग, नायाब, बबलू खान, नदीम और अदनान सकलानी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार साजिद और अल्तमस बारादरी थाने में दर्ज मामलों में वांछित हैं जबकि अफजल बेग किला और बारादरी थानों में दर्ज मामलों में वांछित है। नायाब और बबलू खान बारादरी थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं जबकि नदीम पर सामूहिक बलात्कार का भी आरोप है। अदनान सकलानी ने कथित तौर पर युवकों को हिंसा में शामिल होने के लिए उकसाया था।

अवैध पटाखा बनाते प्राचार्य सहित पांच लोग गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के बालिका महाविद्यालय सपहाछात में अवैध पटाखा बनाने व बिक्री में संलिप्त प्राचार्य सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने लगभग 47 लाख रुपये का पटाखा बरामद किया था। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनंदन राय ने बताया कि जांच में पाया गया कि सुखराज सिंह बालिका महाविद्यालय सपहाछात के प्राचार्य आद्या प्रसाद सिंह के संरक्षण में विद्यालय परिसर में अवैध पटाखा का निर्माण किया जा रहा था। पुलिस ने विद्यालय परिसर से प्राचार्य आद्या प्रसाद सिंह, पटाखा कारोबारी मदीना बेगम व उसके बेटे सलमान सिद्दीकी और सैफ को गिरफ्तार कर लगभग 47 लाख रुपये के पटाखा बरामद किये।

जयपुर के अस्पताल में लगी आग, 8 की मौत

प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह ने घटना पर जताया दुख

एजेंसी

जयपुर। जयपुर के सरकारी सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में रविवार देर रात आग लगने से गंभीर रूप से बीमार कम से कम 8 मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि जब स्टोर रूम में आग लगी, तब न्यूरो गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में 11 मरीजों का इलाज हो रहा था। उन्होंने कहा 8 की मौत हो गई और 3 का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा राजस्थान के जयपुर में एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई, जान-माल की हानि अत्यंत दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों ...शेष पृष्ठ 10 पर

ड्रोन चोर समझकर दलित को पीटकर मार डाला

रायबरेली। रायबरेली में स्थानीय लोगों ने ड्रोन चोर समझकर 40 वर्षीय दलित की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना पर संज्ञान लेते हुए तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया और इस संबंध में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों के अनुसार, ऊंचाहार थानाक्षेत्र के कई गांवों के लोग चोरी से पहले निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किए जाने की अफवाहों के बाद रात में निगरानी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बुधवार रात को जमुनापुर चौराहे के पास कुछ लोगों ने एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते हुए देखा और उसे पूछताछ के लिए पकड़ लिया गया और जब वह व्यक्ति सवालों का जवाब नहीं दे पाया तो ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

खेलों को जनआंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध : धामी

उत्तराखंड में होंगी विधायक, सांसद व मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप जैसी खेल प्रतियोगिताएं

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। खेलों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित खेल विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए यह निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को जनआंदोलन का रूप देने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने आगामी 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन, छात्रवृत्ति, बीमा सुरक्षा और पुरस्कार की सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही निजी क्षेत्र एवं कॉरपोरेट संस्थानों की साझेदारी से खेल अवसंरचना को और सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार की गई खेल सुविधाओं का नियमित रखरखाव और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसंपत्तियों को निष्क्रिय न रहने दिया जाए, बल्कि राज्यभर में निरंतर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर इन्हें जीवंत रखा जाए ताकि खेल प्रतिभाओं को मंच मिले और युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो। सीएम धामी ने हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को तेजी से कार्यवाही आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से प्रदेश के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी और उत्तराखंड खेल मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुभवी ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	32.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

○ सितम्बर में 15237.44 करोड़ का मिला राजस्व (पृष्ठ-02)
○ सपा जिलाध्यक्षों का प्रारूप 18-19 स्वीकार किया जाये (पृष्ठ-02)
○ सोना 9,700 रुपये उछलकर 1.3 लाख के पार (पृष्ठ-10)
○ भारत-कतर ने निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की (पृष्ठ-10)
○ भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — 15 जिलों में गरज चमक के साथ हुई जोरदार बारिश, 9 से मानसून की होगी वापसी

यूपी में भारी बारिश का अलर्ट, बिजली गिरने की आशंका

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बदले हुए मौसम के बीच सोमवार को पश्चिमी तराई के इलाकों समेत पूर्वांचल और मध्यांचल में भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को प्रदेश के 39 जिलों में गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। सोमवार को बरेली में गरज चमक के साथ ओले पड़ने की सूचना है। कुशीनगर में सर्वाधिक 30 मिमी, मुरादाबाद में 29.2 मिमी, ललितपुर में 26 मिमी, बरेली में 22.4 मिमी, अलीगढ़ में 22.2, गोरखपुर में 15 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बूंदाबांदी के इस दौर के बाद 9 अक्टूबर से उत्तर प्रदेश में मानसून की औपचारिक वापसी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पश्चिम के सहारनपुर, शामली, बिजनौर समेत लगभग 15 जिलों में गरज चमक के साथ जोरदार बारिश हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि शुक्रवार से प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून वापसी की परिस्थितियां बन सकती हैं। राजधानी में सोमवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली। सुबह तक चटक धूप और उमसभरी गर्मी के बाद करीब ढाई बजे आसमान पर घने बादल छा गए। कुछ ही देर में गोमती नगर, चिनहट, पीजीआई और आसपास के इलाकों में हल्की बारिश शुरू हो गई। तेज हवाओं के साथ हुई बरसात ने लोगों को उमस से थोड़ी राहत दी।

दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहा तो वही रात का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। राजधानी में अधिकतम आर्द्रता 95 फीसदी और न्यूनतम 68 फीसदी रिकॉर्ड की गई। बस्ती, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, फरुर्खाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, ...शेष पृष्ठ 10 पर

वकील ने सीजेआई की ओर जूता उछालने की कोशिश की

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय एक वकील ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई की ओर कथित तौर पर जूता उछालने की कोशिश की। घटना के बाद सीजीआई ने अपना संयम बनाए रखा और अदालत कक्ष में उपस्थित वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा इन सब बातों से विचलित मत होइए। हम विचलित नहीं हैं। इन बातों का मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई से बात कर एक वकील द्वारा उन पर जूता फेंकने के प्रयास की निंदा की और कहा कि इस हमले से हर भारतीय नाराज है। उन्होंने कहा हमारे समाज में इस तरह के निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने घटना के बाद शांति बनाए रखने के लिए गवई की प्रशंसा की। वकीलों के अनुसार, यह घटना उस समय घटी जब प्रधान न्यायाधीश और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। आरोपी वकील की पहचान बाद में मयूर विहार ...शेष पृष्ठ 10 पर

○ प्रधानमंत्री मोदी ने घटना को बताया निंदनीय

यूपी को वैश्विक फूड बॉस्केट बनाना हमारा संकल्प : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी

- **वाराणसी में ई-सीडर और प्रिसिजन हिल सीडर उपकरण का सीएम ने किया लोकार्पण**
- **यूपी अकेले करता है भारत का 21% खाद्यान उत्पादन : सीएम**
- **लखनऊ में बनेगा 250 एकड़ में सीड पार्क : मुख्यमंत्री**

आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश को भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक फूड बास्केट के रूप में तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने कहा कि यदि समय पर तकनीक और बीज उपलब्ध कराए जाएं तो प्रदेश आज से तीन गुना अधिक उत्पादन करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी ने लक्ष्य तय किया है कि 2029-30 तक प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाया जाएगा, जिसमें कृषि क्षेत्र सबसे बड़ी भूमिका निभाएगा। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरी (IRRI) और सीआईपी (CIP) जैसे संस्थानों के सहयोग से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे।योगी आदित्यनाथ ने काशी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान विश्वनाथ की नगरी और उनके सहयोगी वृषभ हमें उन्नत खेती की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि अन्नं बहु कुर्वीत तद् व्रतम् की परंपरा को आगे बढ़ाना ही हमारा संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी कृषि के लिए उर्वरता, सिंचाई और पर्याप्त धूप सबसे आवश्यक हैं और इन तीनों दृष्टियों से भारत अत्यंत संपन्न है। देश के पास 17 करोड़ हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमें से 60 फीसदी भूमि सिंचित है। यूपी तो अकेले देश का 21 फीसदी खाद्यान उत्पादन करता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते 11 सालों में कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड, कृषि बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, लागत से डेढ़ गुना एमएसपी और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पास 11 फीसदी भूभाग और 17 फीसदी जनसंख्या है, लेकिन यह अकेला राज्य 21 फीसदी खाद्यान उत्पादन करता है। धान, गेहूं, गन्ना, आलू, दलहन और तिलहन की खेती में यूपी अग्रणी है। यूपी के पास राज्य सरकार के चार, केंद्र सरकार के दो और एक निजी कृषि विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा 89 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को तकनीकी सहायता दे रहे हैं। 2018 में वाराणसी में ईरी का दक्षिण एशिया केंद्र खुलने के बाद धान की विभिन्न वैरायटी पर रिसर्च जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काला नमक चावल भगवान बुद्ध द्वारा तीन हजार साल पहले दिया गया था। इसे हम भगवान बुद्ध के प्रसाद के रूप में पूरी दुनिया में बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूपी में धान की खेती का 8 हजार साल पुराना इतिहास है। तंजावुर और रामनाथपुरम के शिलालेखों में प्राचीन भारत की उन्नत खेती के प्रमाण मिलते हैं। आजादी के बाद यूपी में 11.77 मिलियन टन खाद्यान का उत्पादन होता था, जो अब बढ़कर 60 ट्रिलियन टन हो गया है। रकबा भी 170 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 240 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। यह पांच गुना की वृद्धि को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर 250 एकड़ में सीड पार्क स्थापित किया जाएगा। यहां से जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए बेहतर बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। डीजी ईरी यवोन पिंटो और डीजी सीआईपी डॉ. साइमन हेक की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि आगरा में जल्द ही इंटरनेशनल पोटेटो सेंटर स्थापित होगा। कॉनक्लेव में आईआरआरआई और जेएनवीवी की ओर से विकसित बैट्री संचालित ई-सीडर और प्रिसिजन हिल सीडर का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही धान की सीधी बुवाई, जीरो टिलेज गेहूं और समृद्धि धान नेटवर्क पर आधारित प्रकाशन सामग्री का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जाहिर की कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर वैज्ञानिक अब केवल लैब तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि जमीन पर उतरकर रिसर्च का डेमॉन्स्ट्रेशन करेंगे ताकि किसानों तक नई तकनीक सीधे पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री रविन्द्र जायसवाल, दयाशंकर मिश्र दयालु, बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार, डीजी ईरी यवोन पिंटो और डीजी सीआईपी डॉ साइमन हेक, श्रीलंका के कृषि सचिव डीबी विक्रमसिंघे, डायरेक्टर आईएसएआरसी डॉ सुधांशु सिंह सहित बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। प्रदेश भर से आये फरियादियों के पास मुख्यमंत्री स्वयं पहुंचे, उनकी समस्या पूछी, प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में सभी की समस्याओं का उचित निस्तारण

- **जनता दर्शन में लोगों की समस्या से रूबरू हुए मुख्यमंत्री**
- **पुलिस, राजस्व, आर्थिक सहायता समेत अन्य प्रकरण लेकर पहुंचे फरियादी**

कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चेहरे पर खुशी और संतुष्टि ही सरकार की प्राथमिकता है।

इस दौरान प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में लोग पुलिस, बिजली, राजस्व से जुड़े प्रकरण, नौकरी, आर्थिक सहायता आदि की मांग को लेकर पहुंचे।

सीएम योगी ने कहा कि किसी के चेहरे पर खुशी लाना ही ईश्वर की सेवा है। प्रदेश सरकार हर पीड़ित को खुशहाल करने की भावना से कार्य कर रही है। सरकार की योजनाओं का बिना भेदभाव सभी को लाभ मिल रहा है। 'जनता दर्शन' के माध्यम से भी समस्याओं का निराकरण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में फरियादियों के साथ आए बच्चों का हालचाल जाना।

नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर दुलार किया और अपनत्व का अहसास कराया। सीएम योगी ने सभी बच्चों को चॉकलेट-टॉफी दी और खूब पढ़ने-खेलने की भी सलाह दी।

सितम्बर में 15237.44 करोड़ का मिला राजस्व

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के सितम्बर माह में कुल रू. 15237.44 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के सितम्बर माह में 14747.93 करोड़

- **वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में सितम्बर, 2024 के सापेक्ष सितम्बर, 2025 में 489.51 करोड़ की वृद्धि**

राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह सितम्बर में 489.51 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत माह सितम्बर तक रू. 104568.93 करोड़ की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह सितम्बर तक निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत है।वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 में कुल 5610.55 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष सितम्बर, 2024 के माह में प्राप्ति 6108.27 करोड़ रही थी। वैट के अंतर्गत माह सितम्बर, 2025 में 2369.45 करोड़



की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 2356.29 करोड़ रही थी। आबकारी के अंतर्गत माह सितम्बर, 2025 में कुल 3811.70 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 3246.67 करोड़ रही थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस मद में 565.03 करोड़ अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है। आबकारी मद के अंतर्गत माह सितम्बर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 90.8 प्रतिशत की प्राप्ति हुई है। स्टाम्प तथा निबंधन के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति 2516.95 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 2177.34 करोड़ रही थी। इस प्रकार इस मद में माह सितम्बर में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य का 83.9 प्रतिशत की राजस्व प्राप्ति हुई है। परिवहन के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति रू0 745.78 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 653.80 करोड़ रही थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह सितम्बर, 2025 में प्राप्ति रू. 183.01 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह सितम्बर, 2024 में प्राप्ति 205.56 करोड़ रही थी।सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह सितम्बर तक मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत कुल 104568.93 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह सितम्बर तक निर्धारित लक्ष्य 140939.55 करोड़ के सापेक्ष 74.2 प्रतिशत है।

एनीमिया और टीबी उन्मूलन पर सरकार की प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मिशन शक्ति अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से सोमवार को आईएमए भवन, लखनऊ में महिला स्वास्थ्य के आयाम विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर 50 टीबी

- **उप मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य के आयाम परिचर्चा का किया शुभारंभ**
- **मिशन शक्ति के तहत रेडक्रॉस सहयोग से टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित**

रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं को प्राथमिकता दी है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों में एनीमिया से बचाव, टीबी उन्मूलन तथा जीवन के हर पहलू में खुशियाँ लाने हेतु अनेक योजनाएँ चलाई हैं। इसी क्रम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया गया, जिसके तहत महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिससे प्रदेश में महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा दोनों प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की बड़ी संख्या में बेटियाँ पुलिस विभाग में शामिल होकर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षय रोग एक अभिशाप है, परंतु राज्य सरकार ने इसे समाप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर रोगियों की पहचान की है।

दिवाली पर समूह के बनाये दीयों से जगमगायेंगे गांव शहर

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर बनाये जा रहे उत्पादों को लेकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एक अलग तरह की रौनक दिख रही है।

- **आजीविका मिशन के समूहों द्वारा बनाये जा रहे गिफ्ट हैंपर**

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि हजारों समूह सदस्यों द्वारा बाजार की मांग के अनुसार डिजाइनर दिये एवं मोमबत्तियों के साथ त्योहार से संबंधित विभिन्न तरह के उत्पाद तैयार जा रहे हैं। शहरों के तर्ज पर समूह के बने उत्पादों के अलग-अलग तरह के गिफ्ट हैंपर तैयार कराए जा रहे हैं। बताया कि समूह के उत्पादों को संग्रहित करके एक कॉफी टेबल बुक भी तैयार की जा रही है, जिससे समूह सदस्यों के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी उनके उत्पादों को बिक्री के लिए पंजीकृत कराया गया है। मिशन निदेशक ने बताया कि भारी संख्या में समूहों द्वारा गाय के गोबर से एवं पंचगव से गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, मधुमक्खी के छत्ते से निकले मोम से बनी फैंसी मोमबत्तियां एवं दिये तैयार किये जा रहे हैं, जोकि पूरी तरह से इको फ्रेंडली है और देखने में उतने ही खूबसूरत भी हैं। इनके बाजार में अच्छे दाम मिलने के आसार हैं। इसके अतिरिक्त हवन सामग्री जिनमे धूप बत्ती, अगरबत्ती एवं पूजा सामग्री आदि समूह द्वारा बनाये जा रहें हैं। उन्होंने बताया शीघ्र ही सभी जिलों को निर्देशित किया जा रहा है कि समूह सदस्यों के उत्पादों की बिक्री के लिए सभी बाजारों में उचित स्थान दिला करके उनकी बिक्री को अधिक से अधिक बढ़ाया जाने का प्रयास किया जाए। साथ ही साथ समस्त जिलों एवं ब्लॉक कार्यालय में विशेष रूप से समूह सदस्यों द्वारा उत्पादित हो रहे उत्पादों का स्टॉल लगाया जाए।

सुनवाई में 30 में से 16 पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि रहे उपस्थित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे राजनैतिक दल जो विगत 06 वर्षों में आयोजित लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव में प्रतिभाग करने के बाद निर्धारित तिथि तक अपनी अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक

- **मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की आयोग को वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट एवं तय तिथि तक निर्वाचन व्यय विवरणी न देने वाले पंजीकृत राजनैतिक दलों की सुनवाई**

लेखा परीक्षण (ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी आयोग को प्रस्तुत नहीं किया था।

ऐसे दलों की सोमवार को उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष मं सुनवाई की। उन्होंने प्रत्येक दल द्वारा प्रस्तुत किए गए अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षण

(ऑडिट) रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गहन परीक्षण किया और सभी दलों के मोबाइल नंबर, पंजीकरण संख्या, वर्तमान पता व ईमेल की भी जांच की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदेश के पते पर पंजीकृत ऐसे 127 राजनैतिक दलों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था, जिन्होंने प्रदेश में वर्ष 2019 से अब तक विगत 06 वर्षों में आयोजित लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव में प्रतिभाग करने के बाद भी विगत तीन वित्तीय वर्षों से अपनी वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट एवं निर्वाचन व्यय विवरणी निर्धारित समय सीमा तक प्रस्तुत नहीं किया था। इन दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। सुनवाई के दौरान इन सभी 16 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सम्मुख उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा और अपने दल के तीन वर्षों 2021-22, 22-23 व 23-24 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट और निर्वाचन व्यय विवरणी प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक राजनैतिक दल को प्रति वर्ष 30 सितम्बर तक अपनी अंशदान रिपोर्ट तथा 31अक्टूबर तक अपने आय-व्यय की ऑडिट रिपोर्ट देना अनिवार्य है। इसी प्रकार लोकसभा चुनाव के बाद 90 दिनों में तथा विधानसभा चुनाव के बाद 75 दिनों में अपने आय व्यय का ब्योरा भी सभी दलों को देना होता है। प्रत्येक दल को चंदे के रूप में प्राप्त 20 हजार रुपये से अधिक के अंशदान की रिपोर्ट भी देनी है। इसी प्रकार लोक सभा एवं विधान सभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक प्रत्याशी को भी अपने आय-व्यय के खर्चों का विवरण निर्वाचन समाप्त होने के बाद 30 दिनों में देना है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 06 अक्टूबर सोमवार को 30 राजनैतिक दलों को सुनवाई के लिए बुलाया गया था, जिसमें से 16 राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। 07 अक्टूबर को अवकाश होने से इस दिन जिन 30 दलों की सुनवाई होनी थी वह अब 08 एवं 09 अक्टूबर को होगी। इस प्रकार अब 08 अक्टूबर को 30 के बजाय 45 एवं 09 अक्टूबर को 37 के वजाय 52 राजनैतिक दलों की सुनवाई होगी।सोमवार की सुनवाई में आदर्श समाज पार्टी-आगरा, भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी-बलिया, आम जनता पार्टी-बस्ती, अपना दल बलिहारी पार्टी-बस्तीय, आम जनता पार्टी (इंडिया)-गोण्डा, आधुनिक भारत पार्टी-कानपुर नगर, बहुजन पार्टी-कानपुर नगर, एक्शन पार्टी-खीरी, अपना दल यूनाइटेड पार्टी-कुशीनगर, अभय समाज पार्टी-महराजगंज, भारतीय हरित पार्टी-मुजफ्फरनगर, अम्बेडकर युग पार्टी-प्रयागराज, बहुजन आवाम पार्टी-प्रयागराज, अपना देश पार्टी-सुल्तानपुर, अंजान आदमी पार्टी-प्रयागराज एवं आजाद भारत पार्टी (डेमोक्रेटिक)-कानपुर नगर जिले में पंजीकृत राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

फार्मेसी कोर्स की द्वितीय चरण काउंसिलिंग में दस्तावेज सत्यापन आज रहेगा जारी

लखनऊ। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2025 के फार्मेसी पाठ्यक्रम की द्वितीय चरण काउंसिलिंग के अंतर्गत दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी। परिषद के अनुसार, द्वितीय चरण की काउंसिलिंग 25 सितंबर से 7 अक्टूबर 2025 तक संचालित है, जिसमें कुल 48,079 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गई हैं। इनमें से लगभग 22,000 अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया है। परिषद के सचिव ने बताया कि दस्तावेज सत्यापन का कार्य 04 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2025 तक राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों में स्थापित हेल्प सेंटर्स पर नियमित रूप से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 7 अक्टूबर को भी हेल्प सेंटर्स में अभ्यर्थियों की उपस्थिति तक दस्तावेज सत्यापन का कार्य सुचारू रूप से जारी रहेगा।

सपा के जिलाध्यक्षों का प्रारूप 18-19 स्वीकार किया जाये

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा ने मांग की हैं कि वाराणसी मण्डल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि सपा के जिलाध्यक्ष, समर्थकों से भी प्रारूप-18 व प्रारूप-19 बल्क में स्वीकार किये जाए, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शी चुनाव सम्पन्न हो सके।

इस सम्बन्ध में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का ज्ञापन केके श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह ने सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि वाराणसी मण्डल के जिलाधिकारियों द्वारा सत्ता पक्ष के समर्थकों से प्रारूप-18 व प्रारूप-19 (बल्क में) स्वीकार किये जा रहे हैं लेकिन सपा के जिलाध्यक्ष, समर्थकों से प्रारूप-18, प्रारूप 19 बल्क में स्वीकार नहीं किये जा रहे हैं, जो कि अलोकतांत्रिक असंवैधानिक और अत्यंत आपत्तिजनक मामला है।सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा है कि सपा के सांसद वीरेन्द्र सिंह ने आयुक्त वाराणसी मंडल को ज्ञापन देकर वाराणसी मंडल के जिलाधिकारियों द्वारा एमएलसी स्नातकों के आवेदन प्रारूप-18 व शिक्षकों के आवेदन प्रारूप-19 को सपा के जिलाध्यक्षों, समर्थकों से एक साथ (बल्क में) आवेदन स्वीकार नहीं

- **सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उठायी मांग**

किये जाने के बारे में शिकायत किया है। बता दें कि स्नातक/शिक्षक एमएलसी के प्रत्येक निर्वाचन में नई मतदाता सूची बनाई जाती है और नई मतदाता सूची से ही स्नातक/शिक्षक निर्वाचन सम्पन्न होता है। स्नातक/शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए आवेदन प्रारूप-18 व प्रारूप-19 राजनीतिकों के अध्यक्ष/प्रत्याशी द्वारा जमा किये जाते रहे हैं।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने लापरवाह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने सोमवार को सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर पूरा ध्यान दें ताकि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय से पहुंचे।

मंत्री कश्यप ने कहा कि विभागीय योजनाओं में तय लक्ष्य और आवंटित धनराशि का समय से उपभोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाया जाए। साथ ही, उन्होंने बचपन केयर सेंटर्स के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वहां की खाने-पीने और देखभाल की व्यवस्था

- **योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर जोर**
- **दीपावली पर सभी मंडलों में लगेगी दिव्यांगजन उत्पादों की प्रदर्शनी, आत्मनिर्भरता को मिलेगा प्रोत्साहन**

सुव्यवस्थित हो। उन्होंने कहा कि आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर प्रदेश के सभी मंडलों में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इससे न केवल दिव्यांगजन की आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा, बल्कि उनके उत्पादों को भी बाजार में पहचान मिलेगी।बैठक में मंत्री ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जिलेवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कम्प्यूटर प्रशिक्षण (ट्रिपल सी/ओ-लेवल) के प्रशिक्षार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति पर जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी लाभार्थियों को उनकी धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में शीघ्र हस्तांतरित की जाए। उन्होंने छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, आवेदन और भुगतान प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर देरी न हो। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती करने का भी निर्देश दिया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा कि विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इन योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। मंत्री कश्यप ने कहा कि विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति उत्तरदायी और संवेदनशील रहें।

परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराना शासन की प्राथमिकता

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी.गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ प्रवर अधीनस्थ

- **मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**
- **संवेदनशील जनपदों में रखी जाये विशेष निगरानी**
- **भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई : एस.पी.गोयल**

सेवा (प्रा.) परीक्षा तथा ए.सी.एफ/आर.एफ.ओ सेवा (प्रा.) परीक्षा-2025 की तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी व्यक्तिगत निगरानी में परीक्षा केंद्रों पर आयोग के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। सभी जनपदों में परीक्षा के लिए आवश्यक अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती व प्रशिक्षण समय पर पूर्ण हो जाए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील होने चाहिए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु परीक्षा के दौरान एलआईयू और एसटीएफ की टीमें सक्रिय रहें। संवेदनशील जनपदों में विशेष निगरानी रखी जाए। प्रश्न पत्र लीक न हो और सही प्रश्न-पत्र परीक्षा केंद्र पर समय से पहुंचे, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने अथवा अनुचित साधनों प्रयोग की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए भ्रामक सूचना एवं अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के मूवमेंट के दृष्टिगत रेलवे और रोडवेज अधिकारियों को पहले से ही सतर्क कर दिया जाए। बारिश की स्थिति में भी अभ्यर्थियों को केंद्र तक पहुँचने में कोई परेशानी न हो। परीक्षा केन्द्रों पर तलाशी के लिए पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मी की तैनाती की जाए। बैठक में बताया गया कि परीक्षा आगामी 12 अक्टूबर, 2025 को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र सुबह 9.30 से 11.30 तक तथा द्वितीय सत्र 2.30 से 4.30 तक है। इसमें कुल 6,26,387 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा 75 जनपदों में कुल 1435 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसमें 248 सरकारी तथा 1187 वित्त पोषित विद्यालय हैं। सर्वाधिक परीक्षा केन्द्र प्रयागराज-67, लखनऊ-59, वाराणसी-49, मेरठ-42, गोरखपुर-41, कानपुर नगर-39, आगरा-39, मुरादाबाद-34, जौनपुर-34 व बरेली-34 बनाए गए हैं। परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाये रखने के लिए एआई आधारित अलर्ट एवं रिस्पॉन्स व्यवस्था, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं लाइव सीसीटीवी निगरानी जैसी नवीनतम तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखने हेतु सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया जाएगा। प्रवेश के समय डबल लेयर फ्रिस्किंग व्यवस्था (पुलिस एवं कार्यदायी संस्था) की जाएगी। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नोडल अधिकारी-पुलिस, आयोग के अधिकारी को समन्वयी पर्यवेक्षक तथा आयोग के कार्मिक को सहायक पर्यवेक्षक नामित किया गया है।

संक्षेप

युवक का निर्वस्त्र शव मिला

बलरामपुर। जिले के जंगल में सोमवार को एक युवक का निर्वस्त्र शव बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, अमघटी के जंगल में एक युवक का निर्वस्त्र शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान गोकुला बुजुर्ग निवासी कर्ताराम वर्मा (38) के रूप में हुई है। उतरौला के पुलिस क्षेत्राधिकारीराघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्मा रविवार की शाम अपने घर से निकला था और सोमवार को उसका शव बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के परिजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

युवक की मौत, हत्या की आशंका

प्रतागपढ़। कौशांबी के युवक की गोली लगने से हुई मौत को लेकर सोमवार को परिजनों ने हत्या की आशंका की तहरीर सौंपी है। कौशांबी जिले मंझनपुर थाना के बभनपुरा ऊनो निवासी रामअभिलाष पांडेय पुत्र भगवती प्रसाद ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो अक्तूबर को उसका भतीजा शौर्य पांडेय लालगंज कोतवाली के पूरे नोती गांव में नंदलाल तिवारी के यहां रिश्तेदारी आया था। तीन अक्तूबर की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में भतीजे को गोली लग गई। रिश्तेदारों ने घायल शौर्य को इलाज के लिए प्रयागराज के सिविल लाइन में एक अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान यहां शौर्य की मौत हो गई। पीएम के बाद परिजन शव लेकर गांव चले गए। मृतक का अंतिम संस्कार करने के बाद सोमवार को उसके चाचा लालगंज कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर केस दर्ज किया जाएगा।

मेले में खरीदारी को लेकर दिखा उत्साह

प्रतापगढ़। शरद पूर्णिमा पर लालगंज में परंपरागत मेले में भीड़ जुटी दिखी। तीन दिवसीय परंपरागत मेले का उद्घाटन चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने फीता काटकर किया। मेले में दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी किया। वहीं मेले में लगे झूलों पर बच्चों ने भी आनंद उठाया। मेले के संयोजक सुशील मिश्रा राजू ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, विपिन पांडेय, देवानंद मिश्र, अंजनी शुक्ल, निखिल शुक्ल, दुर्गेश तिवारी, राजेश तिवारी, दिनेश सिंह आदि रहे।

तीन पर दलित उत्पीड़न का केस

प्रतापगढ़। शराब खरीदने को लेकर हुए विवाद का वीडियो वायरल होने से सोमवार को लीलापुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड ? समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के साहबगंज बाजार में अंग्रेजी शराब की दुकान है। रविवार की रात दुकान पर करीब दस बजे एक बाइक पर तीन युवक पहुंचे। आरोपियों द्वारा तुलापुर मुल्तानीपुर निवासी सेल्समैन सुशील कुमार रजक से शराब खरीदने के दौरान विवाद शुरू कर दिया गया। आरोप है कि युवकों द्वारा सेल्समैन से गाली गलौज व मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखकर पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक मनोज पांडेय का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनका शांतिभंग में चालान किया गया है।

चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या

शाहजहांपुर। जिले में मरे हुए कुत्ते को हटाने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने अपने चचेरे भाई की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के बाडूजई मोहल्ले में रहने वाले प्रमोद सक्सेना (45) की रविवार देर रात उसके चचेरे भाई विवेक सक्सेना ने अवैध तमंचे से गोली मार कर हत्या कर दी। उन्होंने परिजनों के हवाले से बताया कि विवेक सक्सेना की कार से तीन दिन पहले एक कुत्ता कुचल कर मर गया था। विवेक के चाचा ने उसे वहां से हटवाने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इसके बाद परिजनों में आपस में ही मामूली कहासुनी हो गई।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने किया प्रदर्शन

बांसी सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संघ, ने गत सोमवार को बांसी नगर में शौर्य, अनुशासन और संगठन की एकता का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए भव्य पथ संचलन निकाला गया। संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में हाथों में दंड (लाठी) धारण किए हुए कतारबद्ध होकर नगर की प्रमुख सड़कों से गुजरे। उनके कदमों की एकरूपता और अनुशासित मार्च ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। पथ संचलन का शुभारंभ सोमवार शाम तिलक इंटर कॉलेज, बांसी से हुआ। जहां संघ के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज व भगवा ध्वज को वंदन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम्ह्व जैसे राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। पथ संचलन नगर के तिलक इंटर कॉलेज से शुरू होकर कस्बा स्थित एसके मैरेज हॉल होते हुए वाया रोडवेज चौराहा माधव बाबू पार्क पहुंची। पुनः वहां से रोडवेज चौराहा होते हुए तिलक इंटर कॉलेज में समापन किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों द्वारा संघ के प्रति सम्मान और उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर जिला प्रचारक अवनीश, सह जिला संचालक अशोक, जिला कार्यवाहक मोहित श्रीवास्तव, अमय पान्डेय, ओम सिंह, नगर कार्यवाहक राहुल वर्मा, ऋषि तिवारी, अंगद पाठक, सुरेंद्र श्रीवास्तव, राजेश दूबे, संतोष तिवारी, सनी जयसवाल, हर्षवर्धन, आकाश गुप्ता, विष्णु जायसवाल राजेश गुप्ता आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

सब इंस्पेक्टर ने गुमशुदा बालिका को बरामद कर किया सुपुर्द, परिजनों ने सराहा

सिद्धार्थनगर। जिले के थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर आनन्द कुमार के नेतृत्व में उनकी टीम में शामिल पुलिस कर्मियों ने सरानीय उत्कृष्ट कार्य किया है, उक्त टीम ने गुमशुदा बालिका को बरामद किया गया तथा परिजन को सुपुर्द किया गया। परिजन ने बालिका को पाकर घर के परिजनों के खुशी का ठिकाना न रहा, घर के परिजनों ने थाना कठेला समयमाता पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रंशसा किया गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति केन्द्र फेज 5.0 के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल पर्यवेक्षण में पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अभय सिंह थानाध्यक्ष थाना कठेला समय माता के नेतृत्व में 05. अक्टूबर को थानाक्षेत्र के ग्राम खड़सरी की शीला देवी पत्नी हरेंद्र द्वारा थाना स्थानीय पर एक लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया था कि उनकी लड़की कुसुम उम्र करीब 19 वर्ष जो बिना बताए घर से कहीं चली गई है काफी खोजवीन के बाद नही मिल रही है। जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर गुमशुदगी दर्ज कर जाँच की जा रही थी कि आज दिनांक 06.10.2025 को थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा हुए बालिका को बरामद किया गया है तथा गुमशुदा कुसुम को उनकी माता शीला देवी के सुपुर्द किया गया तथा माता द्वारा थाना कठेला समयमाता पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रंशसा की गयी।

पांच दिवसीय श्रीराम कथा में उमड़े श्रद्धालु

प्रतापगढ़। अमांवा के गंजेहड़ी स्थित कैपिटल पब्लिक स्कूल प्रांगण में पांच दिवसीय श्रीराम कथा में सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास श्रीधाम वृंदावन से पधारे रामज्ञात जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीराम की आराधना में सामाजिक नीति का पथ अग्रसर हुआ करता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का लोकावतार नीति व सत्य के दर्शन की अनुभूति है। कथाव्यास ने कहा कि भगवान राम की आराधना सदैव निर्मल मन से ही फलीभूत हुआ करती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि कभी भी सत्य के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य का जीवन ही धर्म की मीमांशा है। उन्होंने कहा कि श्रीराम के चरित्र में सद्भावना तथा समरसता के साथ अहंकार के विनाश की प्रेरणा सदैव हमें दिशा प्रदान करती रहेगी। उन्होंने श्रीरामचरित मानस की चौपाइयों का उदाहरण रखते हुए भगवान श्रीराम की करुणा तथा दया व भक्तों पर कृपा का भी मार्मिक वर्णन किया। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी एसपी पांडेय ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन स्वामी भानु प्रताप पांडेय ने किया। इस मौके पर डॉ. ललित पांडेय, राजकिशोर शुक्ल, रामराज शुक्ला, लालजी मिश्र, सूर्य नारायण पांडेय, उमाशंकर, संतोष त्रिपाठी, इंजीनियर सुरेश नारायण त्रिपाठी आदि रहे।

मेडिकल कॉलेज में महिला को ई-रिक्शा से बांधा

पैर खुलवाने की लगायी गुहार

सिद्धार्थनगर- एक ओर सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों को लेकर बड़े-बड़े दावे करती हैं। वहीं दूसरी ओर रविवार शाम माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज का एक वीडियो सामने आया। वीडियो में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को ई-रिक्शा पर लेटाकर रस्सी से बांधे जाने का दृश्य सामने आया है। जिससे स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन पर सवालों की बौछार शुरू हो गई है।

जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी पर तैनात गार्डों के मोटरसाइकिल में महिला ने तोड़ फोड़ दी थी। जिसको लेकर गार्ड नाराज होकर मानसिक रूप से बीमार महिला को ई-रिक्शा में बांध दिया था। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड के ठीक सामने महिला ई-रिक्शा पर लेटी हुई है। उसके पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। वह अपने पैर खुलवाने की गुहार लगा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। कई दिनों से मेडिकल कॉलेज परिसर के आसपास भटक रही थी। रविवार शाम कथित रूप से उसने कॉलेज में तैनात एक गार्ड की गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। इसी के बाद गार्ड ने उसे ह्लसबक सिखानेह्व के नाम पर ई-रिक्शा पर लिटाकर उसके पैर बांध दिए। जिससे सामाजिक संगठनों ने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया। साथ ही जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी पहले उन्हें नहीं थी। उन्होंने कहा, वीडियो की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे। यदि वीडियो की पुष्टि होती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य राजेश मोहन ने बताया कि महिला को ई-रिक्शा से बांधने के मामले में एक जांच टीम बनाया जाएगा। अगर ऐसा गार्डों द्वारा किया गया है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

विद्युत विभाग के कार्यों एवं वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न

सिद्धार्थनगर। विद्युत विभाग के कार्यो एवं वसूली की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 पिछ्ले माह के बैठक की प्रगति की समीक्षा किया गया। जिलाधिकारी ने बिलिंग के सापेक्ष वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बिल जमां करने हेतु उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करे, बड़े उपभोक्ताओ का बिल जमां कराने हेतु प्रोत्साहित करे जिससे राजस्व बढ़े। बिल जमां कराने में प्रतिमाह प्रगति ठीक आना चाहिए। इसके साथ ही 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

पर्यावरण और जीव सरंक्षण में योगदान के लिए अंबिका मिश्र सम्मानित

लखनऊ। कैण्ट स्थित वृजेश धाम में सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने पर्यावरण एवं जीव सरंक्षण तथा तकनीकी क्षेत्र में उच्च शिक्षा को लेकर एआईएमटी निदेशक अंबिका मिश्र को सरोकार 2025 सम्मान प्रदान किया। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अंबिका मिश्रा के भारतीय मेधावियों को तकनीकी ज्ञान में प्रशिक्षित करने में शैक्षिक सरोकार को मजबूती देने के प्रयासों की सराहना की। वहीं उन्होने वन प्रजातियों जीव जंतुओं के सरंक्षण में भी अंबिका मिश्र के जागरुकता भरे जन सरोकार को समाज के लिए उपयोगी ठहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश काँग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने किया। विधायक आराधना मिश्रा ने अपने पति एवं निदेशक अंबिका के सामाजिक, शैक्षिक व जैविक मिशन में सहभागिता का संकल्प जताया। कार्यक्रम का संचालन आल इंण्डिया रुरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने किया। स्वागत विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र व आभार प्रदर्शन सांसद प्रमोद के निजी सचिव अरुण पांण्डेय ने किया। आयोजन में डा० मालविका, रोहित शुक्ल, शैलेन्द्र तिवारी, डीएस तिवारी, नंदजा मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

छात्रा सृष्टि बनी एक दिन की अधीक्षक

मिशन शक्ति के तहत मिला नेतृत्व का अवसर

श्रावस्ती। उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिलौला में एक प्रेरणादायक पहल की गई। महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की भावना को सशक्त करते हुए नीलम बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, गिलौला की कक्षा 10 की मेधावी छात्रा सृष्टि शुक्ला को एक दिन का अधीक्षक बनाया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत सृष्टि शुक्ला ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कई रचनात्मक सुझाव दिए। उन्होंने तीन प्रमुख विषयों पर विशेष बल दिया स्वच्छता एवं साफ-सफाईः अस्पताल परिसर की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सृष्टि ने कहा कि रोगियों और स्टाफ दोनों के लिए स्वच्छ वातावरण अत्यंत आवश्यक है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्यः संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने पर बल दिया। नियमित टीकाकरणः बच्चों को रोगमुक्त रखने हेतु टीकाकरण कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएचसी गिलौला के अधीक्षक डॉ. दीपक शुक्ला ने सृष्टि द्वारा दिए गए सुझावों की सराहना करते हुए उन्हें अमल में लाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव, एआरओ सुरेश यादव, डीएमएचसी आरती सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। यह पहल मिशन शक्ति के उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वक्षम बनाना को साकार करती है और जिले की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

किसान मखाना खेती प्रशिक्षण के लिए रवाना

सिद्धार्थनगर। किसानों के एक दल को मखाना खेती के प्रशिक्षण के लिए सोमवार को रवाना किया गया। केंद्र की 'सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन वर्ष 2025-26 (आत्मा)' योजना के तहत ये किसान बिहार के दरभंगा स्थित राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने कलेक्ट्रेट परिसर से दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण किसानों के जीवन स्तर में सुधार लाएंगे। डीएम ने बताया कि मखाना की खेती किसानों के लिए आय का नया स्रोत बन सकती है। यह जनपद में बार-बार आने वाली बाढ़ की स्थिति में भी लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि मखाना की खेती में कम निवेश पर अधिक लाभ के अवसर हैं। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। डॉ. गणपति ने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षित किसान अपने ज्ञान को अन्य किसानों के साथ साझा कर मखाना खेती को लोकप्रिय बनाने में मदद करेंगे। उप कृषि निदेशक राजेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सरकार किसानों को नई तकनीक और खेती के उन्नत तरीकों से अवगत कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि मखाना की खेती में वैज्ञानिक विधियों का उपयोग कर उत्पादन और गुणवत्ता दोनों बढ़ाई जा सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल ने किसानों को प्रशिक्षण के दौरान मखाना की रोपाई, जल प्रबंधन, पोषण, कीट एवं रोग नियंत्रण और विपणन से संबंधित विस्तृत जानकारी दिए जाने की बात कही। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने और अपने गांवों में मखाना की खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने दोहराया कि मखाना की खेती जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी, क्योंकि इसे जलभराव वाले इलाकों में आसानी से उगाया जा सकता है।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ श्री राम का राजतिलक

बाराबंकी। श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष आयोजित कराई जाने वाली ऐतिहासिक रामलीला के तहत देर रात्रि प्रभु श्री राम के राजतिलक एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभु श्री राम के अयोध्या वापस आने पर आचार्य प्रमोद पाठक ने बतौर गुरु वशिष्ठ उनका राजतिलक संपन्न कराया। इस दौरान देवताओं ने प्रभु दरबार पर पुष्प वर्षा की। पंडित प्रमोद पाठक ने रामचरितमानस की सुमधुर चैपाइयों से पूरे वातावरण में राम रस घोल दिया। भजन संध्या मे सुप्रसिद्ध भजन गायक रामकुमार लक्खा ने मेरी झोपडी के भाग्य आज खुल जायेंगे गीत को नव अवतार के रूप में व राम जानकी बैठे है मेरे सीने में पेश किया। जिस पर भक्त नाचने पर मजबूर हुये। समिति महामंत्री शिवकुमार वर्मा ने बताया प्रभु श्री राम के राजतिलक के साथ ही इस वर्ष की रामलीला का सफल समापन हो गया। इस बार राजतिलक का कार्यक्रम अन्नत सर्राफ, राजेंद्र सोनी, पामेश रस्तोगी, पुरुषोत्तम टंडन, भूपेश सोनी, शोभित गुप्ता के सौजन्य से कराया गया। इस दौरान समिति प्रबंधन रामलखन, संतोष सिंह, अनिल अग्रवाल, विनोद गाबा, मीड़िया प्रभारी नितेश मिश्रा, राजेश गुप्ता कृष्णा, राजू पटेल, सुधीर जैन, अंकित गुप्ता गोलू, प्रशांत सिंह, रमेश निगम, राकेश वर्मा, अमर सिंह, सुशील गुप्ता, मुन्ना सोनी, सौरभ, आर्यन, आकाश, राजेश मौर्या मौजूद रहे।

जनता दर्शन में सुनी जन समस्याएं

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान नागरिकों द्वारा विभिन्न शिकायतें प्रस्तुत की गईं। जनसुनवाई के दौरान कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 04 भूमि विवाद, 10 मारपीट तथा 06 अन्य विषयों से संबंधित थे। प्रत्येक प्रकरण पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान थाना गिलौला की एक शिकायत में वादिनी ने बताया कि गणेश निवासी शाहपुर बरा द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से 7 वर्षीय बालिका घायल हो गई। साथ ही, विरोध करने पर वादिनी के साथ मारपीट एवं धमकी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अखिलेश निवासी भलुहिया दाखिला जोगिया ने शिकायत की कि उन्होंने शिवम ऑटो सेल्स से मोटर साइकिल खरीदने के बावजूद वैध रसीद नहीं प्राप्त हुई। इस पर पुलिस अधीक्षक ने शिवम ऑटो सेल्स के संचालक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए।

मिशन शक्ति के तहत छात्रा बनी प्रोबेशन अधिकारी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत आज जनपद श्रावस्ती में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भिनगा की कक्षा 12 कला वर्ग की छात्रा लक्ष्मी मिश्रा को एक दिन की जिला प्रोबेशन अधिकारी बनाया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी मो0 मुमताज ने छात्रा लक्ष्मी को प्रशासनिक कार्यप्रणाली, विभागीय योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं प्रशासनिक समझ विकसित करना था। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका तथा हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आज रहेगा अवकाश



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2025 के लिए घोषित सार्वजनिक अवकाशों में प्रस्तर-2 (।।) निर्बन्धित अवकाशों की सूची के क्रमांक 25 पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 (मंगलवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया था। उक्त के क्रम में शासन के नवीन निदेर्शानुसार दिनांक 04 अक्टूबर, 2025 को निर्णय लिया गया है कि महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 (मंगलवार) को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के उपर्युक्त निर्णय के अनुपालन में जनपद श्रावस्ती के समस्त शासकीय कार्यालयों, राजकीय एवं सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों तथा निगम/स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्यालयों में 07 अक्टूबर, 2025 को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

बाराबंकी। गांधी भवन में गांधी जयन्ती सप्ताह के छठे दिन निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न स्कूलों के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व सांसद डॉ0 पी0एल पुनिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वः बेनी प्रसाद वर्मा की पुत्रवधू सुधा रानी वर्मा, नगर पालिका अध्यक्षा शीला सिंह वर्मा ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने कहा कि भारत का वास्तविक विकास गांधी जी के पदचिन्हों पर चलकर ही किया जा सकता है। पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने सभी प्रतिभागी बच्चों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम मे ट्रस्ट संस्थापक राजनाथ शर्मा ने समाज में सतत सामाजिक भागीदारी के लिए डॉ0 पुनिया को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, सुधा रानी वर्मा को अरूणा आसफ अली नारी शक्ति अवार्ड, शीला सिंह वर्मा को महात्मा गांधी जनसेवा अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर सिटी इण्टर कालेज प्रधानाचार्य वी0पी सिंह, सरिता शर्मा, राधामणि शर्मा, सुनीता देवी, शिव शंकर शुक्ला, हुमायूं नईम खान, विजय कुमार सिंह, सभासद मोहम्मद फैसल, शिवा शर्मा, सत्यवान वर्मा, अदिति शर्मा, पल्लवी वर्मा, नीरज दूबे आदि मौजूद रहे।

तीरंदाजी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

बाराबंकी। बालाजी किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स परिसर मे 8वीं उत्तर प्रदेश राज्य इंडोर फील्ड तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह व विशिष्ट अतिथि इंडोर फील्ड तीरंदाजी एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा किसाना मोर्चा प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता से पूर्व इंडोर फील्ड तीरंदाजी एसोसिएशन महासचिव निधि जैन ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को बूके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि एमएलसी श्री सिंह ने प्रतिभागियों और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। तथा प्रदेश मे तीरंदाजी के खेल को बढ़ावा देने में चैंपियनशिप के योगदान पर विशेष जोर दिया। विशिष्ट अतिथि श्री द्विवेदी ने कहा कि टीम वर्क, सटीकता और खेल में उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला है।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग

निविदा सूचना सं. 46/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्रं. सं. 1 कार्य का विवरण:** 1.इज्जतनगर डिवीजन में राया–सोनाई अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए डब्ल्यू–बीम टाइप की मेटल की फेन्सिग लगाने का कार्य। 2. इज्जतनगर डिवीजन में हाथरस सिटी–मुरसान अनुभाग के मध्य ट्रैक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिए डब्ल्यू–बीम टाइप की मेटल की फेन्सिंग लगाने का कार्य। **अनुमानित लागत रूपयो में:** 11,17,69,390.38 **बयाना राशि रूपयों में:** 7,08,900/– निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्रं. सं. 2 कार्य का विवरण:** इज्जतनगर मंडल के कानपुर अनवरगंज–मथुरा अनुभाग में थ्रू टर्नआउट रीन्यूवल का कार्य = 93 सेट्स (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत कानपुर अनवरगंज–मथुरा अनुभाग में टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएम एससी)-93 सेट्स(1:12=91 सेट्स एवं 1:8.5= 2 सेट्स)) **अनुमानित लागत रूपयो में:** 13,08,32,163.77 **बयाना राशि रूपयों में:** 8,04,200/– निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। 1. ई–निविदा दिनांक 29.10.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in. पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)
इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू–283

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

संक्षेप

गैस सिलेंडर फटा कमरे का पूरा सामान जल कर राख

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बरगदवा में गैस सिलेन्डर फट जाने से आग लग गयी। जिससे कमरे में रखा पूरा सामान जल कर राख हो गया। 112 नं० की सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस अगल बगल के लोगो के सहयोग से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। सिद्धार्थ नगर जिले के रहने वाले बालाजी भट्ट अपने परिवार के साथ बरगदवा में किराए का कमरा लेकर रहते है। रविवार की शाम घर में रसोई गैस खत्म होने के बाद नया लगा रहे थे और ज्योंही नया सिलेंडर लगाकर चूल्हा जलाने का प्रयास किया तो सिलेंडर में आग पकड़ लिया। और कुछ ही देर में सिलेंडर विस्फोट कर फट गया जिससे पूरे कमरे में आग पकड़ लिया। कुछ ही देर में कमरे में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। वो तो गनीमत रहा कि बगल के कमरें आग पकड़ने से पहले उस पर काबू पाया जा चुका था।

समाज व राष्ट्र का विकास नारी शक्ति के बिना अधूरा : कुलपति

- शिक्षा से ही नारी सशक्तिकरण को मिलेगा बल : कुलपति

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मिशन शक्ति-5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा विषय पर एक

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ शोधपीठ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने की।और कहा कि समाज और राष्ट्र का उत्थान नारी शक्ति के बिना अधूरा है। देश का तभी विकसित होगा जब नारी का विकास होगा। कुलपति प्रो. टंडन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही एकमात्र माध्यम है जो आपको सशक्त बना सकती है, इसलिए शिक्षा को अपना सबसे बड़ा अस्त्र बनाएं। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया, नशा और नशीले पदार्थों से दूरी बनाने का आग्रह किया। प्रो. टंडन ने कहा कि सिर्फ बेटियों को नहीं, बेटों को भी समान रूप से जागरूक बनाना आज के समय की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि लक्ष्मी निवास मिश्रा, आई.पी.एस., एस.पी. रेलवे, गोरखपुर ने कहा कि महिलाओं को सोशल मीडिया का न्यूनतम उपयोग करना चाहिए क्योंकि लगभग 90 प्रतिशत मामलों की जड़ सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग है। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला हेल्प डेस्क और महिला रिपोर्टिंग चौकी जैसी सुविधाएँ शुरू की गई हैं, जिससे महिलाओं को त्वरित सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बिना महिला हेल्प डेस्क के कोई एफ.आई.आर. या शिकायत दर्ज नहीं की जा सकती, जो महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाता है। नोडल अधिकारी प्रो. (मेजर) विनीता पाठक ने मिशन शक्ति अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत/2047 के संकल्प और उनके नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति के मंत्र को साकार करने मे उत्तर प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे प्रदेश मे महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बना कर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित उपाध्याय द्वारा अत्यंत कुशलता एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम के सदस्य डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी, डॉ. मीतू सिंह, डॉ. आशीष शुक्ला, डॉ. पूर्णिमा मिश्रा, मोहम्मद कुरैश खान, डॉ. सारिका गुप्ता, डॉ. दीपा तथा डॉ. मनीष पांडेय की उपस्थिति रही। सभी वक्ताओं ने महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डाला तथा समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया।

हंगामे के बीच सम्पन्न हुई क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक

पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक काफी हंगामे और बहस के बीच सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जहां विभिन्न वार्डों से आए क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव रखे, वहीं कुछ सदस्यों ने बैठकों के आयोजन की अनियमितता पर भी सवाल उठाए। वार्ड संख्या 50 के क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित सिंह ने बैठक में सवाल किया कि जब शासन की ओर से वर्ष में छह बैठकें आयोजित करने का निर्देश है, तो पिपरौली ब्लॉक में हर साल केवल एक या दो बैठकें ही क्यों की जाती हैं?ᵻ इस पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार अधिकतम छह और न्यूनतम दो बैठकें आयोजित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि ह्यदि क्षेत्र पंचायत के सदस्य चाहें तो आवश्यकता अनुसार और बैठकें भी कराई जा सकती हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 77 रामपुर मलौली के क्षेत्र पंचायत सदस्य अजमल ने अपने क्षेत्र में मच्छरों के आतंक और फॉगिंग न होने की शिकायत की। उन्होंने कहा कि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग परेशान हैं, परंतु विभाग की ओर से छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। इस पर ब्लॉक प्रमुख ने समस्या के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में विकास कार्यों, योजनाओं के क्रियान्वयन, जल निकासी, सड़क निर्माण, पशुपालन एवं शिक्षा से संबंधित विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कई सदस्यों ने ग्राम पंचायतों में लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। बैठक का संचालन एडीओ (आईएसबी) संजय कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर बीडीओ राकेश कुमार शुक्ला, एडीओ पंचायत अरविंद कुमार सिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, एडीओ (ए.जी.) शिव प्रसाद मौर्य, बीडीसी सतपाल सिंह, रविकांत, संतोष, चून्ने, विनोद पांडेय सहित क्षेत्र पंचायत के अनेक सदस्य मौजूद रहे। अंत में ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि ह्वविकास कार्य तभी संभव हैं जब सभी सदस्य सहयोगी भावना से कार्य करें और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता रखी जाए।ह्व बैठक का समापन विकास कार्यों की प्रगति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशों के साथ किया गया।

एआईएमआईएम ने उठाई राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

इटावा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन एआईएमआईएम इटावा ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते धार्मिक उन्माद, बुलडोजर कार्रवाई और मुस्लिम समाज पर हो रहे अत्याचारों को लेकर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। एआईएमआईएम उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, संवैधानिक और पंथनिरपेक्ष गणराज्य है, जहां प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है। किंतु वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश में धर्म के नाम पर नफरत और उन्माद का माहौल बनाया जा रहा है। एआईएमआईएम ने बरेली की 26 सितंबर की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासन ने हिंसा रोकने के नाम पर मुस्लिम समाज के निर्दोष लोगों, महिलाओं और नाबालिगों पर बर्बर कार्रवाई की। पार्टी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया बयान को असंवैधानिक और अमर्यादित बताते हुए उसकी भी निंदा की। ज्ञापन देने वालों में जिलाउपाध्यक्ष एहसान खान, जिलासचिव शरीफ खान, मीडिया प्रभारी मोहम्मद शावेज, मुकारम, अनीस अली, फ्राज अली, मोहम्मद अलीम, मोहम्मद आसिफ फारुकी, रोहन, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद फैज, अदनान खान, अदनान अली, अयान, अली रहमान, मोहम्मद नईम, नूर मोहम्मद सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

राजीव यादव के साथ होगा न्याय : हरिकिशोर तिवारी

इटावा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष इंजी हरिकिशोर तिवारी जिले की कार्यकारिणी एवं पेंशनर जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्र तथा परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्र कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह के साथ नगर पालिका के मृतक कर्मचारी नेता राजीव यादव के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुँचे वहाँ उनके पुत्र और परिवारीजनों को ढाढ़स बँधाया और स्व. राजीव यादव के मृत्यु के कारण की पुत्र सिद्धार्थ से जानकारी प्राप्त की उनके पुत्र ने उक्त प्रकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी प्रदेश अध्यक्ष ने पत्रावली का अवलोकन कर बताया कि राजीव यादव दोषी नहीं थे उसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा ससमय सही निर्णय न लेना राजीव जी की मृत्यु का कारण बना। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस प्रकरण को मुख्य सचिव प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक पुलिस प्रशासन के सज्ञान में लाकर न्याय दिलान का कार्य करेगे उन्होंने जिलाध्यक्ष राजेश मिश्र को निर्देशित किया कि जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर उनके परिवार को न्याय दिलाने देयको का भुगतान तथा उनके पुत्र को नौकरी दिलाने हेतु यथा आवश्यक कार्यवाही करे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट की अंकपत्र परीक्षा वर्ष-2022, जिसका अनुक्रमांक -2226362143 है, जो वास्तव में कहीं खो गयी है। शुभी सिंह पुत्री हरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी- ग्राम व पोस्ट -राईबीगो, तहसील- कादीपुर, जनपद- सुलतानपुर

बेदखली सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र मानसिंह व बहू नीलम को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। शिव विशाल पुत्र स्व. रामखेलावन, निवासी-ग्राम मीरनगर, पोस्ट वतिया, थाना फतेहपुर, बाराबंकी।

न्यायालय सूचना

सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन 1908)
अदालत श्रीमान सी.जे.सी.डी. महोदय खीरी
मुकदमा नं.- 207 सन् 2021
ता. पेशी - 28.10.2025

रामेश्वर प्रसाद उर्फ रामेश्वर दयाल ....आदि
बनाम
योगेन्द्र कुमार .... प्रतिवादी

1- योगेन्द्र कुमार पुत्र सत्यदेव नि.- बाबागंज पर. हैदराबाद तहसील गोला जिला खीरी।

वाजेह हो कि उपरीनामांकित ने आपके नाम एक नालिश बावत .... की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख 28 माह 10 सन 2025 ई बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा से हालात से वाकिफ किया गया हो और छुक अमूर, अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर हूजिये और जवाबदेही दावा की कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 04 माह 10 सन 2025 ई. को जारी किया गया।

न्यायालय

वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ा धर्म

गगहा/मझगांवा,गोरखपुर। गरीब, असहाय, वृद्ध विधवा की सेवा सबसे बड़ी सेवा के साथ धर्म भी है। ऐसे लोगों की सेवा बेकार नहीं जाती है। एक ओर पुण्य आत्मा को शांति मिलती है, वहीं दूसरी ओर वृद्धो का आशीर्वाद मिलता है। यह बातें ग्रामसभा टेकुआमाधो में पूर्व प्रधानाचार्या स्व० शीला सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित साड़ी सह मिष्ठान वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक चौरीचौरा ई० सरवन निषाद ने कही ' उन्होंने कहा कि आज स्व० शीला सिंह की पुण्यतिथि में साड़ी वितरण कर सरवन सिंह व अवधेश सिंह का परिवार ने सराहनीय काम किया । इससे पूर्व मुख्यअतिथि व विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बांसगांव शिवाजी सिंह , वेद प्रकाश शाही पप्पू, छात्रनेता सचिन शाही आदि ने स्व० शीला सिंह की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। गांव के करीब 250 गरीबों के बीच साड़ी का वितरण किया गया । इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान हलचल सिंह ने कहा कि साड़ी वितरण का कार्य हर वर्ष किया जाता है और सदैव मेरे पूरे परिवार द्वारा किया जाता है। वही ब्लॉक प्रमुख बांसगांव प्रतिनिधि शिवाजी सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है।इससे मन को शांति मिलती है । स्व० शीला सिंह के जेष्ठ पुत्र समाजसेवी वेदरत्न सिंह भोला ने कहा कि बेसहारो की मदद की जाय तो इससे बड़ा कोई धर्म नही । इस अवसर पर अतुल रंजन सिंह, आलोक रंजन सिंह, शैलेश सिंह, अवनीश सिंह लल्ला, राजवीर सिंह, रघुवीर सिंह, उदयवीर सिंह आदि मौजूद थे ।

मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित

उरूवां, गोरखपुर। उरुवा ब्लाक के कुशलदेईया स्थित पीएच इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पर सोमवार को मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन। कार्यक्रम में उरुवा थाने के पुलिस स्टाफ विद्यालय

प्रबंधन समिति के साथ कक्षा 6 से 12 के सभी छात्राओं के साथ गोष्ठी की और बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। बैठक में महिला शिक्षिकाएं भी शामिल रही। थानाध्यक्ष श्याम देव चौधरी ने बताया कि किसी भी विकट परिस्थिति में हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने से या बेझिझक थाने पर आकर कंप्लेंट कर सकते है और थानाध्यक्ष ने छात्राओं और शिक्षिकाओं के साथ महिला सशक्तिकरण पर चर्चा कर उनके साहस को बढ़ावा दिया। स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार उमर वैश्य ने पुलिस स्टाप का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य विनय त्रिपाठी ने बच्चों को सभी हेल्पलाइन नंबर याद करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सर्वदानंद दुर्गेश सीमा अनामिका पूजा संजय सालेहा प्रिया सलिल विशाल किसन निधि सदफ सहित शिक्षक शिक्षाएं आदि मौजूद रहे।

बीसीसी हाइटस सोसाइटी का चुनाव सम्पन्न, अध्यक्ष पर निर्वाचित हुई किरन सिंह

बाराबंकी। बी0सी0सी हाइटस सोसाइटी का चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी अवधेश कुमार पाठक की देख-रेख मे सम्पन्न हुआ। जिसमे तेज तर्रार महिला किरन सिंह को अध्यक्ष पद पर जीत का ताज हासिल हुआ। 123 सदस्यो की सोसाइटी मे 105 सदस्यो ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर किरण सिंह को 54 मत प्राप्त हुये। तो वही उनके प्रतिद्वद्वी अखिलेश त्रिपाठी को 49 मत हासिल हुये। मूल रुप से बलिया की निवासिनी श्रीमती सिंह बैंक कर्मी भी है। और अब सोसाइटी के दायित्वो का भी निर्वहन करेगी। श्रीमती सिंह के पति कुनालश्री निर्माण से सम्बधित कार्य करते है। सोसाइटी का चुनाव रविवार को सम्पन्न हुआ। 2 पदो के लिये चुनाव प्रक्रिया आंमत्रित की गई थी। जबकि अन्य पदो पर निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद पर किरन सिंह और अखिलेश त्रिपाठी, जबकि महासचिव प्रथम पद पर धमेन्द्र प्रताप सिंह और खालिद अनवर के बीच मुकाबला हुआ। अध्यक्ष पद पर श्रीमती सिंह ने विजयी होने के बाद वरिष्ठ सदस्यो का आभार व्यक्त करते हुये नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियो को भी बधाई दी है।

गोरखपुर में 41 केंद्रों पर 19224 परीक्षार्थी होंगे पीसीएस प्री परीक्षा में शामिल

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा जिले के 41 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। जिले में 19224 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। गोरखपुर से वीडियो कांफ्रेंसिंग में मौजूद कमिश्नर अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक कुमार मीणा, एसएसपी राजकरन नैय्यर, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह ने परीक्षा की तैयारी के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गोरखपुर में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुल 19 हजार 224 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि परीक्षा सकुशल संपन्न हो। किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। परीक्षार्थियों को कोई दिक्कत न होने पाए। यह परीक्षा 12 अक्टूबर को कराई जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षा के दौरान राहगीरों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। हर अभ्यर्थी दोनों पालियों की परीक्षा में शामिल होगा। यानी सुबह से लेकर शाम तक सारे अभ्यर्थी शहर में रहेंगे। मुख्य सचिव को बताया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। 41 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी भी लगाई गई है। इसके साथ की पुलिस कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई जाएगी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए टीआई, टीएसआई, ट्रैफिक जवान लगाए जाएंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक उसकी विद्यालय के होंगे जबकि 0 प्रतिशत दूसरे विद्यालय के होंगे।

बाइक न देने पर युवक को गोली मारी

दबंगों ने की फायरिंग, गंभीर हालत में सैफई रेफर

इटावा। शहर के बीचोंबीच रानीबाग इलाके में सोमवार की शाम उस वक्त हड़कंप मच गया। जब कुछ नामजद दबंगों ने एक युवक पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया। फॉरेंसिक टीम ने अस्पताल पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए, जबकि थाना कोतवाली पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है।

होमगंज निवासी माधव गुप्ता (27) पुत्र राजेश गुप्ता सोमवार शाम अपने घर के पास बैठा था। तभी चार से पांच लोग हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे और माधव पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से युवक लहूलुहान होकर गिर पड़ा। परिजन और स्थानीय लोग उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल युवक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि नामजद आरोपियों ने बीते रविवार को उसकी अपाचे बाइक मांगी थी। उसने बाइक देने से मना कर दिया, क्योंकि वे सभी अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं। इसी बात से नाराज होकर सोमवार शाम को वे लोग तमंचा और पिस्टल लेकर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

घायल के भाई कन्हैया गुप्ता ने बताया कि कुछ दबंग युवक लंबे समय से उनके भाई पर दबाव बना रहे थे। बाइक न देने की रंजिश में इन लोगों ने आज उसके ऊपर चार राउंड फायरिंग की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि युवक को पुलिस घायल अवस्था में लेकर आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया है। एक्स-रे रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक को कितनी गोलियां लगी हैं। क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी तथ्य समाने आएंगे उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

चलती आम्रपाली एक्सप्रेस में महिला ने बेटी को जन्म दिया

इटावा। पंजाब से आ रही आम्रपाली एक्सप्रेस में सफर कर रही एक गर्भवती महिला ने चलती ट्रेन में ही बेटी को जन्म दिया। सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल एक्टिव हुआ और ट्रेन को इटावा जंक्शन पर रोककर महिला व नवजात को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया गया। मां और बच्ची दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। गाड़ी संख्या 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस, जो अमृतसर से कटिहार जा रही थी, उसके जनरल कोच में चित्रकूट जनपद के मानिकपुर कस्बे के करका पड़रिया गांव निवासी विमला (32 वर्ष) पत्नी बादल अपनी सास सुनीता देवी के साथ सफर कर रही थी। रात करीब साढ़े दस बजे ट्रेन टूंडला स्टेशन पार कर चुकी थी, तभी विमला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। घबराई सास ने यात्रियों की मदद से रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसी बीच प्रसव पीड़ा बढ़ गई और ट्रेन इटावा पहुंचने से पहले ही विमला ने बेटी को जन्म दे दिया। रात 10 बजकर 28 मिनट पर जब ट्रेन इटावा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंची, तो कंट्रोल की सूचना पर डिप्टी स्टेशन सुपरिटेंडेंट, सीटी श्याम सिंह, टीटीई अजय कुमार, प्वाइंट मैन अरमान अली एवं महिला आरपीएफ कांस्टेबल मौके पर पहुंचे।

कार्यालय ग्राम पंचायत चहमलपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 06.10.2025

अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत **चहमलपुर** के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 13.10.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा						
		प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा	इण्टरलाकिंग टायल्स	टीन	गिट्टी	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	रामलखन के घर से संजय के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य।	6856 नग	1.22 घन मी.	9303 नग	-	1.22 घन मी.	69 बैग	4.71 घन मी.
2	जुम्मन पुत्र सिरदार का पुश आश्रय निर्माण कार्य।	6544 नग	3.17 घन मी.	-	2 कुं.	2.26 घन मी.	36 बैग	5.02 घन मी.
3	संजय पुत्र उमादत्त का पुश आश्रय निर्माण कार्य।	6544 नग	3.17 घन मी.	-	2 कुं.	2.26 घन मी.	36 बैग	5.02 घन मी.

नियम शर्ते

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत चहमलपुर के कार्यालय में 07.10.2025 से दिनांक 13.10.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत चहमलपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 07.10.2025 से दिनांक 13.10.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत चहमलपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.10.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

सहेली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चहमलपुर
ग्राम पंचायत चहमलपुर

पंकज कुमार
ग्रा.वि. अधिकारी
विकास खण्ड धौरहरा
विकास खण्ड धौरहरा

एआरटीओ, टीआई व मेडिकल छात्राओं ने चलाया अभियान

- एआरटीओ ने बिना फिटनेस व परमिट शर्तों का उल्लंघन मिलने पर किया 1 अनाधिकृत बस सीज, दर्जनों चालान

बाराबंकी। जनपद में मिशन शक्ति के अंतर्गत परिवहन, यातायात विभाग एवं नन्दलाल प्रभुदेवी इंस्टीट्यूट की मेडिकल छात्राओं ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढ़ाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी किये गये।

आज सोमवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन-प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, यातायात प्रभारी रामयतन यादव की टीम ने जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने बिना फिटनेस व परमिट शर्तों का उल्लंघन मिलने पर 1 अनाधिकृत बस यूपी 42 बीटी 8168 को सीज किया। तथा अन्य अभियोगो में दर्जनों चालान किये। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट एवं सीटबेल्ट के वाहन चलाते मिलने पर मेडिकल छात्राओं ने रोड सेफ्टी नियमों की जानकारी देते हुए चालकों को जागरूक किया। एआरटीओ ने बताया कि यह अभियान प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें समाज में अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करना है। जिसको लेकर आज मेडिकल की छात्राओं के साथ अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया तथा प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने 1 अनाधिकृत बस, 1 प्राइवेट का कमर्शियल उपयोग एंव 2 ओवरलोड़ मिलने पर थाना मोहम्मदपुर चैकी मे निरुद्ध किया।

युवक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

चकरनगर, इटावा। चकरनगर थाना क्षेत्र में 22 सितंबर को दो बाइकों की भिड़ंत में एमपी का एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया।

एमपी के ऊमरी कस्बा निवासी रामू अपने भांजे निखिल यादव व मित्र शैलेंद्र सिंह के साथ गनियावर बगिया से पहले बाइक को साइड में खडी कर बात करने लगे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार दूसरी बाइक संख्या एमपी 06 एमजेड 4074 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से सभी को एबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर भेजा गया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 24 सितंबर को रामू की मौत हो गई थी।

अध्यापकों ने निकाली जागरूकता रैली, स्वास्थ्य के लिए दिया संदेश

सैफई, इटावा। स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारतीय खेल प्राधिकरण, प्रशिक्षण केंद्र सैफई के तहत रविवार को एक विशेष साइकिल रैली आयोजित की गई। यह रैली फिट इंडिया अभियान का हिस्सा थी और इसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों के 60 अध्यापकों ने भाग लिया। रैली की शुरूआत मास्टर चंदगीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम से हुई। इसके बाद रैली पंचायत कार्यालय, किसान बाजार, अस्पताल चैराहा, सब्जी मंडी, सैफई गांव, अमरीशपुर और मेडिकल कॉलेज होते हुए वापस स्टेडियम पहुंची। मार्ग के दौरान भाग लेने वालों ने न केवल साइकिल चलाकर खुद को फिट रहने का उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। मुख्य अतिथि एसएस. मेमोरियल स्कूल के प्रधानाचार्य एसएन यादव ने रैली का उद्घाटन करते हुए कहा कि फिटनेस सिर्फ व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के स्वास्थ्य और उत्पादकता के लिए जरूरी है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी दिनचर्या में व्यायाम और स्वस्थ आदतों को शामिल करें। रैली में भाग लेने वाले अध्यापकों ने शहर में फिटनेस के संदेश को हाथों में बैनर लेकर जनता तक पहुंचाया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाई जा रही है, ताकि फिट इंडिया अभियान का संदेश हर घर तक पहुंचे।

संक्षेप

अधेड़ की संदिग्ध अवस्था में मौत

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में पुलिस चौकी के पास एक मकान में अकेले रह रहे एक अधेड़ की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई घर से बदबू फैलने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी गई परिवार के दूरराज के लोगों ने गुपचुप तरीके से उसका अंतिम संस्कार कर दिया जिसकी चर्चा जोरों से फैल गई है। पुलिस के अनुसार चौकी के समीप एक मकान में नंदू गुप्ता 50 वर्षीय अकेले रहते थे। अचानक उनकी मौत हो गई जिसकी जानकारी न मिलने पर कई दिन पुराना शव हो जाने से दुर्गंध देने लगा जिसके चलते लोगों को शक हुआ और पुलिस को जानकारी दी घटना की भनक लगते ही दूर दराज पारिवारिक लोगों ने मौके पर पहुंचकर गुपचुप तरीके से उसका अंतिम संस्कार कर दिया है मृतक अपने पीछे तमाम कीमती संपत्ति छोड़ गया है। जिसको लेकर चर्चा का बाजार गर्म हो गया है।

रावण के जलने पर जय श्री राम के उद्घोष से गूंजा पांडाल

मोहम्मदी खीरी। कस्बा की मेला मैदान पर सोमवार को मेला श्री रामलीला में भगवान राम लक्ष्मण हनुमान जी की लीला के दौरान रावण वध का मंचन किया गया जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए जय श्री राम के जयकारे लगाने लगे थे। सोमवार को लीला मंचन श्री राम द्वारा पहले कुंभकरण का वध किया गया फिर राम और रावण का युद्ध का मंचन के दौरान एक और राम और दूसरी और रावण का विराट रूप के साथ शौर्य का प्रदर्शन हुआ वहीं श्री राम की मयार्दा, धर्म और शक्ति का संदेश के संगम का दृश्य देखा गया राम के एक बाण से रावण का वध हो गया जिससे दर्शक गण जय श्री राम का उद्घोष गूंज उठा विशाल रावण के पुतले का दहन किया गया जिसमें भव्य आतिशबाजी का नजारा देख कर लोग आश्चर्यचकित रह गए। रावण वध दृश्य को देखने को लेकर पड़ोस पड़ोस के गांव से भारी मात्रा में बच्चे महिलाएं और पुरुषों के आने पर महिला मैदान खचाखच भर गया था। वहीं सुरक्षा को लेकर सीओ और निरीक्षक पुलिस बल के साथ अंतिम दृश्य तक डटे रहे।

धर्म परिवर्तन कराने में तीन गिरफ्तार

जौनपुर। थाना बक्सा पुलिस द्वारा धर्म परिवर्तन कराने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना बक्सा में पंजीकृत पंजीकृत धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्तगण सुनील कुमार पुत्र श्यामलाल, . श्यामलाल पुत्र रामदेव, . राजकुमार पुत्र बल्लू नि.गण लखौंवा थाना बक्शा, को ग्राम बसारतपुर से गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से धार्मिक प्रचार सम्बन्धी किताबे व पम्पलेट बरामद किया गया है।

पीएमएस पोर्टल लागू करने का विरोध

जौनपुर। बीज व्यापारी सेवा समिति ने जिलाधिकारी कार्यालय में उपस्थित हो कर सारथी एवं आई पीएमएस पोर्टल को लागू करने के विरोध में एडीएम को ज्ञापन सौंपकर पोर्टल से जुड़ी समस्या से अवगत कराया गया। ज्ञापन देने वालों में अनिल मौर्य अध्यक्ष, शत्रुघन मौर्य संरक्षक, राममूरत मिश्रा संरक्षक, दिनेश कुमार मौर्य महामंत्री, कृपाल मौर्य कोषाध्यक्ष, संतराज यादव संरक्षक, अजय कुमार, मनीष मौर्य केराकत, सुजीत कुमार, छेदीलाल मौर्य, राहुल, राम आसरे मौर्य, विनोद कुमार, अमरभुवन मौर्य, राजन मौर्य, मदन कुमार, मोनू, सुरेन्द्र कुमार मौर्य, महेंद्र मौर्य, रमेश मौर्य आदि सदस्य उपस्थित रहे।

24 केंद्रों पर होगी पीसीएस-एसीएफ, आरएफओ की प्री परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। आगामी 12 अक्तूबर को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य व प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा०) परीक्षा एवं एसीएफ व आरएफओ (प्रा०) परीक्षा के सुचारु संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा जिले के 24 केंद्रों पर दो पालियों में (सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक) आयोजित होगी, जिसमें 10,080 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के साथ परीक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व सह-व्यवस्थापक मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसमें किसी भी स्तर पर की गई छोटी से छोटी चूक भी अक्षम्य मानी जाएगी। डीएम ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्रव्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा से पहले सभी व्यवस्थाओं की भलीभांति जांच कर लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा, अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, तथा सीटिंग प्लान के अनुरूप बैठाने जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा की गाइडलाइन को अच्छी तरह पढ़ें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना शून्य रहे। हर अभ्यर्थी की आईडी जांचना अनिवार्य होगा, और परीक्षा नियमों का एक भी उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को संदेह के घेरे में ला सकता है। सभी अधिकारी पूर्वाभ्यास के तौर पर केंद्रों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की कमी को तुरंत दूर करें। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि इस परीक्षा पर पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। स्पेशल सेल एक्टिव रहेगा। इसलिए इन परीक्षाओं की संवेदनशीलता को समझते हुए आप में से कोई भी किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतेगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है।

- डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी सख्त हिदायत, छोटी सी गलती भी नहीं होगी माफ
- आयोग के समन्वय पर्यवेक्षक ने सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों को बताई बारीकियां, दिया प्रशिक्षण

एडीएम और समन्वयी पर्यवेक्षक ने साझा की जरूरी जानकारियां

बैठक की शुरुआत में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने परीक्षा की रूपरेखा, समय-सारणी और आयोग के निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने अफसरों को परीक्षा में उनके उत्तरदायित्व बताते हुए, आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। वहीं आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक बालमुकुंद मिश्रा ने परीक्षा से जुड़ी तकनीकी बारीकियां और प्रक्रिया संबंधी दिशा-निर्देश समझाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का सटीक और सारगर्भित उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। बैठक में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सभी सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

सिंगाही खीरी। ग्राम पंचायत खैरीगढ़ में परगना क्लब खैरीगढ़ कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कबड्डी टूर्नामेंट में जूनियर वर्ग की आठ टीमों ने रोमांचक मुकाबले खेले। ग्राम पंचायत खैरीगढ़ में दो दिवसीय परगना क्लब खैरीगढ़ कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, सपा नेता चौधरी हिमांशु पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

तंबौर और लखीमपुर टीमों के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में तंबौर की टीम 33 अंकों के साथ विजयी रही, जबकि लखीमपुर की टीम 27 अंक ही बना पाई। आयोजक सर्वेश यादव ने बताया कि मंगलवार को सीनियर वर्ग की टीमों के बीच मैच खेला जाएगा। मैच रेफरी शिवम भास्कर और शहनवाज रहे। इस दौरान उत्तम यादव, दिलीप गुप्ता, रज्जन लाल, जलीस अहमद, सुरेश निराला, नईम सलमानी, आतिफ खान, रिंकू भास्कर, राकेश गुप्ता, टिंकू श्रीवास्तव सहित मैच देखने के लिए सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेले का आयोजन

धौरहरा खीरी। ब्लॉक रमियाबेहड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कफारा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत कफारा ब्लाक रमियाबेहड में सरकार की मंशा के अनुरूप एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी लखीमपुर डॉ0 दिनेश सचान के दिशा निर्देशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम नारायण ने गौ पूजन कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की फोटो पर माल्यार्पण कर मेले का शुभारंभ किया। डॉ0 प्रदीप कुमार ईसानगर ने पशुओं के टीकाकरण व क्रमिनाशक दवा पान के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर अनिल दुबे ने किसानो को क्रेडिट कार्ड , टैगिंग का महत्व बीमा के बारे में जानकारी दी। उप मुख्यपशुचिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश वर्मा धौरहरा ने पशुपालकों को ठंड से बचाव, हरा चारा, बीमा योजना एवम सेक्स सीमेन द्वारा कृत्रिम गभार्धान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मेले में आए हुए 90 किसानों के 562 पशुओं का इलाज किया गया। मेले को सफल बनाने में पशु औषधिक राजेश बहुगुणा, पशुधन प्रसार अधिकारी मोहन सिंह राणा एवम पैरावेट शिव मोहन, राजेश, राज कुमार, विनीत, शिवपाल, रजनीश, अजय, रामायण सिंह, शाहिद संतोष ने विशेष योगदान दिया।

90 दिवसीय मिशन शक्ति का आयोजन

सोनभद्र। मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 90 दिवसीय मिशन शक्ति का आयोजन बाल गृह बालिका उरमौरा राबर्ट्सगंज में आयोजन किया गया। इस दौरान जेंडर एक्सपर्ट सीमा द्विवेदी द्वारा बालिकाओं को जागरूक करते हुए बताए कि स्वयं शसक्त हो जागरूक होकर अपनी सुरक्षा स्वयं करें, बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी साथ ही बालिकाएं स्वयं से अपनी सुरक्षा कैसे करे बाल विवाह की आयु क्या होनी चाहिए बाल श्रम क्या हैं, साथ ही महिला कल्याण विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी गई, बालिकाओं को हमेशा अपने साथ गैर घातक विकल्पों जैसे काली मिर्च स्प्रे और व्यक्तिगत अलार्म से लेकर घातक विकल्पों जैसे रखना चाहिए बालिकाओं को अपने साथ कुछ न कुछ अपनी सुरक्षा के लिए आवश्य रखना चाहिए बालिकाओं को जानकारी प्रदान की गई उक्त कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर नीतू यति सिंह बालिका गृह से नीलम सिंह एवं कार्मिक एवं बालिकाएं उपस्थित रहीं।

जीजीआईसी में कैरियर 2025 मेले का आयोजन

धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र का एकलौता राजकीय बालिका इंटर कालेज धौरहरा में सोमवार को कालेज स्टाफ द्वारा कैरियर मेले का आयोजन किया गया जिसमें ।डी आई ओ एस खीरी के प्रतिनिधि विनोद कुमार, एसडीएम धौरहरा के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार फिरोजाबाद अखिलेश मौर्या व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने प्रतिभाग किया ।इस दौरान समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्राप्त विवरण के मुताबिक तराई क्षेत्र की तहसील क्षेत्र के एकलौते राजकीय बालिका इंटर कालेज धौरहरा में सोमवार को कालेज प्रशासन की तरफ से एक दिनी कैरियर मेला 2025 का आयोजन किया गया ।मेले में छात्राओं द्वारा पेड, खाने पीने की चीजें फास्ट फूड, हाथों से बनें उत्पाद, कास्मेटिक स्टालो का मौजूद अफसरों द्वारा निरीक्षण किया। आयोजन में डी आई ओ एस खीरी के प्रतिनिधि विनोद कुमार ने छात्राओं से कहा कि पंख पोर्टल के जरिए आप लोग अपना अपना कैरियर स्वयं चुन सकती है ।नायब तहसीलदार फिरोजाबाद अखिलेश मौर्या ने सरकारी मशीनरी की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की तो वही धौरहरा प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5 व अन्य प्रकार के हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। अंत में पुलिस बल ने महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराधों से संबंधित पत्रक छात्राओं को वितरित किए गये। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य निधि वर्मा, अध्यक्ष जितेंद्र कुमार दिक्षित सहित शिक्षिकाओं, विद्यालय स्टाफ व कालेज की समस्त छात्राओं की मौजूदगी रही।

दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह शुरू

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर सोमवार को दो दिवसीय क्षेत्रीय क्रीड़ा समारोह की भव्य शुरूआत हुई ।क्षेत्रीय क्रीड़ा समारोह में राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, सोनाचल इंटर कॉलेज दुद्धी, शिवम इंटर कॉलेज महुली, भारती इंटर कॉलेज विंढमगंज, कल्पना इंटर कॉलेज बघाडू सहित करीब डेढ़ दर्जन कालेजोंध्स्कूलों ने प्रतिभाग लिया। मंगलवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का परिणाम के बाद दो दिवसीय क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का समापन किया जायेगा।

जीएसटी जागरूकता संगोष्ठी में सरकार के निर्णय की सराहना

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशभर में चलाए जा रहे जीएसटी सुधार जागरूकता अभियान एवं जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत गोला विधानसभा में सोमवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों और आम नागरिकों को जीएसटी सुधारों के लाभों से अवगत कराना और उन्हें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ना रहा।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक बक्शी का तालाब से योगेश शुक्ला रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता गोला विधायक अमन गिरि ने की। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के व्यापारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं तथा बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विधायक अमन गिरि ने अपने संबोधन में कहा कि नई जीएसटी व्यवस्था केवल कर प्रणाली को सरल बनाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह व्यापार, उद्योग और स्थानीय बाजारों को नई गति और विश्वास भी प्रदान करती है। मोदी सरकार और योगी सरकार द्वारा लागू की गई नीतियां आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। अब व्यवसाय करना आसान हुआ है और पारदर्शिता के साथ राजस्व में भी बढ़ोतरी हो रही है। मुख्य अतिथि योगेश शुक्ला ने कहा कि सरकार द्वारा जीएसटी सुधारों के तहत किए गए फैसलों से छोटे और मझोले व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने बताया कि अब कराधान व्यवस्था अधिक सुगम, डिजिटल और पारदर्शी हो गई है, जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे आत्मनिर्भर भारत अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। कार्यक्रम में व्यापारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिली है और रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, अवधेश मिश्रा, शत्रोहन मिश्रा, घनश्याम अग्रवाल, खेम अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, संजीव वर्मा, वेद प्रकाश दीक्षित, राजन साहनी, ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, सुधीश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

मां दुर्गा जागरण में पूर्व पालिकाध्यक्ष ने किया पूजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर के विकास चैराहा के निकट मिल डायवर्जन रोड पर आयोजित भव्य मां दुर्गा जागरण में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष उन्होंने कहा कि हम सभी बड़े सौभाग्यशाली हैं, जो भगवान भोलेनाथ की नगरी में निवास करते हैं, जहां पूरे वर्ष धार्मिक आयोजनों का उत्सव मनाया जाता है। पूर्व पालिका

मीनाक्षी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर लोक मंगल की कामना करते हुये माता रानी से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि एवं वैभव प्रदान करने की प्रार्थना की। मीनाक्षी अग्रवाल ने मां के चरणों में भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भक्तों ने मां के जयकारों से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया। अध्यक्ष ने भव्य आयोजन कराने के लिए आयोजन समिति को बधाई व शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति ने भी मुख्य अतिथि सहित सभी भक्तों का मां के दरबार में सहभागिता करने हेतु आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष के साथ अरविंद पांडे, रामू वर्मा, सुनील शुक्ला, महेंद्र वर्मा, मयंक दीक्षित, अरुण कुमार सिंह सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेतवा पर चिकित्सकीय स्टाफ तैनात करने की मांग

बीजपुर/सोनभद्र। न्याय पंचायत जरहाँ के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के नदारत होने से ग्रामीणों को तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद समेत ग्रामीण प्रेमलाल, राधेश्याम, दिनेश गुप्ता, राजेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र लिखकर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेतवा पर चिकित्सकीय स्टाफ के तैनाती की मांग किया है ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सोनभद्र को भेजे पत्र में बताया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेतवा पर चिकित्सक, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, प्रयोगशाला तकनीशियन, वार्ड बॉय, ड्रेसर, चैकीदार, स्वीपर का पद वर्षो से रिक्त है जिससे वर्तमान परिस्थितियों में इस स्वास्थ्य केंद्र पर आने वाले मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है तथा ग्रामीणों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और सामान्य बीमारियों एवं आपातकालीन स्थिति में दूरस्थ अस्पतालों की ओर जाना पड़ता है जिससे समय और धन की बबार्दी होती है और जान का जोखिम भी हो जाता है लोगों ने जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी से अतिशीघ्र स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकीय स्टाफ के तैनाती की मांग किया है जिससे ग्रामीणों को समय से उचित इलाज मिल सके।

गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज 5.0 का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) गुरु हरिकिशन महाविद्यालय में सोमवार को ह्लमिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिला एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन विषय पर एक जागरूकता व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और छात्र-छात्राओं को समाज में महिलाओं की गरिमा बनाए रखने, उनकी सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम के आयोजक डॉ. आदर्श दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर समाज को संवेदनशील होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को न केवल सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है, बल्कि उन्हें स्वावलंबी बनाकर समाज में उनकी मजबूत भूमिका सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बालिका सुरक्षा की शपथ दिलाई और उन्हें इस दिशा में जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कुल 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें 58 छात्र और 92 छात्राएं शामिल थीं। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम छात्रों को न केवल संवेदनशील बनाते हैं, बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ते हैं। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक सुनील गुप्ता, पदुमकांत मिश्रा, कन्हैया लाल मिश्रा, अरुण शुक्ला, सुधाकर मिश्रा, वीरेंद्र प्रजापति, शांति वर्मा और अनुराधा रानी भी मौजूद रहे।

बाल्मीकि जयंती से पूर्व प्रभात फेरी निकाली

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बाल्मीकि जयंती से पूर्व सोमवार की सुबह नगर में महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा स्वरूप प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गौशाला स्थित अपने कैंप कार्यालय पर किया।

इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने आरती-पूजन कर प्रभात फेरी का स्वागत किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को जलपान भी कराया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के जीवन से समाज को सत्य, धर्म और आदर्श जीवन का संदेश मिलता है, जिसे हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। गौरतलब है कि महर्षि वाल्मीकि की जयंती अश्विन पूर्णिमा को मनाई जाती है। उनके अनुयायी जयंती से एक सप्ताह पूर्व नगर में प्रभात फेरियों का आयोजन कर भजनों और प्रवचनों के माध्यम से उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाते हैं। इस अवसर पर बाल्मीकि मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुधीर कुमार, महामंत्री गोविंद कुमार, कोषाध्यक्ष अजय महाजन, संरक्षक दिलीप कुमार, नरेश कुमार, मनोज महंत, राजकुमार, अमित, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविंद्र कटियार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेयी, मनोज बाथम समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने रैली निकाल ग्रामीणों को संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सोमवार को कंपोजिट विद्यालय गलरा के बच्चों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ रैली निकाल ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया ।स्कूली बच्चों ने सब रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाई, हम सबने ठाना है, संचारी रोग भगाना है, कुएं ढंके हो जाली से, बहे गंदगी नाली से आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया ।सीएचओ स्वाती मौर्या ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय गलरा के बच्चों संग रैली निकालकर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गया है। आशा संगिनी आरती मिश्रा ने संचारी रोगों से बचाव हेतु ग्रामीणों को घरों के आसपास बेहतर साफ सफाई करने पर जोर दिया। कहा कि स्वच्छता के अभाव में संचारी रोग तेजी से पांव पसारने लगता है। मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए घरों के आसपास ग्रामीणों से पानी जमा नही करने की अपील की।

रंगों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण का दिया संदेश

मीरजापुर। भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगंज में सोमवार को वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के तहत आयोजित कला एवं क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी सृजनशीलता और ज्ञान का बेहतरीन प्रदर्शन किया। रंगों और प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण का संदेश देते हुए सबका ध्यान आकर्षित किया। मुख्य अतिथि ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (एसडीएम) महेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए ईमानदारी, लक्ष्य की स्पष्टता और निरंतर परिश्रम सबसे आवश्यक हैं। विद्यालय वह मंच है जहां से छात्र अपने व्यक्तित्व को आकार देता है और जीवन की दिशा तय करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा की तैयारी नहीं बल्कि चरित्र और दृष्टिकोण का निर्माण है। विशिष्ट अतिथि बीडीओ, आईएएस अंशुल हिंदल ने कहा कि शिक्षक के मार्गदर्शन और विद्यालयीन गतिविधियों से छात्र के भीतर ज्ञान, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी का विकास होता है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महापुरुषों के आदर्श जीवन में ऊर्जा और आत्मबल का संचार करते हैं, जिससे समाज की दिशा बदल सकती है। अध्यक्षता करते हुए मान माधव इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रामराज त्रिपाठी ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण जैसे आयोजन बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना को जागृत करते हैं ।कला प्रतियोगिता में सिम्मी कुमारी ने प्रथम, अर्चना ने द्वितीय और नव्या पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में रंजीत प्रजापति ने प्रथम, आयुष यादव ने द्वितीय और अनुज कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य राजेश द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

संक्षेप

करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत

लालगंज, मीरजापुर। कस्बे के लालगंज-विजयपुर रोड पर सोमवार को अपराह्न एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें सहिरा गांव के 28 वर्षीय मजदूर विंध्यवासिनी करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पाते ही परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही सहिरा गांव में मातम छा गया। लालगंज थाना क्षेत्र के सहिरा गांव निवासी राम कृपाल के पुत्र विंध्यवासिनी लालगंज के विजयपुर रोड पर एक निमार्णाधीन मकान में मजदूरी कर रहे थे। उसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद साथ काम कर रहे अन्य मजदूर उन्हें लेकर पहले निजी अस्पताल पहुंचे।जहां चिकित्सकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंचे और चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।मृतक विंध्यवासिनी परिवार का एकमात्र सहारा था और वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। परिजन और गांव वाले रोते-बिलखते हुए भावुक हो उठे। माता फूलवासी अपने बेटे की मौत की खबर सुनते ही अचेत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जंगल में नर कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रजखड़ घाटी स्थित रीवा रांची मार्ग से करीब 300 मीटर दूर जंगल में एक मानव कंकाल स्थानीय पुलिस को सोमवार की दोपहर मिली है।कंकाल मिलने पर स्थानीय पुलिस की सूचना पर क्राइम बांच और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पहुंच कर बिखरे कंकाल की जांच कर साक्ष्य एकत्रित किया। इस दौरान बाल,जबड़ा, रीढ़ की हड्डी, फीमर सहित कंगन आदि जंगल में बिखरे मिले कंकाल के पास नीले व नारंगी रंग की एक तिरपाल भी मिली। तिरपाल देख यह अंदेशा लगाया जा सकता है कि किसी मानव शरीर को बांध कर जंगल में फेंका गया होगा जिसे जंगली जानवरों ने क्षत विक्षत कर दिया होगा। प्रभारी निरीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि चैकीदार के द्वारा जंगल में शरीर के कुछ अंगों के मिलने की सूचना मिली थी जिसपर मौके पर जाकर मानव कंकाल को एकत्रित कर पंचनामा किया गया। एकत्रित मानव शरीर के बाल, जबड़ा, रीढ़ की हड्डी आदि को डीएनए जांच के लिए भेजा जा रहा है।

शिक्षा की सार्थकता गुरु-शिष्य संवाद से ही संभवःराज्यपाल

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 29 वें दीक्षांत समारोह सोमवार कोमहंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में संपन्न हुआ। कुलाधिपति एवं श्रीराज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले स्नातकएवं स्नातकोत्तर के79 मेधावियों को 80 स्वर्णपदक प्रदान किया। साथ ही 445 शोधार्थियों को पी.एचडी.और दो को डीलिट की उपाधि दीगई।

इस वर्ष विभिन्न पाठ्यक्रमों में स्नातक औरपरास्नातक के 80141 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई।कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि सुनीलदत्त को डी.एससी. की मानद उपाधि दी। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जबविद्यार्थी गुरु के पास बैठकर कक्षा में संवाद करें। इसी को ध्यान में रखते हुए 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य की गई है और इसका कड़ाई से पालन विश्वविद्यालयोंको करना होगा। राज्यपाल ने शिक्षकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियोंकी शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण भी करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयोंमें रिसर्च गंभीरता के साथ होना चाहिए क्योंकि रिसर्च ही देश और समाज के लिएउपयोगी होता है। इसके लिए शिक्षक और विद्यार्थी दोनों में जज्बा होना जरूरी है।गुजरात में इसरो का उदाहरण देते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जानजा रही है, जिसमें खास तौर से आकाशीय बिजली का खतरा ज्यादारहा। इस बार इससे 85 लोगों की जान चली गई। इस पर गंभीरता केसाथ शोधकिया जा रहा है कि कैसे मानव और जीव की सुरक्षा की जा सकती है। मुख्य अतिथि रिलायंस जियो इन्फोकॉमलिमिटेड के डिवाइसेज एंड सेल्स प्रेसीडेंट सुनीलदत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं को इस गौरवपूर्ण अवसरपर उपस्थित पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय की कुलपति एवंकुलाधिपति को मंच पर आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दीक्षांत केवलअंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है।

श्री दत्त ने भविष्य के लिए सात सिद्धांत साझा किएकृबड़ा सोचो, छोटा शुरू करो, तेजी से बढ़ो, निरंतर सीखो, असफलता से डरना छोड़ो, उपयोगकर्ता मत बनो, निमार्ता बनों और तकनीक के साथमानवीय बने रहो। असफलता से मत डरो, हर असफलता ने हमें सफलताके करीब पहुंचाया है। उनका मानना है कि पद से अधिक उद्देश्य महत्वपूर्ण है क्योंकिआपकी भूमिका नहीं आपका प्रभाव मायने रखता है। उन्होंने कहा कि अब भारत अनुसरण नहींकरता, बल्कि नेतृत्व करता है। उन्होंने विद्यार्थियों सेआह्वान किया कि वे साहस, रचनात्मकता और उद्देश्यपूर्ण जीवनसे समाज और देश का गौरव बढ़ाएँ। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि जौनपुर की धरती नेसदैव प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को जन्म दिया है। उन्होंने रोबोट के निमार्ता दिनेशपटेल, डीएनए वैज्ञानिक डॉ. लालजी सिंह तथा पंडितरामभद्राचार्य जैसी महान विभूतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ज्ञान और शिक्षा केक्षेत्र में जौनपुर का अपना विशिष्ट स्थान है।प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा किशैक्षणिक उपाधियां उनकी मेहनत और लगन का प्रतिफल हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहाकि इन उपाधियों का उपयोग सही दिशा में राष्ट्र निर्माण के लिए किया जाना चाहिए।श्रीमती तिवारी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, ष्आगेके जीवन में आपको सफलता और असफलता दोनों का सामना करना पड़ेगा। इन्हीं चुनौतियोंके बीच से आपको सफलता का रास्ता खोजना और बनाना होगा। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय नेशैक्षणिक, शोध और नवाचार के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस वर्ष समयबद्ध परीक्षा परिणाम घोषित किए गए,303 शोधपत्र और 15 पेटेंट प्रकाशित हुए तथास्कोपस पर 15695 साइटेशन और एच- इनडेक्स 56 प्राप्त हुआ। एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 में उत्तरप्रदेश में दूसरा और भारत में 125वां स्थान मिला। डीएसटी-पर्स और समावेशी उच्च शिक्षा कार्यक्रम के तहत बड़े अनुदान प्राप्त हुए हैं,22 शोध परियोजनाएं संचालित हैं और 9500 शोधग्रंथोंके साथ प्रदेश में चौथा स्थान मिला।

बच्चों को राज्यपाल के हाथों मिला उपहार

जौनपुर। दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमतीआनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव में आयोजित खेलप्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले अर्जुन, दिव्या यादवऔर राज चैहान को पुरस्कार दिया।उच्चतर माध्यमिकविद्यालय जफरपुर के कक्षा ०८ के छात्र अर्जुन ने दहेज कुप्रथा पर दीक्षांत समारोहमें भाषण दिया। इसके साथ ही जासोपुर, देवकली और जफरपुर केप्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण गीतप्रस्तुत किया गया। कुलाधिपति जी ने राजभवन की तरफ से प्राथमिक विद्यालय कीशिक्षिका एकता गुप्ता को पुस्तकें प्रदान किया. दीक्षांतसमारोह के पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जी ने 9 से 14वर्ष की उम्र की बालिकाओं को जिन्हें पूर्वमें निःशुल्क एचपीवी वैक्सीनेशन कराया गया था प्रमाणपत्र वितरित किया।

500 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को मिला किट

जौनपुर। दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल ने जौनपुर औरगाजीपुर जनपद के 10 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए किट प्रदानकिया. दोनों जनपदों के 500 आंगनबाड़ी केंद्रों को यह किटदिया जायेगा. इसमें 100 किट पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वाराएवं 200-200 किट जौनपुर और गाजीपुर जिला प्रशासन द्वाराउपलब्ध कराया गया।

बटन दबाते ही अपलोड हुईं डिग्रियां

जौनपुर। दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल ने आईपैड काबटन दबाकर 2024-25 की स्नातक और स्नातकोत्तर की 80,141डिग्रियों को डिजीलॉकर में अपलोड किया गया। विद्यार्थियों को इससेडिजीटल डिग्री आसानी से मिल जाएगी। डिजीलॉकर में उपकुलसचिव अजीत सिंह ने माननीयराज्यपाल के हाथों अपलोड कराया।

पत्रिका का हुआ विमोचन

जौनपुर। विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशितपुस्तक योग माहात्म्य तथा विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका गतिमान सहित शिक्षकोंऔर शोध छात्रों की कुल छह पुस्तकों का विमोचन दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति एवंराज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने किया। योग माहात्म्य पुस्तक का संपादन प्रो.मनोज मिश्र और डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया है। सम्पादन मण्डल में डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अन्नू त्यागी,डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. शशिकांत यादव रहे।

445 विद्यार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि

जौनपुर। दीक्षांत समारोह में इस बार कुल 445 शोधार्थियोंको पीएच.डी. एवं डी.लिट. की उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें 292 पुरुष और 155 महिलाएं शामिल हैं। शोध उपाधियों केसंकायवार वितरण पर नजर डालें तो कला संकाय सबसे आगे है, जहाँ328 शोधार्थियों को उपाधि दी गई। इसके बाद शिक्षा संकाय के 46, विज्ञान संकाय के 28 और कृषि संकाय के 11शोधार्थियों को यह सम्मान मिला। इसी तरह वाणिज्य संकाय से 8,प्रबंध अध्ययन संकाय (पीएच.डी. एवं डी.लिट.) से 10, औषध संकाय से 4, विधि से पांच और इंजीनियरिंग संकायसे 6 तथा अनुप्रयुक्त समाज विज्ञान एवं मानविकी संकाय से 1शोधार्थी उपाधि मिलेगी। डी.लिट. (व्यावसायिक अर्थशास्त्र) की उपाधिएक पुरुष और एक महिला शोधार्थी को मिली।

दीक्षांत समारोह में 5 शिक्षकों को मिला प्रशस्ति पत्र

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह मेंउत्कृष्ट कार्य करने वाले पाँच शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकोंमें इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संकाय से डॉ. विक्रांत भटेजा, प्रबंधअध्ययन संकाय से प्रो. मानस पांडेय, विज्ञान संकाय से डॉ.सुजीत कुमार, सामाजिक विज्ञान संकाय से डॉ. जानवी श्रीवास्तवतथा विधि संकाय से डॉ. वनिता सिंह शामिल हैं। इन सभी को कुलाधिपति जी ने प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

अपने शत्रु को पहचान नहीं पा रहा भारतीय समाजः जितेंद्रानंद

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती काशी प्रांत के साधारण सभा की बैठक आजमगढ़ इकाई के तत्वावधान में सिधारी स्थित होटल श्रीमन मंगलम के सभागार में सम्पन्न हुआ। साधारण सभा की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहाकि आज भारतीय समाज अपने शत्रु को भी नहीं पहचान पा रहा है। हमें इस चीज को समझना चाहिए कि एक षड्यंत्र के तहत हिन्दु युवतियों को लव जेहाद में फंसाकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, और हिन्दु गंगा-जमुनी तहजीब में फंसा हुआ है जबकि गंगा और युमना दोनों ही सनातन संस्कृति की आधार है। उन्होंने स्पष्ट कहाकि नदी, नारी संस्कृति कभी दूषित नहीं होती, अनादि काल से ही इन्हीं तीनों पर आक्रामण होते रहे लेकिन आज भी तीनों जिन्दा है, जब तक यह जिन्दा है तब तक भारतीय संस्कृति अक्षुण्य रहेगी।

उन्होंने आगे कहाकि भारत की अर्थ व्यवस्था मंदिर आधारित अर्थ व्यवस्था है।इसी बात को दृष्टिगत रखते हुए आज मंदिरों के कॉरिडोर आदि की स्थापना हो रही। कुंटुम्ब प्रबोधन पर बोलते हुए उन्होंने भारतीय संस्कृति में भाई के लिए दूसरे भाई द्वारा त्याग की परम्परा को याद दिलाया। अध्यक्षीय संबोधन में राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य बांकेलाल ने कहाकि कार्यकर्ता ही संगठन की पहचान होता है।

काशी प्रांत अध्यक्ष गणेश प्रसाद अवस्थी ने कला जगत की वर्तमान चुनौतिया एवं समाधान पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहाकि हमें संस्कार भारती के कार्यो को विद्यालय स्तर से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक पहुंचाना चाहिए, संस्कारी युवा शक्ति ही समाज में परिवर्तन ला सकती है। उन्होंने आयोजन समिति के संत प्रसाद अग्रवाल, सिद्धार्थ राम सिंह, प्रभात बरनवाल, अरविन्द बरनवाल, आशीष गोयल बाबी, विजयेंद्र श्रीवास्तव, भारत विभूषण तिवारी, डा. पूनम तिवारी, सुनील कुमार मिश्र, शैलेंद्र अग्रवाल, अभय दत्त गोंड, रिंकी प्रशात, अनामिका राय, शिवम तिवारी, अनुपमा आर तिवारी, बागीशा कश्यप, अनुभव मिश्र आदि के योगदान पर आभार जताया। अंत में महामंत्री द्वारा पिछले कार्य वृत्त प्रस्तुत करते हुए आय-व्यय का लेखा-जोखा दिया गया।इस अवसर पर डा डी.पी. अस्थाना, चण्डिका नंदन सिंह, गौरी शंकर अग्रवाल, जया श्रीवास्तव, अनीता आलोक श्रीवास्तव, अनीता श्रीवास्तव, रश्मी डालमिया एवं आजमगढ़ इकाई के समस्त सदस्य व पदाधिकारी सहित समस्त प्रांत के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन कराने को चलाया जाये जागरूकता अभियान

सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन. सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा माह सम्बन्धी समन्वय बैठक की, इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सबसे पहले सरकारी कार्मिकों से यातायात नियमों का पालन कराने के साथ ही जिले में अभियान चलाकर यातायात नियमों की जानकारी लोगों को दी जाये। श्री सिंह ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम व उपसा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद क्षेत्र में वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर बने ओवरब्रिज के दोनों तरफ बनी सड़कों की मरम्मत का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से जल निगम व उपसा द्वारा सुनिश्चित किया जाये, उन्होंने उपसा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि जल निगम द्वारा सड़क की मरम्मत का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ नहीं किया जाता तो इनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की कार्यवाही उपसा द्वारा करायी जाये, इस दौरान उन्होंने उपसा के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि फ्लाईओवर पर लगायी गयी लाईटों के न जलने की शिकायत प्राप्त होती है, फ्लाईओवर की लगी लाईटें नियमित रूप से जले एवं सड़कों के किनारे टेबल टैप, साईनेज बोर्ड लगाये जाये, जिससे कि होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आ सकें। टोल प्लाजा पर अनावश्यक तरीके से लोगों को परेशान न किया जाये, एम्बुलेंस अति आवश्यक सेवाओं हेतु टोल प्लाजा पर एक लेन निश्चित किया जाये, जिससे कि तत्काल आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोग निकल सकें।

उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ओवर लोडिंग व गलत तरीके से नम्बर प्लेट लगाकर गाड़ियों का संचालन करने वाले के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाये और इस तरह की कार्यवाही में संलिप्त ड्राइवरों जिनके वाहनों का चालान 5 बार से अधिक हो गया है, उनके लाईसेंस निरस्त करने की भी कार्यवाही की जाये और उनकी सूची को जनपद स्तर पर सार्वजनिक की जाये, और उन वाहनों पर अधिक जुमार्ना भी लगाया जाये। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग अनपरा विण्ढमगंज, दुद्धी, हाथीनाला मार्ग पर पड़ने वाले गढ्ढों की मरम्मत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देशित किये, उन्होंने कहा कि सड़कों पर गढ्ढे हो जाने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। राष्ट्रीय राज मार्ग पर सड़कों पर पड़ने वाले गढ्ढों की मरम्मत का कार्य विशेष अभियान चलाकर सुनिश्चित कराया जाये।

225 एकड़ में सुनिश्चित होगी सब्जी की खेती

रेणुकूट/सोनभद्र। हिण्डाल्को रेणुकुट के क्लस्टर हेड समीर नायक और मानव संसाधान के क्लस्टर हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्शनमुं तथा ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख अनिल झा के नेतृत्व में किसानों हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्षेत्र में नगदी फसल जैसे सब्जी उत्पादन को

बढ़ावा देकर प्रगतिशील किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उदेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आदित्य बिड़ला रुरल टेक्नोलॉजी पार्क म्योरपुर में आयोजित किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान दुद्धी तहसील के म्योरपुर, बभनी व दुद्धी ब्लॉक के किसानों को नगदी फसल पैदावार बढाने तथा उससे होने वाली आमदनी में वृद्धि हेतु प्याज, चना, मटर, टमाटर, फूलगोभी, मिर्च, बैंगन, पता गोभी, मूली, पालक, धनिया इत्यादि के उन्नत किस्म के बीज वितरित किया गये। सब्जी की खेती हेतु हिण्डाल्को द्वारा क्षेत्र के 73 गांव से कुल 496 किसानों को लाभान्वित किया गया जिससे लगभग 225 एकड़ कृषि भूमि पर सब्जी का उत्पादन सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान हिण्डाल्को के मानव संसाधान प्रमुख जसबीर सिंह ने अपने सम्बोधन में किसानों को अधिक से अधिक जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि सीएसआर द्वारा प्रदत्त उच्च गुणवत्ता वाले बीज से निश्चित ही कृषि उपज के साथ कृषकों की आय में वृद्धि होगी तथा किसानों के आत्मनिर्भरता में विशेष योगदान होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोड़ ने कहा कि किसानों को अधिक से अधिक नये तकनीक का प्रयोग करना चाहिए। रासायनिक कृषि के कारण स्वास्थ्य पर बढ़ते दुष्प्रभाव को देखते हुए जैविक खेती को अधिक से अधिक अपनाने हेतु जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिण्डाल्को का यह पहल निश्चित ही समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

बीएमएस ने बैठक कर एनबीसी चुनाव को लेकर बनायी रणनीति

बीजपुर/सोनभद्र। आगामी एनबीसी चुनाव को लेकर स्थानीय परियोजना में एनटीपीसी कर्मचारियों के बीच सरगर्मी तेज हो गई है हर संगठन अपने-अपने स्तर से चुनावी समीकरण का गठजोड़ साधने में जुटा हुआ है। रविवार की सायं भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) की एक बैठक परियोजना परिसर के संगम प्रेक्षागृह में आयोजित की गई जिसमें बीएमएस के अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केंद्रीय नेता एनटीपीसी एनबीसी (प्रभारी पब्लिक सेक्टर, भारतीय मजदूर संघ) व ट्रस्टी ईपीएफओ भारत सरकार एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हाई कोर्ट एस मलेशम जी ने उपस्थित संगठन के कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय मजदूर संघ झूठा वादा नहीं करता है बताया कि आज एनटीपीसी के किसी भी परियोजना में पीआरबी का मुद्दा जोर-शोर से उठ रहा है बीएमएस वन इंडस्ट्री वन फॉमूर्ला के तहत कर्मचारियों के हित में पीआरबी लागू करवा के ही रहेगा।एडिशनल सेंट्रल लीडर रामनाथ गणेशे ने बताया कि अभी वर्कर ग्रेड के कर्मचारियों को रिटायर होने पर ग्रेच्युटी के तौर पर केवल 20 लाख रुपए मिलते हैं इसको भी बढ़वा कर 25 लाख रुपए करवाया जाएगा।इसके साथ ही वर्षों से बंद वर्कर ग्रेड (आईटीआईध्डिप्लोमा) की भर्ती को भी सीएमडी से वार्ता कर जल्द ही चालू करवाया जाएगा वू 0 से ू 6 ग्रेड तक के कर्मचारियों को पेट्रोल अलाउंस भी दिलवाया जाएगा उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से चुनाव में जीत का आग्रह करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ एक मान्यता प्राप्त संगठन है यह मेंज्योरिटी में होने के साथ ही बहुत बड़ा संगठन है इसलिए इससे जुड़कर संगठन को वोट कर जिताने का कार्य करें जिससे हम अपनी बात को प्रबंधन तक मजबूती के साथ रख सकें। एनटीपीसी रिहंद कार्मिक संघ के अध्यक्ष राकेश राय ने उपस्थित कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रबंधन वर्कर और एग्जीक्यूटिव में भेदभाव करता है रिटायरमेंट के बाद हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है बस तक में सफर को लेकर प्राइवेट जैसा सलूक किया जाता है इसके लिए हमारा संगठन जीत के बाद यह सुनिश्चित करेगा की रिटायरमेंट के बाद भी एक्स एंप्लॉय को बस, गेस्ट हाउस आदि की सुविधा यथावत मिलती रहे साथ ही रिटायर कर्मी के लिए एक ऐसा टोल फ्री नंबर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी जिससे अपनी पेंशन, मेडिकल आदि के लिए रिटायर कर्मी को भटकना न पड़े बल्की हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से उनकी समस्या का समाधान किया जा सके।

मुआवजे के आवंटन की स्थिति का केंद्रीय राज्यमंत्री ने की समीक्षा



मीरजापुर। सम्राट अशोक राजकीय इंजीनियरिंग कालेज अतिथिगृह में गंगा नदी से सदर तहसील के विकासखंड छानबे, कोन, सिटी, मझवा, पहाड़ी तहसील चुनार के विकास खंड सीखड़, नरायनपुर और गरई नदी से विकासखंड जमालपुर के बाढ़ से हुई फसलो की क्षति के सापेक्ष मुआवजा आवंटन की स्थिति का केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण व रसायन उर्वरक भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने जिलाधिकारी के साथ बैठक कर समीक्षा किया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया था कि जनपद मे गंगा एवं गरई नदी से कुल 9,852 हेक्टेयर क्षेत्रफल बाढ़ से प्रभावित हुआ है जिससे 49,947 किसान प्रभावित हुए हैं जिनको मुआवजा दिया जा रहा है। अब तक 42,128 किसानों को 12,68,76,668 रुपया उनके खातों में भेजा जा चुका है तथा शेष किसानों को भी मुआवजा देने की कार्रवाई चल रही हैं। फसल बीमा का पैसा दिए जाने के संदर्भ में अवगत कराया गया कि बीमा का पैसा फसलों के प्रकार के अनुसार दिया जायेगा। अलग-अलग किसानों ने अलग-अलग फसलों का बीमा कराया है जिसका पैसा दिलाने की कार्रवाई अलग से चलायी जा रही है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि शासन द्वारा निर्धारित सिंचित फसलों का मुआवजा 17,000 रुपया प्रति हेक्टेयर है, वहीं असिंचित फसलों का 8,500 रुपया और बारहमासी फसलों का 22,500 रुपया प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा देना सुनिश्चित किया गया है। उक्त सभी बातों से अवगत होने के पश्चात केन्द्रीय राज्यमंत्री ने तत्काल बाकी किसानों का मुआवजा उनके खातों में रवि बुआई से पूर्व देने और बीमे का पैसा कड़ाई से बीमा कंपनियों से दिलाने हेतु निर्देशित किया, साथ ही अहरौरा बांध से बार बार हो रही जमालपुर क्षेत्र की क्षति को रोकने हेतु गरई नदी की गहराई बढ़ाने और तटबंधों को उचां व मजबूत बनाने के लिए सर्वे कर प्रोजेक्ट बनाने का भी निर्देश दिया।

सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था बनाकर उभरा भारतः अनिल राजभर

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का सदर विधानसभा सम्मेलन नेहरू हाल में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आजमगढ़ प्रभारी मंत्री अनिल राजभर और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रतिष्ठित व्यापारी चन्दन अग्रवाल ने किया और संचालन जिला उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के सदर विधानसभा संयोजक अजय सिंह ने किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि भारत को समृद्धशाली, शक्तिशाली और विकसित भारत बनाने के लिए जो प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है उसकी प्रशंसा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। कोविड के बाद जहां दुनिया के सभी देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी वहीं भारत कोविड के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था बनाकर उभरा है। जिन अंग्रेजो ने भारत पर कभी राज किया उन अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ते हुए हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन ने और अभी दो महीना पहले हम जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चैथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीएसटी लेकर आए थे तो विपक्ष ने देश की जनता और व्यापारियों को गुमराह करने का काम किया था। लेकिन समय के साथ आज यह प्रमाणित हो गया कि जीएसटी देश की जनता के हित में है और देश के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान करने वाला है। देश में जब से जीएसटी लागू हुई तब से लगभग 37 -38 बार जीएसटी काउंसिल की बैठक हो चुकी है। जीएसटी काउंसिल की जब भी कोई बैठक होती है तो देश के सभी प्रदेश उसमें प्रतिभाग करतें है। जीएसटी काउंसिल का हर फैसला सर्वसम्मति से हुआ है। जीएसटी काउंसिल का एक भी फैसला ऐसा नहीं है जिसमें यह दिखा सके की यह मतदान से हुआ है या असंतोष के आधार पर हुआ हो। जीएसटी में सुधार के लिए इस बार जो जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई उसमें सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्री शामिल थे और सर्व सम्मति से यह सुधार का फैसला हुआ। विपक्ष का यह दोहरा चरित्र है कि वह जब जीएसटी काउंसिल में बैठते हैं तो दूसरी बात करते हैं और जब जनता के बीच में जाते हैं तो जनता को भ्रमित करने के यह दूसरी बात कहते हैं। जब जीएसटी काउंसिल की बैठक में विपक्ष द्वारा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे और उनकी सहमति से जीएसटी में सुधार का यह कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है तो ऐसी स्थिति में यदि विपक्ष के नेता जनता के बीच में जीएसटी रिफॉर्म का विरोध कर रहे हैं तो उनका दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी रिफॉर्म के माध्यम से जो तोहफा हम सबको दिया है उसके लिए मैं आजमगढ़ की जनता की तरफ से प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को आभार व्यक्त करता हूं और उनका धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। जी एस टी घटने से से रोजमर्रा की जरूरत के सामानों के दाम घटे हैं जिससे लोगों की बचत होगी क्रय क्षमता बढ़ेगी उत्पादन बढ़ेगा और रोजगार के नये नये अवसर भी बढ़ेंगे।

इस अवसर पर ध्रुव सिंह, अखिलेश मिश्रा गुड्डू, आर पी राय, श्रीकृष्ण पाल, अरविन्द जायसवाल, लक्ष्मण मौर्या, देवेंद्र सिंह, प्रेम प्रकाश राय, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, माला द्विवेदी, सुदर्शन दास अग्रवाल, अजय सिंह, विनय प्रकाश गुप्ता, मयंक गुप्ता, पूनम सिंह, प्रवीण सिंह, विभा बर्नवाल, बबिता जसरासरिया, ऋत्विक जायसवाल, रंजन राय, मृगांक शेखर सिन्हा, विधायक सिंह सरदार, अवनीश मिश्रा धर्मवीर चैहान, विवेक निषाद, व्यापारी, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद है।

प्रभारी मंत्री के सामने ही दो पक्ष हुए आमने-सामने

आजमगढ़। जिले में प्रभारी मंत्री अनिल राजभर के कार्यक्रम के दौरान भाजपा की अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई, और सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामला सोमवार की सुबह का है जब नेहरू हॉल में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में मंच पर चढ़ने और गाड़ी आगे-पीछे करने को लेकर भाजपा के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों गुट युवा मोर्चा के बताये जा रहे है। दोनों पक्षों के समर्थकों ने मंत्री की मौजूदगी में ही लात-घूंसे बरसाए और माहौल को शर्मनाक बना दिया। घटना के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे, जहां तहरीर देने के दौरान एक बार फिर भिड़ंत हो गई। स्थिति को बिगड़ते देख भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव अपने समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे, जिससे तनाव और बढ़ गया। कोतवाली परिसर में हुई दूसरी मारपीट के बाद पुलिस प्रशासन ने तत्काल भारी फोर्स तैनात कर दिया ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे। अब देखना है कि कैबिनेट मंत्री की मंच पर मौजूदगी के बीच हुई मारपीट के बाद यह मामले में पार्टी क्या कार्रवाई करती है।

पूर्वांचल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में मीरजापुर को 6 गोल्ड

मीरजापुर। पूर्वांचल महिला-पुरुष पावर लिफ्टिंग (बेंच प्रेस, डैड लिफ्ट) चैंपियनशिप का आयोजन 5 अक्टूबर दिन रविवार को जिला मऊ में आयोजित किया गया। जिसमें मीरजापुर की टीम ने कोच कमलापति त्रिपाठी एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निधि सिंह पटेल के कुशल निर्देशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने नए कीर्तिमान स्थापित कर स्ट्रांग वूमेन आफ पूर्वांचल का खिताब भी मीरजापुर के नाम रहा।

जूनियर 59 केजी भार वर्ग में श्लोक केसरवानी ने बेंच प्रेस में 70 केजी भार उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया, वहीं 66 केजी भार वर्ग में रिशु कुमार कुशवाहा ने भी 105 केजी भार उठाकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। जूनियर 74 केजी भार वर्ग में पृथ्वी यादव ने बेंच प्रेस में 130 केजी का भार उठाकर सिल्वर मेडल एवं डेड लिफ्ट में भी 202.5 केजी भार उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किए। सीनियर 74 केजी भारवर्ग में बादशाह ने बेंच प्रेस में 117.5 केजी भार उठाकर सिल्वर मेडल एवं डेडलिफ्ट में 170 केजी भार उठाकर ब्रोंज मेडल अपने नाम किया। वहीं जूनियर 93 केजी भार वर्ग में दीनबंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेड लिफ्ट में 205 केजी भार उठाकर गोल्ड मेडल एवं बेंच प्रेस में 120 केजी भार उठाकर ब्रोंज मेडल पर कब्जा जमाया। सीनियर 93 केजी भार वर्ग में गोपाल बिंद ने 135 केजी भार उठाकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाए। महिला जूनियर 47 केजी भार वर्ग में आकांक्षा सिंह ने बेंच प्रेस 32.5 एवं डेड लिफ्ट में 85 केजी भार उठाकर दो सिल्वर मेडल अपने नाम की। वहीं सीनियर 63 केजी भार वर्ग में में ज्योति सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेंच प्रेस में 91 केजी भार उठाकर नए कृतिमान के साथ गोल्ड मेडल एवं इक्विप्ड बेंच प्रेस में 115 केजी भार उठाकर गोल्ड मेडल के साथ ही स्ट्रांग वुमन ऑफ पूर्वांचल का खिताब भी अपने नाम की। आश्विन शुक्ला, पीयूष मिश्रा एवं कलीम खान ने तीनों राउंड में मेडल के लिए संघर्ष करते रहे। लेकिन मेडल लेने में असमर्थ रहें। सचिव एवं कोच कमलापति त्रिपाठी ने बताया की मिजार्पुर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड मेडल 6 सिल्वर मेडल एवं दो ब्रांच मेडल पर कब्जा जमा कर मिजार्पुर टीम ने अंतिम समय तक अपना दबदबा कायम रखा। इन सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिला पॉवर लिफ्टिंग संघ की संरक्षिका श्रीमती रत्नावली सिंह, अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम शंकर सिंह, ,आदि लोगों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., जौनपुर

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/1052-1053 दि.:-06.10.2025

निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा जौनपुर में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 13.10.2025 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(कृष्ण शिव देव सिंह)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-जौनपुर

मो.नं.- 8765984600 - jaunpurpcf@gmail.com

संक्षेप

गौतस्करी पर लगाम कसेगी पुलिस

कुशीनगर। जनपद में गो-तस्करी व शराब तस्करी पर रोक के लिए कुशीनगर पुलिस ने सीमाक्षेत्र और राजमार्ग के सभी थानों व पुलिस चौकियों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इन थानों में चार तथा पुलिस चौकियों पर दो-दो कैमरा लगवाएगी ताकि दिन व रात में होने वाली तस्करी व अपराध पर रोक लगाई जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद जिले में बंद पड़े कैमरों को पुलिस विभाग दुरुस्त करके चालू कराएगा। गोरखपुर में पिछले माह पशु तस्करों द्वारा एक नीट छात्र की कथित तौर पर हत्या के बाद गोरखपुर मंडल की पूरी पुलिस टीम पशु तस्करों को लेकर अलर्ट पर है।

जिले में पहुंचे नये पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि गो तस्करी समेत शराब तस्करी व अपराध को रोकने के लिए पुलिस कर्मियों को अलर्ट किया गया है।

पीसीएस परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करें अधिकारीः डी एम

देवरिया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 एवं सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 के सफल व शांतिपूर्ण संचालन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए।

- परीक्षा दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में आयोजित की जायेगी

परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था समय रहते पूरी करें। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों की तलाशी कर प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश से रोकी जाए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने केंद्रों का पूर्व निरीक्षण अवश्य करें।

परीक्षा की सभी गतिविधियां कैमरे की निगरानी में होंगी और प्रश्नपत्रों को पूर्ण सुरक्षा के साथ रखा जाएगा, जिससे परीक्षा का निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन सुनिश्चित हो सके जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपने दायित्वों का पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी से निर्वहन करने को कहा ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक सम्पन्न हो। संबंधित परीक्षा दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली प्रातः 9:30 से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 2:30 से 4:30 बजे तक होगी।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह, संबंधित उप जिलाधिकारी एवं अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

साक्षात्कार 8 और 9 अक्टूबर को

देवरिया, । उपायुक्त उद्योग ने बताया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित ट्रेडों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं।

इसके तहत 8 अक्टूबर को दर्जी, नाई और धोबी तथा 9 अक्टूबर को हलवाई, राजमिस्त्री, लोहार और बढ़ई के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किए गए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, देवरिया में सुबह 10:30 बजे आयोजित किया जाएगा।

जनपद में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की होगी भर्ती

देवरिया ।उप जिलाधिकारी बरहज ने बताया कि जनपद के विभिन्न विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 के तत्वाधान में देवरिया जिले में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया गया हैं । 08 एवं 9 अक्टूबर को भागलपुर और भलुअनी ब्लॉक, 10 एवं 11 अक्टूबर को बरहज ब्लॉक में(प्रत्येक विकास खंड में 02 दिन का भर्ती शिविर किया जाएगा।) डिप्टी कमांडेंट रजनीश कुमार राय और भर्ती अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सिविल डिफेंस के तहत एनडीआरफ द्वारा ट्रेनिंग सभी प्रशिक्षु को भी दिया जाता है ।और सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाती है ।इसके अलावा उन्होंने बताया कि जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 167.5 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम तथा योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए ।ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधानुसार संबंधित विकास खण्डों में निर्धारित शिविर में साक्षात्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है ।जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा।

पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें सरकारी एवं गैर सरकारी जगहों के तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती की जाएगी।जैसे बनारस में , लखनऊ में प्रसिद्ध होटलों, मंदिरों, रेलवे मेट्रो, हॉस्पिटलों, विश्वनाथ मंदिर ,अयोध्या मंदिर इत्यादि जगहों में तैनात किया जाएगा।

किसान जागृति दिवस के रूप मनायी गयी किसान चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती

देवरिया। आज सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान मसीहा श्रद्धेय चौ० महेन्द्र सिंह टिकैत जी की 90 वे जयंती किसान जागृति दिवस के रूप में मनाई गई।सभी कार्यकताओं ने टिकैत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी। भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत एक ऐसे नेता थे जिनके अंदर सादगी कूट कूट कर भरा हुआ था।उनके हुक्के की गुड़गुड़ाहट लखनऊ और दिल्ली तक गूंजती थी।जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि सभी किसानों को बाबा टिकैत से सिख लेनी चाहिए।बाबा टिकैत हमेशा कहा करते थे कि वोट कही भी, किसी को भी दो मगर संगठित रहोगे तो वोट लेने वाला नेता कभी भी तुम्हारे वोट का अपमान नहीं करेगा।जनता निरन्तर काम करेगा।भाकियू पूर्वी उ०प्र० के सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि एक समय था जब टिकैत जी की आंधी चली थी चारों तरफ उनकी ही तूती बोलती थी ओ चाहे होते तो उनके सैकड़ों विधायक होते मगर उन्होंने राजनीति में कभी भी कदम नहीं रखा।राजनीति से हमेशा दूर रहे।कार्यक्रम में भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव जिला महासचिव धनंजय सिंह वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह जिला सलाहकार मदन चौहान जिला कोषाध्यक्ष चंद्रदेव सिंह जिला संगठन मंत्री दिग्विजय नारायण कुशवाहा युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिले में निषेधाज्ञा लागू 03 दिसम्बर, 2025 तक है प्रभावी

कुशीनगर।अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा ने समस्त जनपदवासियों को अवगत कराया है कि आगामी त्योहारों, जयंती, प्रस्तावित लोक सेवा आयोग द्वारा सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा(प्रा0) परीक्षा आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिगत लगने वाले भीड़ से शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था तथा लोक शांति भंग होने तथा परीक्षाओं की सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिगत शांतिपूर्ण संचालन हेतु परीक्षा केंद्रों के बाहर भी धारा 163 विस्तारित रहेगी।उपरोक्त के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखना आवश्यक है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट कुशीनगर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में लोक व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु एतद् संबंध में प्रतिबन्धात्मक आदेश/निषेधाज्ञा पारित किए हैं। उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से 03 दिसंबर, 2025 तक प्रभावी रहेगा।

पत्रकारिता अपनी सार्थकता प्रमाणित करती हैः प्रो. अनिल

जिला संवाददाता

देवरिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की सदर इकाई द्वारा गौरी बाजार में आयोजित सम्मेलन व सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व विभाग अध्यक्ष हिंदी विभाग प्रोफेसर अनिल राय ने कहा की लोक पक्ष के दृष्टिकोण के साथ ही पत्रकारिता अपनी सार्थकता प्रमाणित करती है ।प्रोफेसर राय ने कहा की पत्रकार का संबंध अपनी भाषा के साथ कवि और लेखक जैसा होता है ।भाषा मानव सभ्यता का सबसे बड़ा क्रांतिकारी अविष्कार है, इसके बिना ना तो कोई सृजन संभव है और न हीं प्रतिरोध।पत्रकार दुनिया को और ज्यादा सुंदर और मानवीय बनाने में अहम भूमिका निभाता है। गौरी बाजार के गंगोत्री पब्लिक स्कूल में तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रोफेसर राय ने कहा की पत्रकार हमेशा नया आविष्कार करता है और बहुत कुछ पुरानी और व्यर्थ हो चुकी सामाजिक निर्मितियों को तोड़ता भी है और यही भूमिका उसे समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना देती है। उन्होंने कहा कि नए सामंती पूंजीवादी हमलोन की पहचान तक ग्रामीण पत्रकारिता को अपनी जिम्मेदारियां का दायरा बढ़ाना होगा ।उन्होंने ग्रामीण पत्रकारिता की सराहने करते हुए कहा कि यह सच्चाई के सबसे करीब होती है ।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोंगो का सम्मान भी किया गया इनमें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित संजीव सिंह के साथ समाचार पत्रों के कर्मयोगी भी शामिल थे । समारोह को प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन वीरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए पत्रकारों से अपनी निष्पक्षता को हमेशा बनाए रखने की अपील किया ।सम्मेलन को प्रदेश सचिव जयप्रकाश गोविंद राव ,जिला अध्यक्ष नागेंद्र नाथ शर्मा ,सुरेंद्र देव मिश्र ,प्रेमचंद मिश्र ,जिला महासचिव डॉक्टर हरिशचंद्र मिश्रा ,मनोज तिवारी मधुर ,जिला उपाध्यक्ष रामनवल सिंह ,राजेंद्र सिंह ,गंगा शरण पांडे ,अश्वनी द्विवेदी आदि संबोधित किया। इसके पूर्व सम्मेलन में पहुंचे मुख्य अतिथि प्रो अनिल राय सहित अन्य अतिथियों का मणीन्द्र नारायण सिंह ,अश्विनी द्विवेदी, प्रेम कुमार सिंहासन यादव, सत्येंद्र दुबे, केपी गुप्ता ,जगदंबा यादव ,प्रमोद राय तहसील महामंत्री आदित्य मिश्रा ,आनंद मोदनवाल, पवन सिंह, नगर प नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मद्धेशिया ने माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

बारिश से मकान की छत ढही, तीन घायल

देवरिया।जिले के महुआडीह क्षेत्र में बारिश के कारण एक मकान की छत ढहने से उसके मलबे में दबकर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि देवरिया गांव में रविवार की रात करीब आठ बजे उर्मिला देवी (45) भोजन बनाकर दोनों बेटों हरिकेश सिंह (18) और सिद्धू (10) के साथ भोजन करने जा रही थीं। इसी बीच मकान की छत अचानक ढह गयी और उर्मिला और उनके दोनों बेटे मलबे में दब गए।उन्होंने बताया कि छत ढहने की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और शोर मचाया।शोर सुनकर मौके पर जुटे गांव के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर उर्मिला और उनके दोनों बेटों को मलबे से निकाला।तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह कुरुक्षेत्र में बरहज, महेन के गौरव कवि अमित कुमार मल्ल सम्मानित

बरहज,देवरिया। निर्मला स्मृति साहित्यिक समिति हरियाणा, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला और अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान के तत्वाधान में दिनांक 5 अक्टूबर 25 को राम स्वरूप सभागार कुरुक्षेत्र में हिंदी उत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में

- अमित मल्ल की दस पुस्तकें अब तक प्रकाशित हो चुकी है
- हिंदी साहित्यरत्न सम्मान दिया गया

मुख्य अतिथि हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ,पद्म प्रोफेसर रवींद्र और प्रो. बाबूराम उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अमित कुमार मल्ल को हिंदी साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया ।देवरिया के महेन के मूल निवासी अमित मल्ल वर्तमान में लखनऊ में रह रहे हैं ।श्री मल्ल 42 वर्ष से लेखन के क्षेत्र में हैं। इनकी दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। इसके पूर्व श्री मल्ल को उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान सहित अन्य सम्मानों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।इस कार्यक्रम में प्रोफेसर पूरन चंद टंडन दिल्ली , प्रो प्रदीप , प्रोफेसर पवन अग्रवाल लखनऊ , प्रो शर्मा मिजोरम आदि को भी सम्मानित किया गया।कवि एवम लेखक अमित कुमार मल्ल के सम्मानित होने पर बरहज नगर के शिव कुमार मल्ल, नमन प्रजापति, कवि रामेश्वर प्रसाद यादव, कवि रमेश तिवारी अन्जान, कवि अंजनी कुमार उपाध्याय, विनय मिश्र, नागरी प्रचारिणी सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इन्द्र कुमार दीक्षित, राकेश श्रीवास्तव, फैजान अंसारी, जीशान अंसारी ने शुभकामनाये दी हैं।

बांटी गई निःशुल्क साड़ियां

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे के रामगंज में समाजसेवी पंडित राम सहाय तिवारी के 21वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस अवसर पर सहाय सेवा ट्रस्ट द्वारा गरीब महिलाओं को निःशुल्क साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

कुशीनगर। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सोमवार को फाजिलनगर सीएचसी की स्वास्थ्य टीम ने विकास खण्ड के जनपदीय आदर्श कंपोजिट विद्यालय रुदवालिया में पहुंचकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।इस दौरान बच्चों को आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गई और स्वास्थ्य से जुड़ा परामर्श भी प्रदान किया गया।स्वास्थ्य टीम का नेतृत्व डॉ. पवन बहादुर सिंह और डॉ. भूपेन्द्र सिंह कर रहे थे।स्वास्थ टीम ने सुबह 10 बजे विद्यालय पहुंचकर कुल 265 विद्यार्थियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें आंख,कान, दांत, त्वचा, बुखार, पेट दर्द सहित अन्य बीमारियों की जांच की गई। जांच के पश्चात आठ बच्चों को आगे के इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फाजिलनगर जाने की सलाह दी गई ।चिकित्सकों ने बच्चों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी।उन्होंने बताया कि रोगों की प्रारंभिक पहचान से अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाया ज सकता है।आजकल बुखार, खांसी एवं पेट संबंधी बीमारियों को लेकर चिंता बढ़ रही है ।जब भी इस प्रकार की कोई दिक्कत हो तो सीएचसी पहुंचकर निःशुल्क इलाज और दवाएं प्राप्त करें ।इस अवसर पर जितेंद्रनाथ त्रिपाठी, रामकुंवर प्रसाद, सुनील त्रिपाठी, दीपक सिंह, अखंड प्रताप शाही, शाहआलम, सुनैना मिश्रा, मंजूर अली आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

मिशन अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइ द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जनपद बहराइच के थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत सर सैय्यद गर्ल्स इण्टर कॉलेज में भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करते हुए महिलाओं / बालिकाओं से संवाद कर जागरुक किया गया ।महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया ।यह भव्य कार्यक्रम यह संदेश देने में सफल रहा कि ह्लनारी सशक्तिकरण ही सशक्त समाज की पहचान है, और मिशन शक्ति 5.0 के माध्यम से जिले की प्रत्येक महिला सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ी है ।महोदय द्वारा यह भी संदेश दिया गया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से ही सशक्त समाज की पहचान सुनिश्चित होगी, महिला सुरक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है, अपराध मुक्त समाज की ओर हम सभी साथ मिलकर कदम बढ़ाएँ जिससे समाज में एकरुपता सुनिश्चित हो कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण *श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, * क्षेत्राधिकारी नगर *श्री पहुप सिंह, * प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर *श्री राकेश कुमार सिंह, * प्रभारी महिला थाना *श्रीमती मंजू यादव, * थानों की मिशन शक्ति टीम सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण व कॉलेज प्रबंधन, कॉलेज की छात्राएँ तथा अध्यापक गण भी मौजूद रहे

भरत से मिलते ही श्रीराम की आंखों से छलके आंसू

बहराइच। राजीव लोचन स्त्रवत जल तन ललित पुलकावलि बनी,अति प्रेम हृदयँ लगाइ अनुजहि मिले प्रभु त्रिभुअन धनीः की लयबद्ध पंक्तियों के बीच शहर में श्री मयार्दा पुरषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार रात ऐतिहासिक भरत मिलाप का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। भगवान श्रीराम-भरत, लक्ष्मण और शत्रुध्न का भावपूर्ण मिलन देख लोगों की आंखे छलक आई। इस दौरान जय श्रीराम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ सैकड़ों श्रद्धालु लीला के रोमांच और उत्साह से सराबोर रहे ।भरत मिलाप का जुलूस स्थानीय फायर स्टेशन चौराहे से शुरू होकर बिसात खाने पर जाकर समाप्त हुआ। रास्ते भर जगह-जगह लोगो ने भगवान राम की आरती उतारी तथा पुष्प बरसाएं। ग्रामीण अंचलों में भी भरत मिलाप के मौके पर सजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं ।रविवार को गाजे-बाजे के साथ निकले जुलूस में भगवान राम, हनुमान, सीता, लक्ष्मण,शत्रुघ्न व भरत शामिल रहे ।बिसातखाना लाइन में भगवान राम व भरत के मिलाप का मंचन हुआ। रावण का वध व उसकी सोने की लंका को राख करने की सूचना मिलने के बाद राम के भाई भरत ने उनसे मुलाकात के लिये अयोध्या से कूच कर दिया ।उल्लेखनीय हो कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी की ओर से किये जा रहे रामलीला मंचन में फायर स्टेशन के निकट से रामलीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल के आवास से भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।रामलीला का मंचन करने वाले कलाकारों से सुसज्जित राम, सीता, लक्ष्मण और उनकी बानर सेना के सेनापति हनुमान व भ्राता भरत की शोभा यात्रा निकाली गई ।जुलूस बिसातखाना स्थल पर बनाये गए पंडाल में देर रात पहुंचा। जहां एक ओर से भगवान राम और दूसरी ओर से भरत अपने भाइयों के साथ आकर भरत मिलाप का कार्यक्रम हुआ। भगवान राम और छोटे भाई भरत के मिलाप के समय राम की आंखों से आंसू छलक पड़े ।शोभायात्रा के दौरान छतों से महिलाओं ने जहां पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।तत्पश्चात मौजूद दर्शकों ने भगवान राम व उनके भाइयों,माता सीता,श्री हनुमान जी का माल्यापर्ण करके स्वागत किया।

महर्षि वाल्मीकि जयन्ती के अवसर पर रामायण पाठ-कीर्तन का होगा आयोजन

कुशीनगर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न मंदिरों में रामायण/कीर्तन आदि के आयोजन कराए जाने संबंधी आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक दौरान जिलाधिकारी उक्त कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने हेतु नोडल/सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन के अनुसार कार्यक्रम संपन्न कराने सहित कार्यक्रम संबंधित फोटोग्राफ्स एवं वीडियो सांस्कृतिक विभाग के मेल आईडी पर भेजना सुनिश्चित करेंगे।जिलाधिकारी ने बताया कि वाल्मीकि रामायण में निहित मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जन सामान्य को इससे जोड़ने के उद्देश्य से दिनांक 07 अक्टूबर, 2025 को महर्षि वाल्मीकि जयंती जनपदमें भव्य रूप से निम्नानुसार मनायें जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थल/मंदिर आदि पर दीप प्रज्वलन/दीपदान के साथ-साथ अनवरत 8, 12 अथवा 24 घंटे का वाल्मीकि रामायण का पाठ किये जाने के कार्यक्रम निर्धारित किये गए हैं।प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, मेयजल, सुरक्षा, ध्वनि, प्रकाश एवं दरी बिछावन आदि की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा तथा सभी आयोजन स्थलों पर आयोजन हेतु सक्षम स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे।इस अवसर पर सीडीओ गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी सहित पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं समस्त खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बांसी और हिरण्यवती नदी के पुनरुद्धार पर मंथन

कुशीनगर। जिलाधिकारी की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में आज बांसी नदी एवं हिरण्यवती नदी के पुनरोद्धार के संबंध में आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक दौरान बांसी नदी के पुनरोद्धार हेतु नामित नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा तैयार विस्तृत कार्य योजना से अवगत होने उपरांत जिलाधिकारी ने बधाई देते हुए कहा कि निश्चित रूप से यदि दृढ़ शक्ति से किसी भी कार्य को ठान लिया जाय तो बड़ा से बड़ा कार्य भी आसान हो जाता है। ग्राम प्रधान गंभीरिया एवं ग्राम प्रधान सिंघापट्टी द्वारा जलकुंभी हटाने हेतु मशीन की मांग पर जिलाधिकारी द्वारा गोरखपुर से मशीन मंगाए जाने हेतु आश्वासन दिया गया, उन्होंने इस अभियान हेतु लीडर शिप ग्राम प्रधानों द्वारा किए जाने एवं मा0 जन प्रतिनिधि गणों द्वारा से वार्ता कर लिए जाने, तथा गोता खोर/बोट हेतु अपर जिलाधिकारी को व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने उक्त अभियान दिवस पर स्वास्थ्य विभाग को विशेष तौर पर आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित रहने का निर्देश देने सहित विश्वास जताया कि इस सफाई कार्य को अच्छी तरह से पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने हिरण्यवती नदी के सफाई हेतु अपर जिलाधिकारी को भी 15 अक्टूबर के आस पास तिथि निर्धारित करते हुए कार्य का शुभारंभ कराए जाने का निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा उक्त सफाई अभियान अंतर्गत विस्तृत कार्य योजना से जानकारी देते हुए बताया कि दायित्वों के निर्वहन हेतु विभिन्न अधिकारियों की भागीदारी, सुनिश्चित करने सहित 08 अक्टूबर को जनप्रतिनिधि गणों की उपस्थिति में सफाई अभियान का शुभारंभ कराया जाएगा, जिसके अंतर्गत जेसीबी, पोकलैन, लेबर, ट्रैक्टर ट्रॉली, स्वास्थ्य विभाग की टीम, सहित पब्लिक एड्रेस सिस्टम एवं विभिन्न एनजीओ से वार्ता कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं, इसके अतिरिक्त आपदा मित्र एवं ग्रामवासी के माध्यम से श्रमदान कर सफाई कार्य का आरंभ किया जाएगा जो लगातार जारी रहेगा। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने हिरण्यवती नदी के सफाई हेतु विस्तृत कार्य योजना से अवगत कराया गया एवं अब तक हुए कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक दौरान ब्लॉक प्रमुख विशुनपुरा विंध्यवासिनी राय, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उप जिलाधिकारी कसया, डीसी मनरेगा , डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी,सहित अन्य सभी संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी गण, खंड विकास अधिकारी, अधिअभि नप के साथ बांसी नदी से लगे ग्राम पंचायत गंभीरिया एवं सिंघापट्टी के ग्राम प्रधान गण उपस्थित रहे।

बरामद हुए मोबाइलों को उनके धारकों को सुपुर्द किया गया

बहराइच।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामींण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी अपराध/पयागपुर श्री राज सिंह यादव व पुलिस उपाधीक्षक नारायण दत्त मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में सर्विलांस/ स्वाट प्रभारी श्री मनोज सिंह के नेतृत्व में टीम को मिली सफलता..... जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पीडितों के गुमशुदा हुये विभिन्न कम्पनियों के कुल 117 मोबाइल फोन कीमत लगभग 18,15,768/-रु0 को बरामद किया गया । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद में गुमशुदा होने वाले मोबाइलों की शतप्रतिशत बरामदगी हेतु सर्विलांस सेल/स्वाट टीम बहराइच को निर्देशित किया गया था, जिनके अनुपालन में टीम द्वारा विभिन्न कम्पनियों के गुमशुदा कुल 117 मोबाइल फोन बरामद किया गया ।आज दिनाँक 06.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मोबाइल धारकों से मिलकर उनके मोबाइल को उन्हें सुपुर्द किया गया एवं सर्विलांस सेल/ एसओजी प्रभारी श्री मनोज सिंह द्वारा कड़ी मेहनत और लगन से रुचि लेकर गुमशुदा मोबाइल बरामद करने पर महोदय द्वारा पूरी टीम की सराहना एवं प्रशंसा की गयी ।मोबाइल धारकों द्वारा अपना खोया हुआ मोबाइल फोन पाकर बहराइच पुलिस को धन्यवाद देते हुये प्रशंसा की गयी और भविष्य में गुम/खोये हुये मोबाईलो के सम्बन्ध में जनता से अपील की गयी कि अपने स्थानीय थाने पर प्रचलित सीईआईआर पोर्टल में मोबाईल की रशीद, पहचान पत्र के साथ उपस्थित होकर अपलोड कराये, अपलोड होने के बाद आपके द्वारा दिये गये नम्बर पर रिक्वेस्ट नम्बर प्राप्त होगा और भविष्य में कभी भी आपका फोन किसी के द्वारा अगर प्रयोग किया जायेगा तो मैसेज के माध्यम से नोटिफिकेशन प्राप्त होगा, जिसे थाने के माध्यम से रिकवर किया जायेगा।

अभी तक नहीं बहाल हुई बिजली आपूर्तिः सैकड़ों गांवों में अंधेरा

भटनी(देवरिया)।क्षत्र में अभी तक बिजली आपूर्ति बाधित होने से क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। हालांकि विभाग आपूर्ति बहाल करने के लिए फॉल्ट को ठीक करने में जुटा हुआ है।ऐसा कहा जा रहा है कि शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन को देखते हुए क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दिन में ही काट दी गई। मूर्ति विसर्जन का सिलसिला देर शाम तक चला।इसी बीच शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदल गया और रात के समय बारिश शुरू हो गई।रात भर पानी बरसता रहा जिससे बिलजी गुल रही।शनिवार की सुबह मूसलाधार बारिश के साथ तेज हवा चलने से जगह जगह पेड़ या डालियां टूट कर सड़क किनारे लगे बिजली के तारों पर गिर पड़ी जिससे खंभे व तार टूट गए। भटनी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े भटनी टाउन, हतवा, घाटी, बैकुंठपुर, बलुआ अफगान, भटनी देहात फीडर में बिजली के खंभे व तार टूट कर गिरने से बिजली व्यवस्था पूरी तरह से धराशाही हो गया।

विद्यालय के बच्चों ने स्तन कैंसर जन जागरूकता रैली निकाली

देवरिया ।सदर विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया के बच्चों द्वारा गांव में स्तन कैंसर जनजागरूकता रैली निकाली गई।एन जी ओ हुमाना द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमें बच्चियों और ग्रामीण महिलाओं को स्तन कैंसर और इसके कारण उपचार तथा रोकथाम के तरीके के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर एन जी ओ के सुपरवाइजर संजय कुमार ,रीमा पाण्डेय , टॉप द्वारा विशेषज्ञ प्रशिक्षण डॉक्टर लक्ष्मण मिश्रा प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी ,अनिल राय ,संध्या यादव, स्वाति सिंह ,राहुल सिंह ,विनीता कुमारी ,शाहजहां बेगम, रजनीकांत,जाकिर हुसैन , मुकंद मिश्र ,काजल गोंड,हरे राम कुशवाहा, अनुराग कुमार सहित विद्यालय के बच्चे तथा ग्रामीण उपस्थित रहें ।

बिहार में चुनावी शंखनाद

राजनीतिक दृष्टि से अति संवेदनशील, पार्टियों और नेताओं के लिए जटिल सियासी चुनौतियों से भरा बिहार एक बार चुनाव में जा रहा है। राजनीतिक रूप से अति जागरूक बिहार के मतदाता आगामी 6 और 11 नवंबर को बिहार राज्य की 18वीं विधानसभा को चुनने के लिए मतदान करेंगे। बिहार का यह चुनाव ऐसे मौके पर हो रहा है जब एक तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में महागठबंधन को अपनी सियासी चुनौती और प्रासांगिकता बनाये रखने के लिए बिहार चुनाव से सियासी ऊर्जा की जरूरत है, तो दूसरी तरफ एनडीए को भी यह साबित करना है कि हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में जो जनादेश उसे मिला, वह जनादेश, वह समर्थन और वैसी ही सियासी लय बरकरार है। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग दो चरणों में मतदान प्रस्तावित किया है। पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा 11 नवंबर को होगा। नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है, इसलिए उससे पहले चुनाव पूरे कर लिए जाएंगे। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर होगी, 18 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को होगी। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। गौरतलब है कि बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से 2 सीटें अनुसूचित जनजाति और 38 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस बार का चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन के बीच कांटे की टक्कर वाला होने की उम्मीद है। चुनाव में एनडीए की अगुवाई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे हैं, जबकि महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का दबदबा है। बिहार चुनाव में इस बार कई नये प्रयोग किये जा रहे हैं जो आगामी चुनावों में पूरे देश में लागू होंगे। चुनाव आयोग ने इस बार कई नए नियम बनाए हैं ताकि वोटिंग आसान और निष्पक्ष हो। हर पोलिंग बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे। बूथ लेवल ऑफिसर अब अपनी पहचान के लिए आईडी कार्ड साथ रखेंगे। वोटरों को पोलिंग बूथ के बाहर मोबाइल फोन जमा करना होगा। हर बूथ पर 100 फीसद वेबकास्टिंग होगी ताकि पूरी प्रक्रिया की निगरानी हो सके। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बैलट पेपर में भी बदलाव किया गया है। अब बैलट पेपर पर उम्मीदवारों की तस्वीरें रंगीन होंगी, जिनमें चेहरा तीन-चौथाई हिस्सा कवर करेगा। सीरियल नंबर बड़े और बोल्ड अंकों में छपेंगे ताकि पढ़ने में आसानी हो। ये नये बैलट पेपर बिहार चुनाव में पहली बार इस्तेमाल होंगे। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची को अपडेट करने का काम भी समय पर पूरा कर लिया है। यह काम 24 जून से शुरू हुआ था। राजनीतिक दलों ने आयोग से अपील की थी कि छठ पूजा के बाद तुरंत चुनाव कराए जाएं। छठ के समय बिहार में कई प्रवासी मजदूर अपने घर लौटते हैं, जिससे वोटिंग में ज्यादा लोग हिस्सा ले सकें। चुनाव आयोग ने संभवतः इस बात का ख्याल रखा है। क्योंकि चुनाव का पहला चरण छठ पूजा के महज एक सप्ताह बाद ही प्रस्तावित किया गया है। 2020 के विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुए थे। उस समय कोविड-19 की वजह से कई पाबंदियां थीं। इस बार ऐसी पाबंदियां नहीं होंगी। पिछले कई बार की तरह इस बार भी मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा और जोरदार होने वाला है। मौजूदा विधानसभा में एनडीए के पास 131 सीटें हैं, जिनमें बीजेपी की 80, जेडीयू की 45, हम (सेकुलर) की 4 और दो निर्दलीय शामिल हैं। महागठबंधन के पास 111 सीटें हैं, जिनमें आरजेडी की 77, कांग्रेस 19, सीपीआई(एमएल) की 11, सीपीआई(एम) की 2 और सीपीआई की 2 सीटें हैं। बिहार विधानसभा का हर चुनाव राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों, अध्येताओं के लिए बड़ा सब्जेक्ट होता है। इस बार भी जोरदार सियासी मुकाबला होगा और बाइपोलर चुनाव को प्रशांत किशोर की नयी-नबेली पार्टी एक तरह से त्रिकोणीय बनाकर बिहार में नया सियासी विमर्श खड़ कर दिया है। इसके क्या सियासी परिणाम होंगे यह तो बाद में मालूम होगा लेकिन दोनों गठबंधन जनसुराज से सतर्क हो गये हैं।

बिहार चुनाव देश के सियासी इतिहास में हर बार एक नया अध्याय जोड़ता है, यह परंपरा कायम रहने की उम्मीद पूरी है।

विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

–रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

–इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

–दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

–महात्मा गांधी.

ज्ञान-विज्ञान के विशारद आदिकवि बाल्मीकि

अरविन्द जयतिलक

बाल्मीकि रामायण ज्ञान का अथाह सागर है। मानव जीवन के लिए प्रकाशपूंज है। शोक और करुणा से निवृत्त होने का मंत्र और पवित्र जीवन का सम्यक मार्ग है। बाल्मीकि कृत रामायण न केवल भारत की महान धार्मिक सभ्यता और उसके मूल्यों को समझने का साहित्यिक एवं ऐतिहासिक साक्ष्य है, बल्कि भौतिक लोक की संजीवनी भी है।

जयंती पर विशेष

बाल्मीकि जी राम नाम का उच्चारण नहीं कर पाते थे। तब नारद जी ने विचार करके उनसे मरा-मरा जपने के लिए कहा और मरा रटते ही यही राम हो गया। 'उल्टा नाम जपत जग जाना, बाल्मीकि भए ब्रह्म समाना।' निरंतर जाप करते-करते हुए बाल्मीकि जी ऋषि बाल्मीकि बन गए। विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में सिरमौर रामायण जिसे आदि रामायण भी कहा जाता है और जिसमें भगवान श्रीराम के पवित्र एवं जनकल्याणकारी चरित्र का वर्णन है, के रचयिता महर्षि बाल्मीकि संसार के आदि कवि हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक ऐसा महाकाव्य है जो हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श और पावन जीवन के निकट लाता है। उनकी सत्यनिष्ठा, पितृ भक्ति और भ्रातृ प्रेम, कर्तव्यपालन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है। रामायण हिंदु स्मृति का वह अंग है जिसके माध्यम से रघुवंश के राजा राम की कथा कही गयी है।

हिंदू कालगणना के अनुसार रामायण का रचनाकाल त्रेतायुग माना जाता है। रामायण से प्रेरित होकर गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमान जैसे महान महाकाव्य की रचना की। शास्त्रों में कहा गया है कि बाल्मीकि की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उन्हें रामायण की रचना करने की आज्ञा दी। ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से उनको समय से पूर्व ही रामायण की सभी घटनाओं का ज्ञान हो गया और उन्होंने संस्कृत भाषा में महान ग्रंथ रामायण की रचना की। चूंकि प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना बाल्मीकि ने की इस कारण इस ग्रंथ को आदि ग्रंथ और बाल्मीकि को आदि कवि कहा गया है। बाल्मीकि के जीवन चरित को लेकर समाज व साहित्य में कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं बाल्मीकि ने रामायण में श्लोक संख्या 7/93/16, 7/96/18 और 7/111/11 में स्वयं को प्रचेता का पुत्र कहा है। मनुस्मृति में प्रचेता को वशिष्ठ, नारद व पुलस्त्स्य का भाई बताया गया है। प्रचेता का एक नाम वरुण भी है और वरुण ब्रह्मा जी के पुत्र थे। यह भी माना जाता है कि बाल्मीकि वरुण अथवा प्रचेता के 10वें पुत्र थे और उनके दो नाम- अग्निशर्मा और रत्नाकर थे। समाज में एक किवदंती यह भी है कि बाल्यावस्था में रत्नाकर यानी बाल्मीकि को एक निःसंतान भीलनी ने चुराकर उनका पालन-पोषण किया। भीलनी का समुदाय बर्बर था। वन्य जीवों का शिकार और दस्युकर्म उनके जीवनयापन का मुख्य साधन था। चूंकि रत्नाकर यानी वाल्मीकि इन्हीं भीलों की संगति में रहते थे लिहाजा वे भी इन्हीं कर्मों में लिप्त हो गए। बड़े होकर वे भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए दस्यु कर्म करने लगे। एक बार जंगल में उनकी मुलाकात नारद मुनि से हुई। उन्होंने रत्नाकर को सत्य का ज्ञान कराया। रत्नाकर ने नारद जी से अपने किए गए पापों से उद्धार का मार्ग पूछा। नारद जी ने उन्हें तमसा नदी के तट पर राम-राम का जाप करने का परामर्श दिया।

रत्नाकर दस्युकर्म का परित्याग कर कठोर साधना में जुट गए। कहा जाता है कि वे राम-राम का जप करना भूल मरा-मरा का जप करने लगे। कई वर्षों तक कठोर तपस्या के उपरांत उनके पूरे शरीर पर चीटियों ने बांबी बना ली, जिसके कारण उनका नाम बाल्मीकि पड़ा। राम-राम की जगह मरा-मरा का जाप करने वाले वाल्मीकि के बारे में कहा जाता है कि एक बार वे क्रौंच (सारस) पक्षी के जोड़े को प्रेमालाप करते हुए निहार रहे थे तभी उसी समय एक बहेलिए ने पक्षी के जोड़े में से नर पक्षी का वध कर दिया और मादा पक्षी विलाप करने लगी। उसके इस विलाप से महर्षि बाल्मीकि की करुणामय हो गए और उनके मुख से स्वतः ही श्लोक फुट पड़ा-'मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकम् अवधीः काममोहितम।' इसका अर्थ यह हुआ कि 'अरे बहेलिए तूने काममोहित मैथुनरत क्रौंच पक्षी को मारा है। जा तुझे कभी भी प्रतिष्ठा की प्राप्ति नहीं होगी।' वाल्मीकि ने अपने रामायण में अनेक घटनाओं के घटने के समय सूर्य, चंद्र एवं अन्य नक्षत्र की स्थितियों का भी उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट जानकारी मिलती है कि बाल्मीकि ज्योतिष व खगोल विद्या के भी विद्वान थे। यही नहीं उन्होंने अपने महाकाव्य में अद्वितीय शैली में प्रकृति का चित्रण, संवाद-संयोजन और विषय का प्रतिपादन किया है। बाल्मीकि रामायण में दर्शन, राजनीति, नैतिकता, शासन कुशलता व मनोविज्ञान का भी विशद् वर्णन है। इसका तात्पर्य यह है कि महर्षि बाल्मीकि विविध विषयों के ज्ञाता थे। शास्त्रों में वर्णित है कि अपने वनवास के मध्य में भगवान श्रीराम बाल्मीकि के आश्रम में गए थे। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है कि 'देखत बन सर सैल सुहाए, बाल्मीकि प्रभु आश्रम आए।'

इस उद्धरण से स्पष्ट है कि बाल्मीकि भगवान श्रीराम के समकालीन थे। तुलसीकृत रामचरित मानस के अनुसार जब भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी सीता का परित्याग कर दिया तब बाल्मीकि ने ही सीता को प्रश्रय दिया। वाल्मीकि और उनका महाकाव्य रामायण का उल्लेख अग्नि पुराण, गरुड़ पुराण, हरिवंश पुराण, स्कंद पुराण, मत्स्य पुराण, महाकवि कालीदास द्वारा रचित रघुवंश, भवभूति रचित उत्तर रामचरित, वृहद धर्म पुराण जैसे अनेक प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। वृहद धर्म पुराण में इस महाकाव्य की प्रशंसा 'काव्य बींज सनातन्' कह कर की गयी है। काव्यगुणों की दृष्टि से रामायण अद्वितीय महाकाव्य है। मूर्धन्य विद्वानों का मानना है कि यह महाकाव्य संस्कृत काव्यों की परिभाषा का आधार है। यह महाकाव्य परवर्ती महाकाव्यों के रचनाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। 24 हजार श्लोक और सात अध्याय वाले बाल्मीकि कृत रामायण में राम महानायक हैं और कथावस्तु उनके ही चारों ओर ही घूमती है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य में राम को महामानव के रूप चित्रित किया है लेकिन ईश्वरीय गुणों से प्रतिष्ठित होने के बावजूद भी राम अपने किसी भी क्रियाकलाप से मानवेत्तर प्रतीत नहीं होते हैं।

यहां तक कि शत्रुओं का संहार करते समय भी उनके द्वारा वैष्णवी शक्ति का उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने सागर पर सेतु निर्माण में भी किसी मायाशक्ति का उपयोग नहीं किया। उन्होंने नर-वानरों के योगदान से सेतु का निर्माण किए। अपने भ्राता लक्ष्मण की मुर्च्छा को दूर करने के लिए उन्होंने संजीवनी लाने के लिए हनुमान जी को हिमालय भेजा। इस महाकाव्य में केवल राम व सीता के ही चरित्र का वर्णन नहीं है बल्कि दशरथ, कौशल्या, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न, हनुमान, सुग्रीव इत्यादि पात्रों के चरित्र को भी सशक्त तथा प्रेरक रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह ग्रंथ पितृभक्ति, भ्रातृ प्रेम, पातिर्व्रत्य धर्म, आज्ञापालन, प्रतिज्ञापूर्ति तथा सत्य परायणता की शिक्षा प्राप्त होती है। इस ग्रंथ में सभी चरित्र अपने धर्म का पालन करते हैं। राम एक आदर्श पुत्र हैं। पिता की आज्ञा उनके लिए सर्वोपरि है। पति के रूप में राम ने सदैव एकपत्नी व्रत का पालन किया। राजा के रुप में प्रजा के हित के लिए स्वयं के हित को हेय समझते हैं। बाल्मीकि के राम वीर्यवान, नीतिकुशल, धर्मात्मा, मर्यादापुरुषोत्तम, प्रजावत्सल, शरणागत को शरण देने वाले, तेजस्वी, विद्वान, बुद्धिमान, धैर्यशील, सुंदर, पराक्रमी और दुष्टों का संहार करने वाले हैं। रामायण भ्रातृभाव का भी अनुपम उदाहरण है।

सोशल मीडिया

हम राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व का स्वागत करते हैं क्योंकि गाजा में शांति प्रयासों से निर्णायक प्रगति हुई है। बंधकों की रिहाई के संकेत एक महत्वपूर्ण कदम का संकेत है। पीएम मोदी.

आ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एडीए की सरकार ने विकास, सुशासन और समृद्धि की ओर बढ़ते हुए बिहार को नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। शिवराज सिंह चौहान.

आगरा में मूर्ति विसर्जन जैसे पावन अवसर पर एक बार फिर सरकारी व्यवस्था में कमी से कई लोगों को जान गंवानी पड़ी, बीजेपी सरकार इंतजाम में नाकाम क्यों रहती है। अखिलेश यादव.

चुनौतियों का सामना

अंतर्दृष्टि

मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़के आगे चलकर चमक जाते हैं। पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें।

हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए। बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती। गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है।

दिनोंदिन बढ़ रही चुनावी चकाचौंध

व्यंग्यलोक

गुरु जी! हमारा देश अनादिकाल से ही उत्सवों, महोत्सवों, पर्वों की भूमि रहा है। यहां सूरज से लेकर धूर्त तक की पूजा, उपासना होती है। पूजा के मामले में हम बहुत लिबरल हैं। पर जबसे हम स्वतंत्र हुए हैं हमारी उत्सवों की धरती पर एक और महोत्सव मनाया जाने लगा है, और वह है, उत्सवों का उत्सव! चुनाव महोत्सव! और उत्सवों की आभा भले ही आज फीकी पड़ने लगी हो, पर चुनाव महोत्सव की चकाचौंध पिछले महोत्सव के मुकाबले अगले महोत्सव में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। महोत्सव के दिनों होने वाले खर्चे को देखकर अब तो लक्ष्मी, कुबेर भी परेशान होने लगते हैं। पांच सालों के बागी, निष्कासित, दलबदलू अपने गले में फूलों की मालाएं डलवा अपने घर लौटने लगते हैं। कई अपने हितार्थ बंधन मुक्त होते हैं तो कई अपने विकास की संभावनाएं देख नए गठबंधन में बंधते हैं। महोत्सव नजदीक आते ही वे कुछ भी करने को आमादा दिखते हैं। शुरू शुरू में यह उत्सव बड़ी सादगी से मनाया जाता था। पर धीरे धीरे जैसे जैसे इस उत्सव में वोटरों को अपनी हिस्सेदारी का पता चला, उत्सव में जीतकर आने वालों को अपनी संभावनाओं का पता चला, तबसे यह उत्सव खर्चीला होता गया।

अशोक गौतम

चुनाव महोत्सव की खासियत यह है कि यह महोत्सव महोत्सव होने की संभावित तारीख से पहले ही मनना शुरू हो जाता है। तब चुनाव जीत कर उन्मांद पर बसे धीरे धीरे वोटरों के बीच उतरना शुरू करते हैं, एक दूसरे के कार्यकर्ता आपस में भिड़ना शुरू करते हैं। सक्रिय तो सक्रिय, निष्क्रिय भी एकशन मोड़ में आ जाते हैं। एक दूसरे के खजानों पर छापे डलवाने का दौर शुरू होता है। चोर के विरुद्ध सीना तानकर चोर खड़ा होता है। जैसे ही इस महोत्सव को मनाने की आधिकारिक घोषणा हो, महोत्सव मनाने की आदर्श आचार संहिता लागू होती है, चारों ओर हुड़दंग शुरू हो जाते हैं। वह उत्सव ही क्या जिसमें हुड़दंग न हो। वोटरों तो वोटरों, बाजार, घर की दीवारों, पेड़ों के तनों तक से ये वे गले लगे मिलते हैं। चुनाव महोत्सव में गंगा में पानी से भी अधिक पैसा गली, बस्तियों में बहाया जाता है। बुद्धिजीवियों तक को उल्लू, उल्लू का परदादा बनाया जाता है। इस महोत्सव के आरंभ होते ही हर टाइप के नेता लोग अपनी अपनी जेब में अपने अपने हिसाब का खर्च लेकर अपने अपने वोटरों को सर्च करने निकल पड़ते हैं। इस महोत्सव में नेताओं द्वारा एक दूसरे के कपड़े उतारे जाते हैं, एक दूसरे के कपड़े फाड़े जाते हैं। जो मन में आए बका जाता है। कोई किसी को कुछ नहीं कहता... और जैसे ही महोत्सव के आखिरी दिन वोटर अपने वोट का दान इन्हें देता है उसके तुरंत बार अगली घोषणा तक चुनाव महोत्सव बंद जाता है।

विश्व व्यापार में सिरदर्द बन गये हैं समुद्री लुटेरे

सामयिक

एक ऐसे दौर में, जब पलक झपकने भर की देरी में कोई खबर दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंच जाती है, ग्लोबल लीडर एक ही दिन में धरती के एक छोर में नाश्ता करते हैं और डिनर के लिए धरती के दूसरे छोर में मौजूद होते हैं। उस दौर में अगर समुद्री लुटेरे मध्य युग की याद दिलाएं तो यह सब मजाक जैसा ही लगता है। मगर यह मजाक कतई नहीं है। हाल के सालों में लगातार समुद्री डकैतियों की संख्या बढ़ी है। साल 2023 की पहली छमाही में समुद्री लुटेरों द्वारा समुद्र के बीचोंबीच मालवाहक जहाजों को अगवा करने की 65 घटनाएं घटीं, जिसमें 57 में ये बकायदा हमला करने में सफल रहे थे और चार जहाजों पर हमला करने का इनका प्रयास असफल गया था। दो का इन्होंने अपहरण कर लिया था और दो व्यापारिक जहाजों से लुटेरों के साथ जबरदस्त गोलीबारी हुई थी।

हैरानी की बात यह है कि समुद्री लुटेरों ने जिन भी जहाजों पर हमला करने का लक्ष्य किया, उसमें से 90 प्रतिशत जहाजों पर वे हमला करने में सफल रहे थे यानी इन पर वह चढ़ गये थे। 14 चालक दलों का इन्होंने अपहरण किया था, दो को इन्होंने जबरदस्त घायल कर दिया था और करोड़ों डॉलर की वसूली की थी। महज जनवरी से जून 2023 के बीच समुद्री लुटेरों के आतंक का यह ब्यौरा इसलिए डराता है, क्योंकि हर गुजरते साल के साथ समुद्री डकैती की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। गुजरी 4 जनवरी 2024 की शाम, समुद्री लुटेरों की ऐसी ही एक हरकत की खबर भारतीय नौसेना को समुद्री सुरक्षा की निगरानी करने वाले संगठन 'यूनाइटेड किंगडम मैरीन ट्रेड ऑपरेशन' (यूकेएमटीओ) से मिली। वास्तव में इसने अपने ही पोटेल में एक संदेश फ्लैश किया कि हथियारों से लैस पांच छह अज्ञात हमलावर दोपहर करीब सवा तीन बजे व्यापारिक जहाज एमवी लीला नॉरफॉक को इंटरसेप्ट (अगवा) कर लिया है। इस जानकारी के बाद भारतीय नौसेना फौरन हरकत में आयी और इसका जहाज आईएनएस चेन्नई सोमालिया के करीब अगवा किये गये व्यापारिक जहाज की तरफ बढ़ा। इस दौरान आईएनएस चेन्नई पर प्रीडेटर एमक्यू9बी ड्रोन और इंटीग्रल हीलोज के जरिये इस पर लगातार नजर रखी गई। जैसे ही आईएनएस चेन्नई अगवा जहाज के पास पहुंचा, अपने हेलीकॉप्टर लांच कर दिए और आनन फानन में नौसेना के मार्कोस कमांडो अगवा जहाज पर उतर गये। इसके पहले रास्ते में ही अपहरणकताओं को संदेश जारी कर दिया गया था कि भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो रवाना हो चुके हैं, इसलिए भलाई इसी में है कि वे जहाज छोड़कर भाग जाएं वरना लुटेरों की खैर नहीं होगी। मार्कोस का समुद्री डाकुओं पर बहुत खौफ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब मार्कोस कमांडो अगवा जहाज के डेक पर हेलीकॉप्टर के जरिये उतरे, तब तक सोमालिया के हथियारबंद लुटेरे जहाज छोड़कर भाग चुके थे।

इस तरह सोमालिया के लुटेरों से भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो ने अगवा कार्गो शिप को बचा लिया, जिसके 21 क्रू मेंबर्स में 15 भारतीय थे। भारतीय नौसेना ने इतनी तेजी से यह कार्यवाई की कि चार घंटो के भीतर ही समुद्री लुटेरे पस्त होकर भाग खड़े हुए। लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के सबसे अहम समुद्री गलियारे पर इन दिनों समुद्री लुटेरों का आतंक है। एक दशक पहले बीबीसी ने समुद्री लुटेरों के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में होने वाले नुकसान से संबंधित एक व्यापक रिपोर्ट छापी थी, जिसके मुताबिक हर साल 12 अरब डॉलर से ज्यादा का नुकसान समुद्री व्यापार को ये उठाईगीर आतंकी कर रहे हैं। जाहिर है अब यह नुकसान और ज्यादा बढ़ चुका होगा, क्योंकि लगातार समुद्री डकैतियों में इजाफा हो रहा है। सबसे बड़ी बात ये है कि इन डाकुओं पर नौसेनाओं द्वारा निगरानी रखने के कारण हर साल अरबों रुपये इस प्रक्रिया में खर्च हो रहे हैं और अगर खर्च का आंकलन किया जाए तो अफ्रीका के तटों को छोड़कर दूर के रास्तों से गुजरने के कारण अरबों डॉलर का खर्च अलग से बढ़ गया है। लब्बोलुआब ये कि पूर्वोत्तर अफ्रीका, नाइजीरिया, गिनी की खाड़ी और मल्लका जलडमरू मध्य के आसपास जिस तरह से समुद्री लुटेरों ने अपना आतंक बनाया है, उससे वैश्विक व्यापार के लिए ये एक बड़े सिरदर्द के रूप में उभरे हैं। जितना जल्दी हो सके दुनिया को एकजुट होकर इनका सफाया करना चाहिए वरना ये आगे बढ़ती दुनिया को सदियों पीछे धकेल देंगे। **– नरेन्द्र शर्मा.**

आपकी बात

औद्योगिक विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है।

जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

रोजगार अवसरों को बढ़ायें

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े। ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए। जो सरकारी नौकरियों में चयनित हो जाते हैं उनसे वहां बेहतर काम लेना चाहिए।

कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.

संक्षेप

बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, महिला की मौत

ललितपुर। निकटवर्ती ग्राम अनौरा निवासी जोधन पाल पुत्र मर्दन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 अगस्त को अपराह्न 3.30 बजे उसकी पत्नी गेंदा रानी अपने दामाद ग्राम टीला निवासी कनई पुत्र भागीरथ के साथ मोटर साइकिल सं. यू.पी. 94 ए.के. 1401 पर सवार होकर ग्राम डोंगरा से सतरवांस होते हुये अपने गांव अनौरा जा रही थी। सतरवांस हाई-वे पुल के नीचे दामाद ने तेज गति व लापरवाही से बाइक चलायी, जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गयी। घायलावस्था में गेंदारानी को एम्ब्युलेंस से सीएचसी बिरधा लाया गया, जहां गेंदारानी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कनई के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

बस से युवक को रौंदने पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। महरौनी के ग्राम बैजनाथ निवासी देवेन्द्र सिंह पुत्र बल्देव सिंह ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका भाई हरदेवसिंह बीती 4 अक्टूबर को शाम करीब साढ़े छह बजे गांव से महरौनी बाइक से आ रहा था। किसरदा के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही बस संख्या यू.पी.94 टी 5588 के चालक ने लापरवाही से बस चलाते हुये उसके भाई को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने देवेन्द्र की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 व 281 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

सड़क निर्माण को जल्द पूर्ण कराये जाने की मांग

ललितपुर। हाई-वे से करीब सात सौ मीटर दूर बसे मोहल्ला मथुरानगर में जिला पंचायत से पास हुयी सड़क का जल्द निर्माण कराये जाने की मांग को लेकर लोगों ने एकराय होकर जिलाधिकारी अमनदीप डुली को एक ज्ञापन सौंपा है। बताया कि पनारी नहर पर सड़क से मिलने वाले रास्ता व दूसरी ओर मसौराकलां गांव के दोनों मौजाओं के मिलन पर रास्ता है, जो कि पनारी-वे से 700 मीटर दूरी पर मोहल्ला मथुरानगर बसा है, जो कि कच्चा है, यहां से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियां होती हैं। आरोप है कि यहां के लिए जिला पंचायत से सड़क पास हो गयी है, लेकिन यहां रहने वाले एक दबंग व्यक्ति द्वारा सड़क निर्माण नहीं होने दिया जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कोई बीमार व्यक्ति अस्पताल नहीं जा पा रहा है, बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी है और बुजुर्गों-महिलाओं को भी दिक्कतें उठानी पड़ रहीं हैं। इसलिए मोहल्लेवासियों ने जिला पंचायत से पास सड़क का जल्द निर्माण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय कपूर सिंह पटेल, बालकिशन, मोनू नायक, रानू, वंशी, महेश, रामसिंह पटेल, शकुंतला सहरिया, दशरथ, रामलाल, राजकुमार, जितेन्द्र सिंह, अभी, अनु राजा, बृगभान सिंह, हरिओम सहरिया, राहुल, राजा, अवधेश, अभिषेक, धीरज, छन्नूलाल आदि मौजूद रहे।

ट्रक की टक्कर से मृत होने पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। ग्राम बमराना व हाल नई बस्ती निवासी सुप्रिया उर्फ रजनी पत्नी संजय कुमार टोंटे ने कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी है।

बताया कि बीती 30 सितम्बर को अपराह्न करीब 3.30 बजे वह अपने पति के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 3420 से ललितपुर अपनी रिश्तेदारी में सिंदवाहा जा रहे थे तभी बिरधा में हाई-वे पर तेज गति से भाग रहे ट्रक संख्या आर.जे.32 जी.डी. 2060 के चालक ने मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति और वह जमीन पर गिरकर घायल हो गये व मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

अयोध्या को मिलेगा रिंग रोड का तोहफा, निर्माण शुरू

जिला संवाददाता

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक नगरी अयोध्या को जल्द ही एक बड़ा उपहार मिलने वाला है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस उपहार की नींव भी रखा दी है। यह उपहार कुछ और नहीं बल्कि बहुप्रतिष्ठित रिंग रोड है। परियोजना पर कार्य शुरू हो गया है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो लक्ष्य है की 2028 तक इस पर सरपट वाहन दौड़ेंगे। यह परियोजना न केवल अयोध्या की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी, बल्कि पर्यटन और आर्थिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगी। लगभग 3418 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस 67.50 किलोमीटर लंबे और 60 मीटर चैड़े रिंग रोड पर सात फ्लाईओवर, चार रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), 16 वाहन अंडरपास, 11 मेजर ब्रिज और 18 माइनर ब्रिज का निर्माण शामिल है। इसके अलावा सरयू नदी पर दो भव्य पुलों का निर्माण भी प्रस्तावित है, जो अयोध्या को बस्ती और गोंडा से जोड़ेंगे।यह परियोजना अयोध्या को राष्ट्रीय राजमार्गों जैसे एनएच 27 (लखनऊ-गोरखपुर), एनएच 330 ए (अयोध्या-रायबरेली), एनएच 330 (अयोध्या-प्रयागराज), और 135 ए (अयोध्या-वाराणसी वाया अम्बेडकर नगर) से जोड़ेगी। इसके अतिरिक्त अयोध्या-गोंडा मार्ग को भी इस रिंग रोड से जोड़ा जाएगा। यह परियोजना अयोध्या के यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए आवागमन को और आसान बनाएगी। परियोजना के तहत सरयू नदी पर दो पुलों का निर्माण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। पहला पुल राजेपुर के पास अयोध्या को बस्ती से जोड़ेगा, जबकि दूसरा पुल ढेमुवा घाट अप साइड पर अयोध्या-गोंडा मार्ग को जोड़ेगा। इसके अलावा अयोध्या से वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ और मनकापुर की रेलवे लाइनों पर चार आरओबी का निर्माण होगा, जो रेल और सड़क यातायात के बीच तालमेल सुनिश्चित करेगा।जिलाधिकारी निखिल टीकाराम के अनुसार परियोजना के लिए आवश्यक जमीन अधिग्रहण का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। 90 फीसदी से अधिक जमीन का अधिग्रहण हो चुका है, जिससे परियोजना को गति मिली है। वर्तमान में छह मेजर ब्रिज, दो माइनर ब्रिज, छह

- परियोजना पर आयेगी 3418 करोड़ की लागत, सरयू पर दो पुल भी हैं प्रस्तावित
- 67 किमी में होंगे सात फ्लाईओवर, चार आरओबी व 16 अंडरपास

फ्लाईओवर और 13 वाहन अंडरपास पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। कार्यदायी संस्था मेसर्स सीगल अयोध्या बाईपास हाइवे प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना पर तेजी से काम शुरू की कर दिया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी हो और गुणवत्ता के मानकों का पालन हो।

3418 करोड़ रुपये की इस परियोजना का अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। रिंग रोड के निर्माण से न केवल यातायात की भीड़भाड़ कम होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से तीर्थयात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में यह रिंग रोड तीर्थयात्रियों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करेगा। साथ ही यह परियोजना स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी।लक्ष्य है कि 2028 में इस परियोजना के पूर्ण होने पर अयोध्या न केवल एक धार्मिक केंद्र के रूप में बल्कि एक आधुनिक और विकसित शहर के रूप में भी अपनी पहचान बनाएगी। योगी सरकार की यह पहल अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत करेगी। रिंग रोड के निर्माण से अयोध्या में बुनियादी ढांचे का विकास होगा, जिससे न केवल स्थानीय निवासियों को लाभ होगा, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को भी सुविधा मिलेगी।जिला अयोध्या में बाइपास निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा एनएच-27, एनएच-330ए और एनएच-330 पर एक साथ कई स्थलों पर कार्य किया जा रहा है। ग्राम कटरौली, मगलसी, मऊ यदुवंशपुर तथा खानपुर मसौदा में अंडरपास निर्माण कार्य गति पकड़ चुका है, वहीं ग्राम हरिपुर जलालाबाद, हुंसेपुर, रायपुर मनापुर और खरगापुर में एम्बैंकमेंट (बंधा) निर्माण कार्य निरंतर प्रगति पर है।निर्माण कार्य पूरे होने पर शहर का यातायात सुगम होगा और बाइपास बनने से अयोध्या आने-जाने वाले वाहनों को जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

जिला अयोध्या में ह्लसाउदर्न अयोध्या बाईपासह्न परियोजना के अंतर्गत कार्य विभिन्न स्थलों पर प्रगति पर हैं। तहसील सोहावल में ग्राम रायपुर, मनापुर, खरगापुर, ताजपुर कोधारा, गोपालपुर, बिच्छिया, मऊयादुवंशपुर, सोफियापारा, महावन, रघ्घोपुर, टोनीय बिहारिपुर, खानपुर मसौधा, बिरौली, शिवदासपुर, भदोखर, उघरपुर, सुक्खापुर इतौरा, डदेहरा, बैसिंह, रामदत्तपुर अतरवा, समहा कला, सरेठी, समहा खुर्द, परखन, रामपुर हलवारा उपरहार, रामपुर हलवारा मंजहा, सरायरासी मंजहा आदि ग्रामों में सड़क, अंडरपास, फ्लाईओवर, लघु एवं प्रमुख पुलों के निर्माण कार्य प्रारंभ किए गए हैं।

जिलाधिकारी के निरीक्षण से सीएचसी में हड़कंप

ललितपुर। विगत कई दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा में अव्यवस्थाओं की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही थीं, जिनका संज्ञान लेते हुए जिला मजिस्ट्रेट अमनदीप डुली ने उप जिला मजिस्ट्रेट ललितपुर मनीष कुमार के साथ रविवार को सायं 4.30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरधा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में काफी अनियमितताएं पाई गईं। जिस पर संबंधित चिकित्सकों को कड़ी फटकार लगाते हुए आज ही कमियां दूर कराकर अवगत कराने के निर्देश दिए गए, साथ ही उप जिला मजिस्ट्रेट को साप्ताहिक तौर पर चिकित्सालय का पर्यवेक्षण कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित क्षेत्रीय लोगों को आश्वस्त किया कि कल सोमवार से चिकित्सालय की व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेंगी और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अंधेरा पसरा हुआ था और मौके पर एक भी चिकित्सक या स्टाफ मौजूद नहीं था। आयुष्मान कक्ष में ताला लगा था, यहां वहां कुत्ते बैठे हुए थे, मरहम पट्टी कक्ष में भी कोई कर्मचारी नहीं था। इसके अलावा दीवार पर अधिकारियों की सूची अद्यतन नहीं थी, इसमें स्थानांतरित अधिकारियों का नाम अभी भी दर्ज था। इमरजेंसी वार्ड में एक महिला मरीज अपने बेड पर थीं, जिनकी देखरेख के लिए कोई स्टाफ नहीं था। इसके अलावा चिकित्सालय का पुरुष शौचालय बंद था एवं महिला शौचालय में भारी गंदगी पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने घोर नाराजगी व्यक्त की।

- चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं की शिकायतों का संज्ञान लेकर अवकाश के दिन मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी
- चिकित्सकों व स्टाफ की अनुपस्थिति पर चिकित्सा अधीक्षक को लगाई कड़ी फटकार
- जनता को चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने का दिलाया भरोसा

मौके पर स्थानीय निवासी भी पहुंच गए और जिलाधिकारी से शिकायत की कि चिकित्सालय में पूर्व से स्थापित पानी का आरओ निकलवा दिया गया है, जिसके फलस्वरूप यहां पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है, चिकित्सालय

में जनरेटर उपलब्ध है परंतु बिजली जाने की स्थिति में जनरेटर नहीं चलाया जाता है, कुपोषित बच्चों के लिए बना एनआरसी वार्ड हमेशा बंद रहता है। ओपीडी नियमित रूप से नहीं चलाई जाती है और इमरजेंसी में डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं रहते हैं उपरोक्त स्थितियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाकर कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिए कि आज के आज ही पेयजल, विद्युत एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं और कल से निर्धारित समय तक चिकित्सकों व स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में जो भी कमियां पाई गई हैं भविष्य में उनकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी निरीक्षण समाप्त होने के बाद डॉ छत्रपाल सिंह एवं डॉ राजकुमार जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए, जिलाधिकारी ने उक्त चिकित्सकों को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने के कड़े निर्देश दिए, साथ ही निरीक्षण में अनुपस्थित स्टाफ का स्पष्टीकरण लेते हुए उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

लोकतंत्र की आत्मा है मीडियाः अवधेश प्रसाद

अयोध्या। प्रेस क्लब अयोध्या में आयोजित ह्लप्रेस से मिलिएह्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, सचिव जेपी सिंह, पूर्व सचिव टी0एन0 तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार सुश्री सुमन गुप्ता, उग्रसेन मिश्र, रूपेश श्रीवास्तव, सुबोध श्रीवास्तव, लालजी तिवारी आदि पत्रकारों ने सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा मीडिया है, और इसकी स्वतंत्रता व सच्चाई पर सवाल उठाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार बाबू शीतला सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों के सच्चे प्रहरी थे। सांसद अवधेश प्रसाद ने इस अवसर पर प्रेस क्लब अयोध्या में एक हाल बनवाने की घोषणा की, जिसका उपस्थित पत्रकारों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार, बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन प्रेस क्लब के सचिव वरिष्ठ पत्रकार जय प्रकाश सिंह ने किया।

पिंक बूथ का आयुक्त, डीआईजी ने किया शुभारंभ

बांदा। महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मण्डलायुक्त व पुलिस उपमहानिरीक्षक ने संकट मोचन मन्दिर के पास बने पिंक बूथ पुलिस चैकी का फीता काटकर शुभारंभ किया। नगर पालिका परिषद के निर्मित पिंक बूथ में महिला पुलिसकर्मी 24 घण्टे तैनात रहेंगी। पिंक बूथ का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित, भरोसेमंद और सहज माहौल प्रदान करना है ताकि वह बिना किसी भय अथवा संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करा सकें। मंदिरों, बाजारों, भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के पास इन बूथों की स्थापना से महिलाओं की पहुँच पुलिस तक आसान हो जाएगी साथ ही यह पिंक बूथ मिशन शक्ति जैसे अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक स्थायी प्लेटफॉर्म की तरह कार्य करेंगे जिससे महिलाओं, बालिकाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना बढ़ेगी। इस दौरान जिलाधिकारी जे0रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर, सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक, अधिशाषी अधिकारी श्रीचन्द, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अभिषेक खरे, शोभाराम कश्यप, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, राजस्व निरीक्षक रामजस सिंह, पुलिसकर्मी व अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

रेलवे फाटक नगीना पटरी पर कार्य चलने से मंगलवार की शाम 6 बजे तक बंद रहेगा

नगीना, बिजनौर। उत्तर रेलवे धामपुर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के अनुसार नगीना कोतवाली रोड स्थित रेलवे फाटक संख्या 471 बी के कि0मी0 1475/17-19 नगीना बुन्दकी रेलव स्टेशन के बीच रेल पटरी पर स्लीपर की मरम्मत कार्य के चलते सोमवार की सुबह 6 बजे से मंगलवार की शाम 6 बजे तक के लिए रेलवे फाटक बंद रहेगा। पीछले दिनों उक्त रेलवे फाटक पर कार्य चलने के कारण बीत 26 सितंबर से 29 सितंबर तक रेलवे फाटक बंद रहने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उधर दुसरी ओर नगीना कालाखेडी रेलवे फाटक अन्डरपास के निर्माण के चलते कई माह से बंद पड़े होने से आजाद कालोनी लाइनपार व आसपास के एक दर्जन गांवों के लोग पहले से ही इस गंभीर समस्या से परेशान हैं।

विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण

बांदा। नगर के संकट मोचन विद्युत उपकेन्द्र का उर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, चेयरमैन मालती गुप्ता बासु व जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने लोकार्पण किया। उर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और इस नवीन सौगात के लिए शुभकामनायें दीं। सदर विधायक ने बताया कि उपकेन्द्र के निर्माण से चिल्ला रोड उपकेन्द्र तथा भूरागढ़ उपकेन्द्र का भार कम होगा जिससे लोगों को लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग की समस्या से निजात मिलेगी तथा रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। इस विद्युत उपकेन्द्र में चिल्ला रोड से पोषित बाम्बेश्वर, संकट मोचन, मुक्तिधाम, रोडवेज एवं भूरागढ़ फीडर से पोषित खुटला, मढ़िया नाका, फूटाकुआं आदि क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को जोड़ा गया है जिससे नगर के लगभग बीस हजार लोगों को परियोजना का लाभ मिलेगा। कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर का समग्र विकास है, लोगों के सुगम आवागमन के लिए चैड़ी सड़कें, निर्बाध विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति के लिए वह निरन्तर प्रयासरत हैं। इस दौरान ब्लाक प्रमुख रवीन्द्र गर्ग, जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, जिला मंत्री पंकज रैकवार, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, राजेश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, मनोज जैन, अशोक गुप्ता पुष्कर द्विवेदी, रजत सेठ, श्याम सिंह, प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख अजय सिंह, रामपाल प्रजापति, सन्तोष राजपूत, अंकित बासु, दुर्गा चैरसिया, लखन राजपूत, पार्टी कार्यकर्ता एवं विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

पीठासीन और मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण

जिला संवाददाता

ललितपुर। अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, ललितपुर उप निर्वाचन-2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों- पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम का प्रशिक्षण कल्याण सिंह सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जहां मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतदान कार्मिकों को पार्टी रवानगी से लेकर मतदान सम्पन्न होने के बाद तक की समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि 15 अक्टूबर 2025 को मतदान दिवस के दिन पूर्ण रुप से निर्भीक होकर अपने दायित्वों की पूर्ति करें, जिला प्रशासन की तैयारियां पूर्ण हैं, पोलिंग पार्टियां मतदान से एक दिन पूर्व रवाना होंगी। इस दौरान किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क नहीं रखना है। सभी कार्मिक उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाएं, किसी भी निर्वाचन सम्बंधी कार्य को नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है। इसके उपरान्त प्रशिक्षकों द्वारा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन की बारीकियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। यह भी बताया गया कि यहां बतायी जा रही बातों को ध्यान से अध्ययन कर लें, इसके बाद गूगल शीट के माध्यम से 25 प्रश्नों वाला एक्जाम भी लिया जाएगा, ताकि प्रशिक्षण का मूल्यांकन हो सके। प्रशिक्षण के दौरान कुल 380 कार्मिकों में से 5 कार्मिकों के अनुपस्थित रहने पर उनके कार्यालयाध्यक्षों को सीडीओ द्वारा 3 दिवस के भीतर उक्त कर्मचारियों के स्पष्टीकरण साक्ष्य सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए, साथ ही अवगत कराया गया कि अनुपस्थित कार्मिकों को दिनांक 08 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण दिलाया जाना सुनिश्चित करायें, अन्यथा की स्थिति में उक्त कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-134 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दीपक यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव व मास्टर ट्रेनर व मतदान कार्मिक उपस्थित रहे।

- 380 में 5 कार्मिक रहे अनुपस्थित, कार्यालयाध्यक्षों को स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश
- अनुपस्थित कार्मिकों का 8 अक्टूबर को विकास भवन सभागार में होगा प्रशिक्षण

दशहरा मिलन समारोह का आयोजन

महोबा। संत शिरोमणि नामदेव समाज सेवा समिति कबरई इकाई के तत्वावधान में नामदेव समाज द्वारा दशहरा मिलन समारोह का आयोजन कबरई के शिशु शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी समाजजनों ने संत नामदेव जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान समाज उत्थान के विषय में विचार विमर्श किया गया। साथ ही आगामी दिनों में जयंती पर भी चर्चा हुई। इस मौके पर नामदेव समाज के संरक्षकगण और कबरई समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन संत कुमार नामदेव द्वारा किया गया। इस मौके पर संबोधित करते हुए संरक्षक डॉक्टर अशोक कुमार नामदेव ने कहा कि यह कोई राजजीतिक मंच नहीं बल्कि दशहरा पर्व के अवसर पर सभी बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेने के लिए लोगों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य पर सत्य के जीत के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है। आज हम सभी को क्षेत्र की समुचित विकास के लिए सारे आपसी विद्वेषों को भुलकर एक मंच पर खड़ा होने का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने सभी को दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर कबरई नगर के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नपाप अध्यक्ष ने किया जिम का उद्घाटन

नगीना, बिजनौर। नगर पालिका परिषद नगीना की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम पुत्र युवा समाजसेवी शेख शहराज खलील व शादमान ने लक्जरी फिटनेस जिम का फीता काटकर उद्घाटन किया। रविवार की शाम नगर पालिका परिषद नगीना की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र युवा समाजसेवी शेख शहराज खलील व शादमान ने अपने समर्थकों के साथ रायपुर बस अड्डे के निकट लक्जरी फिटनेस जिम का फीता काट कर उदघाटन किया। लक्जरी फिटनेस जिम के स्वामी सुहैल मुल्तानी ने उद्घाटन मे आये सभी लोगो का स्वागत किया। लक्जरी फिटनेस जिम के स्वामी सुहैल मुल्तानी ने बताया की उनके यहां फिटनेस से संबन्धित अनेक प्रकार की मशीन आयी हुई हैं। जिम करने से अपने आप को रोगों से बचाने के लिए हमें अपनी दिनचर्या मे जिम को शामिल करना पड़ेगा क्योंकि जिम करने से हमारे शरीर, मन, आत्मा को ऊर्जा, ताकत और सौंदर्य प्रदान करता हैं इस। इस मोके पर राशिद मुल्तानी, रियासुद्दीन उस्मानी, मौ0 अहमद, आलम मुल्तानी, सुबहान मुल्तानी, जुनैद खां, आशु मुनीम, मारूफ मुल्तानी, सुलेमान उस्मानी, बिलाल कुरैशी आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

छात्राओं ने संभाला प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य का पदभार

ललितपुर। सिलावन में ठाकुर रघुवीर सिंह इन्टर कॉलेज सजनाम तिराहा में सांकेतिक रूप से कु0 अंजना ने प्रधानाचार्य एवं आस्था सेन ने उप प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। प्रथम बेला से पूर्व दोनों छात्राओं को प्रधानाचार्य के0के0 सोनी एवं उप प्रधानाचार्य देवेन्द्र प्रकाश शुक्ला ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने मिष्ठान खिलाकर आज का कार्यभार सौंपा। दोनों छात्राओं ने बखूबी अपने पदों का निर्वहन किया और समस्त कक्षाओं का जायजा लिया।

अन्तिम बेला के उपरान्त पदासीन छात्राओं ने आकस्मिक मीटिंग आहूत की जिसमे रोड के नियमों का पालन करने हेतु पीने के पानी की सुदृढ़ व्यवस्था हेतु छात्रों को अवगत कराने के निर्देश दिए। गदगद हुए सभी शिक्षकों ने करतल ध्वनि से छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य के0के0 सोनी, उप प्रधानाचार्य देवेन्द्र प्रकाश शुक्ला, थान सिंह राजेश तिवारी, रोहित भोंडेले, कल्याण सिंह, राजू पांचाल, रत्ना रिछारिया, सत्यनारायण, सीमा साहू, नीरज, बालचन्द, दीपचंद, संजय, अभिषेक के अलावा लिपिक लल्लूराम, अंश नामदेव हरनाम, नरेन्द्र आदि मौजूद रहे।

कार व ट्रक की टक्कर में दो की मौत, पति-पत्नी की हालत गंभीर

बिजनौर। सामने से आ रहे एक ट्रक व कार की टक्कर में में एक युवती व एक युवक की मौत हो गई। जबकि पति-पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल कार से दोनो के शवों को व घायलों को कार से निकाला। घायलों को प्राईवेट हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बिजनौर के नजीबाबाद मार्ग स्थित इन्द्रलोक कालोनी निवासी शिवकुमार के पुत्र लक्ष्य व मंयक आज अपनी टाटा टियागो कार द्वारा मीरापुर की तरफ से बिजनौर वापस लौट रहे थे। इनके साथ कार में मयंक की पत्नी रिया व रिया की चचेरी बहन प्रियंका भी कार में ही सवार थे। जैसे ही इनकी गाड़ी मीरापुर तिराहे के पास मोंटी मिलयन रेस्टोरेंट के सामने पुल पर पहुंची तो सामने से आ रहे एक ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गये। राहगीरों ने तुंरत ही घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस व राहगीरो ने कार से बड़ी मुश्किल घायल लोगों को बाहर निकाला और पुलकित हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां लक्ष्य व प्रियंका को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद रेस्टोरेंट पर लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरे से घटना का वीडियों भी सामने आया है। जिसमें ट्रक बहुत ही मध्सम गति से अपनी साइड आ रहा है जबकि सामने से आ रही टाटा टियागो कार तेज गति से आती है और अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा जाती है। चिकित्सको के अनुसार मयंक व रिया की हालत नाजुक बताई गई है।

छात्राओं को किया जागरूक, एक दिन का बनाया एआरटीओ

बांदा। मिशन शक्ति 5.0 के तहत सोमवार को परिवहन विभाग ने राजकीय, वित्त पोषित महाविद्यालयों की 50 छात्राओं को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के बारे में जिला प्रोबेशन कार्यालय में कामिनी सिंह एवं अखण्ड हिन्द फौज की जिलाध्यक्षरूपाली सिंह ने जागरूक किया। उन्होने महिलाओं के लिए चल रही जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी और कार्यालय में छात्राओं के शिक्षार्थी लाइसेंस रजिस्टेज्शन कराया। इस दौरान लाइसेंस सम्बन्धी प्रक्रिया के बारे में

बताया। बिना हेलमेट, सीटबेल्ट लगाये वाहन चालकों को रोककर छात्राओं ने हेलमेट लगाये जाने एवं सीटबेल्ट लगाये जाने के फायदे के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया तथा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी। सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन उदयवीर सिंह ने छात्राओं से बात कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्यामलाल ने परिवहन विभाग की सेवाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी और कैशलेस योजना, राहवीर योजना एवं हिट एण्ड रन, सोलेशियम स्कीम के बारे में बताया। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की छात्रा मधु कुशवाहा को 1 दिन का एआरटीओ बनाकर वाहनों की जांच कराई गयी तथा अन्य छात्राओं ने वाहनों चालकों को यातायात नियमो के बारे में जागरूक किया। इस दौरान सौरभ कुमार, आरटीओ, उदयवीर सिंह, आरटीओ प्रवर्तन, श्यामलाल, एआरटीओ, राम सुमेर यादव, पीटीओ, वीरेन्द्र नाथ राजभर आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

काइनेटिक ग्रीन ने पेश किया ई-लूना प्राइम

पुणे। काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आज ई-लूना प्राइम लॉन्च करने की घोषणा की। यह खास तौर पर भारत के रोजमर्रा के यात्रियों के लिए तैयार की गई इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन है। ई-लूना प्राइम आधुनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक का इस्तेमाल करते हुए उन लाखों यात्रियों की जरूरतों को पूरा करती है, जो किफायती होने के साथ-साथ आकर्षक, प्रैक्टिकल, दमदार और भरोसेमंद निजी वाहन चाहते हैं—चाहे वे शहर में हों या ग्रामीण इलाकों में। आइकॉनिक ब्रांड ई-लूना की शानदार सफलता के बाद—जिसने अपने लॉन्च के कुछ ही महीनों में 25,000 से अधिक यूनिट्स बेची हैं—काइनेटिक ग्रीन ने अब भारत के बड़े एंट्री-लेवल कम्यूटर मोटरसाइकिल सेगमेंट में कदम रखा है। इस कड़ी में लॉन्च हुई ई-लूना प्राइम को खास तौर पर इस ग्राहक वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। ई-लूना प्राइम को भारत की विकास यात्रा का सशक्त उत्प्रेरक माना जा रहा है। इसका लक्ष्य लगभग 75 करोड़ भारतीयों—यानी करीब 50% आबादी—के लिए व्यक्तिगत मोबिलिटी को सुलभ बनाना है, जिनके पास अभी तक दोपहिया वाहन नहीं है। हर तरह की सड़क और कठिन इलाकों को संभालने के लिए डिजाइन की गई ई-लूना प्राइम में मजबूत 16-इंच के अलॉय व्हील्स दिए गए हैं।

इस्त्री वालों की आय में 100 करोड़ की बढ़ोतरी

बंगलुरु। उद्यम व्यापार ने आज एक उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है, इनके इस्त्री प्रोजेक्ट ने सितम्बर 2025 तक देश भर में इस्त्री करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को कुल आय में रु 100 करोड़ की बढ़ोतरी के लिए सक्षम बनाया है। उद्यम में हमारा मानना है कि नैनो-उद्यमी भारत की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, अगर इन्हें सही सहयोग मिले तो ये बड़ी आबादी के जीवन में सुधार ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट के साथ रु 100 करोड़ का आंकड़ा पार करना न सिर्फ हमारे लिए, बल्कि हजारों वेंडर्स के लिए भी गौरव की बात है, जिन्होंने इस बदलाव को अपनाया है। यह दर्शाता है कि किस तरह स्थानीय आजीविका के समाधान राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव उत्पन्न कर, आय, स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय परिणामों में सुधार ला सकते हैं। यह उपलब्धि उन हज़ारों वेंडर्स से जुड़ी है, जिन्होंने हम पर भरोसा किया और कोयले को छोड़कर एलपीजी को अपनाया। उन्होंने महसूस किया है कि वे किस तरह अपने कारोबार में बदलाव ला सकते हैं। इस्त्री प्रोजेक्ट की शुरुआत एक सरल विचार के साथ हुई थी, स्ट्रीट वेंडर्स को उनकी उत्पादकता बढ़ाने एवं ईंधन की लागत में सुधार लाने के लिए मदद करना।

साम्प्रे न्यूट्रिशन्स के बोर्ड ने दी 355 करोड़ के एफसीसीबी को मंजूरी

बंगलुरु। लिक्विड कन्फेक्शनरी मैन्युफैक्चरर, साम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने चार करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के फॉरेन करन्सी कन्वर्टिबल बॉन्ड (एफसीसीबी) जारी करने की मंजूरी दे दी है, जो 355.06 करोड़ रुपये के बराबर है। कंपनी एफसीसीबी की सब्सक्रिप्शन अमाउंट के अनुसार एक लाख अमेरिकी डॉलर प्रति बॉन्ड के 400 एफसीसीबी जारी करेगी। एफसीसीबी फंड का उपयोग ईजिप्ट और लाइबेरिया (मोनरोविया) जैसे उभरते बाजारों में कंपनी की ग्लोबल फुटप्रिन्ट को व्यापक बनाने के उद्देश्य से किया जाएगा। यह टार्गेट एक्सपान्शन हाई-ग्रोथ हो वाले क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करने, रेवन्यु स्ट्रीम में विविधता लाने और अंतर्राष्ट्रीय एफएमसीजी क्षेत्रों में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से डिजाइन किया गया है।

सोशल का नया मेन्यू लॉन्च

नयी दिल्ली। सोशल, दबिंग ड्रॉप पीना एडिशन के साथ एक जश्न मना रहा है। यह एक ऐसा ड्रिंक्स मेनू है जो हर टेबल, हर अड्डे और हर तरह की नाइट आउट के लिए उपयुक्त है। सोशल हमेशा से सिर्फ गिलास में क्या है, उससे कहीं बढ़कर रहा है, बल्कि यह उसके आसपास के लोगों के बारे में भी है। इस मेनू को हमारे मेहमानों की बातों को ध्यान से सुनकर तैयार किया गया है। बेफुनी यादें जो उन्हें पसंद हैं, वे फॉर्मेट जो उन्हें मजेदार लगते हैं, और वे रीति-रिवाज जिनका वे पालन करते हैं। नवीनता केवल गिलास के अंदर की चीज में नहीं है, बल्कि यह मेज पर कैसे पहुँचती है, इसमें है। चंचल लेकिन परिचित, प्रत्येक सर्व को पहली घूंट लेने से पहले ही कहानियों को जगाने के लिए डिजाइन किया गया है। मेनू विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर उपलब्ध है, जिसमें सोशल इंस्टेंस जैसे विकल्प रुपये 395 से शुरू होते हैं, जो साबित करते हैं कि बेहतरीन कॉकटेल शिल्प कौशल से समझौता किए बिना भी आपकी पहुँच में हो सकते हैं।

सेंसेक्स में 583 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को आईटी एवं वित्तीय शेयरों में खरीदारी आने से लगातार तीसरे दिन तेजी रही। मानक सूचकांक सेंसेक्स 583 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 25,000 का स्तर पार कर लिया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 582.95 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 639.25 अंक चढ़कर 81,846.42 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 183.40 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से निफ्टी तीन सत्रों में कुल 466 अंक यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड और टाइटन के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। दूसरी तिमाही के नतीजे आने से पहले, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्रों में तेजी आने से घरेलू शेयर बाजार ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबारी सत्र का समापन किया। बैंकिंग सूचकांक ने बड़े अनुसूचित बैंकों के मजबूत तिमाही विवरणों और आकर्षक मूल्यांकन से बेहतर प्रदर्शन किया। मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई आईटी केंद्रित खंड में सर्वाधिक 2.21 प्रतिशत की तेजी रही जबकि आईटी खंड 1.96 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड 1.60 प्रतिशत और बैंकिंग खंड 1.10 प्रतिशत चढ़ गया। दूसरी तरफ जिंस, एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां), दूरसंचार, उपयोगिता एवं धातु खंडों में गिरावट रही। बैंकों, आईटी एवं स्वास्थ्य देखभाल शेयरों में बढ़त आने से बाजार सकारात्मक दायरे में बना रहा। हालांकि व्यापक दायरे में तेजी नहीं थी और यह दर्शाता है कि कमजोर धारणा के साथ निवेशक अभी सतर्क बने हुए हैं। चीन और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

सोना 9,700 रुपये उछलकर 1.3 लाख के पार, चांदी भी 1.57 लाख के ऊपर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 9,700 रुपये की छलांग लगाते हुए 1,30,300 रुपये के नए शिखर पर पहुंच गईं। यह उछाल विदेशी बाजारों में सुरक्षित निवेश की मांग और रुपये में कमजोरी के कारण आया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने बताया कि स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना उछलकर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। इस तरह पीली धातु के भाव में एक ही कारोबारी सत्र में 9,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये बढ़कर 1,22,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह पिछले सत्र में 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद हुआ था। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में आई गिरावट ने इस तेज उछाल में बड़ी भूमिका निभाई। सोना नए रिकॉर्ड पर पहुंचा है क्योंकि निवेशक अब भी इस कीमती धातु में दिलचस्पी बनाए हुए हैं। उन्हें भविष्य में इसके दाम और भी बढ़ने की उम्मीद है। अमेरिका में वित्तीय प्रावधान न होने से सरकारी कामकाज लंबे समय तक ठप होने की आशंका से आर्थिक प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। इस वजह से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ रही है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 51,350 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 65.04 प्रतिशत की तेजी देखी गई है। सोने का भाव दिसंबर, 2024 में 78,950 प्रति 10 ग्राम पर था। सोने की तरह चांदी की कीमतों में भी जोरदार बढ़ोतरी दर्ज की गई।

भारत और कतर ने की व्यापार व निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा



दोहा। भारत और कतर ने सोमवार को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी के साथ विचार-विमर्श किया। गोयल दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, हमने भारत-कतर द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की और व्यापार, निवेश तथा रणनीतिक सहयोग में बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

मंत्री दोनों देशों के बीच निवेश के अवसरों पर चर्चा करने के लिए यहां एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब दोनों देश एक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करने पर विचार कर रहे हैं। कतर खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) में भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 2024-25 में 14.15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक था।

रुपया तीन पैसे टूटकर 88.82 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.82 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में डॉलर के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में रातोंरात उछाल से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर और भारतीय रुपये ने हालांकि सीमित दायरे में कारोबार किया। विदेशी पूंजी की निकासी और भू-राजनीतिक घटनाक्रम के बीच इसे सकारात्मक घरेलू शेयर बाजारों से समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.75 पर खुला। कारोबार के अंत में 88.82 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को आठ पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.79 पर बंद हुआ। रुपया 30 सितंबर को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.80 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। हमारा अनुमान है कि घरेलू बाजारों में मजबूती और अमेरिकी डॉलर में समग्र कमजोरी से रुपया सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी भी रुपये के लिए फायदेमंद हो सकती है। हालांकि, डॉलर के लिए आयातक मांग तेज बढ़त को रोक सकती है। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 88.50 से 89 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.43 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 582.95 अंक उछलकर 81,790.12 अंक पर जबकि निफ्टी 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.58 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

निवेश जुटाने तोक्यो पहुंचे हरियाणा के सीएम नायब सिंह

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निवेश जुटाने, प्रौद्योगिकी एवं विनिर्माण में सहयोग बढ़ाने और राज्य को वैश्विक निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में पेश करने के इरादे से सोमवार को जापान की यात्रा पर तोक्यो पहुंचे।

जापान की तीन-दिवसीय यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने अपने दौरे के पहले दिन जापान के विदेश राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा और अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री कोगा यूइचिरो से मुलाकात की और व्यापार, निवेश एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के अवसरों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा से सार्थक चर्चा हुई। हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने पर विचार किया गया। मैंने उन्हें नवंबर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मैंने अगले साल अप्रैल में प्रस्तावित हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदार देश बनने का आमंत्रण भी दिया। उन्होंने बैठक में हरियाणा और जापानी उद्यमों के बीच संभावित सहयोग, विशेषकर लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र में साझेदारी के अवसरों पर चर्चा की।

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में मासिक आधार पर घटी

नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर नए ऑर्डर एवं गतिविधियों की धीमी गति के कारण सितंबर में अगस्त के उच्च स्तर से नीचे आ गई। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक सितंबर में 60.9 पर आ गया जो अगस्त में 15 साल के उच्च स्तर 62.9 पर पहुंच गया था। इस नरमी के बावजूद सितंबर माह का सेवा पीएमआई सूचकांक 50.0 के तटस्थ स्तर से काफी ऊपर रहा जो उत्पादन में एक और महत्वपूर्ण वृद्धि का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, देश के सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियां अगस्त के हालिया उच्च स्तर से सितंबर में कम हुईं...। सर्वेक्षण के अनुसार, मंदी का एक कारण भारतीय सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय मांग में नरम सुधार भी है। सितंबर में बाहरी बिक्री में फिर भी वृद्धि हुई लेकिन मार्च के बाद से यह सबसे कम रही। कंपनियों ने निर्यात ऑर्डर की वृद्धि में मंदी के पीछे मुख्य वजह अन्यत्र कम कीमतों पर सेवाओं की आपूर्ति को बताया। कीमतों के मोर्चे पर इसमें कहा गया कि मुद्रास्फीति की गति मध्यम रही जो मार्च के बाद से सबसे धीमी और मोटे तौर पर दीर्घावधि श्रृंखला औसत के अनुरूप रही क्योंकि भारतीय सेवाओं के प्रावधान के लिए ली जाने वाली कीमतें भी सितंबर में कमजोर दर से बढ़ीं। सर्वेक्षण के अनुसार, सितंबर के दौरान रोजगार सृजन धीमा रहा। रोजगार में मामूली वृद्धि हुई क्योंकि निगरानी में रखी गई कंपनियों में से पांच प्रतिशत से भी कम ने नियुक्ति में वृद्धि दर्ज की। इस बीच, भारत के निजी क्षेत्र में मजबूत वृद्धि जारी रही लेकिन सितंबर के दौरान नए ऑर्डर, अंतरराष्ट्रीय बिक्री, व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में धीमी वृद्धि हुई। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कम्पोजिट आउटपुट सूचकांक सितंबर में 61.0 पर पहुंच गया जो अगस्त में 63.2 रहा था। यह जून के बाद से विस्तार की सबसे कमजोर दर को दर्शाता है। समग्र पीएमआई सूचकांक तुलनीय विनिर्माण व सेवा पीएमआई सूचकांकों का भारित औसत है।

भारत की ऊर्जा मांग 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी

नयी दिल्ली। ब्रिटिश तेल कंपनी बीपी ने सोमवार को कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की तेल एवं ऊर्जा मांग वर्ष 2050 तक अन्य देशों से अधिक बढ़ेगी और यह वैश्विक ऊर्जा बाजार का 12 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बन जाएगा।

बीपी के मुख्य अर्थशास्त्री स्पेंसर डेल ने बीपी की ऊर्जा परिदृश्य 2025 रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि भारत इस समय दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक एवं उपभोक्ता देश है और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की तेल मांग 54 लाख बैरल प्रतिदिन के मौजूदा स्तर से बढ़कर 2050 तक 91 लाख बैरल प्रतिदिन हो जाएगी। इस दौरान प्राकृतिक गैस की खपत भी लगभग दोगुनी होकर 63 अरब घन मीटर से बढ़कर 153 अरब घन मीटर हो जाएगी। यदि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2023 से 2050 तक औसतन पांच प्रतिशत प्रति वर्ष रहती है तो देश की प्राथमिक ऊर्जा खपत में भी महत्वपूर्ण वृद्धि होने की संभावना है। उसी भारत की बढ़त में रोजगार... मांग का सात प्रतिशत हिस्सा रखने वाले भारत की 2050 तक 12 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ विश्व ऊर्जा बाजार में एक महत्वपूर्ण भूमिका हो जाएगी। रिपोर्ट में दो परिदृश्य पेश किए गए हैं। पहला परिदृश्य मौजूदा वृद्धि-पथ पर आधारित है जबकि दूसरा परिदृश्य वैश्विक तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की कमी लाने से संबंधित है। पहले परिदृश्य में भारत में कोयले का हिस्सा 2050 तक 40 प्रतिशत से ऊपर रहेगा, जबकि दूसरे परिदृश्य में यह घटकर 16 प्रतिशत रह जाएगा। प्राकृतिक गैस की खपत दोनों ही परिदृश्यों में एक से तीन प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ेगी। भारत विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता ऊर्जा बाजार है। सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय संसाधनों का हिस्सा बढ़ेगा लेकिन जीवाश्म ईंधन की मांग भी बनी रहेगी। भारत के वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म बिजली क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को भी सराहा, जो निर्धारित समय के एक-दो साल आगे जाकर पूरा हो जाएगा। भविष्य में भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आयात पर निर्भरता कम करना और घरेलू उत्पादन बढ़ाना अहम होगा। भारत की तेल मांग 2050 तक लगातार बढ़ती रहेगी।

पेज एक का शेष

मैरी ई ब्रुनको,

का खुलासा किया। नोबेल समिति ने कहा कि इसकी शुरुआत 1995 में साकागुची द्वारा एक अज्ञात टी कोशिका के उपप्रकार की खोज से हुई, जिसे अब नियामक टी कोशिकाएं या टी-रेग्स के रूप में जाना जाता है। फिर, 2001 में, ब्रुनको और रैमस्डेल ने फॉक्सपी-3 नामक जीन में एक संभावित उत्परिवर्तन की खोज की। यह जीन एक दुर्लभ मानव स्वप्रतिरक्षी रोग में भी भूमिका निभाता है। नोबेल समिति ने कहा कि दो साल बाद, साकागुची ने इन खोजों को जोड़कर दिखाया कि फॉक्सपी3 जीन उन टी-रेग्स के विकास को नियंत्रित करता है, जो बदले में अति-प्रतिक्रिया करने वाली टी कोशिकाओं के अन्य रूपों का पता लगाने और उन्हें रोकने के लिए एक सुरक्षा प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं। कैरोलिंस्का संस्थान की रोमेटोलॉजी प्रोफेसर मैरी वारेन-हर्लेनियस ने कहा कि इस कार्य ने प्रतिरक्षा विज्ञान के एक नए क्षेत्र का द्वार खोल दिया। दुनिया भर के शोधकर्ता अब स्वप्रतिरक्षी रोगों और कैंसर के उपचार विकसित करने के लिए नियामक टी कोशिकाओं का उपयोग करने पर काम कर रहे हैं।

भाजपा का

वाले स्वच्छता मित्रों का सम्मान और स्वच्छता किट का वितरण किया। सीएम ने सफाईमित्रों पर पुष्पवर्षा भी की। एक बच्ची ने सीएम के साथ फोटो भी खिंचवाई। सीएम योगी ने कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चला। 17 को आधुनिक भारत के शिल्पी, प्रधानमंत्री और काशी के लोकप्रिय सांसद नरेंद्र मोदी, 25 को अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय और दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का पावन जन्मदिन रहा। इस दौरान भाजपा ने अखिल भारतीय स्तर पर अनेक कार्यक्रम किए। इस श्रृंखला में तीन महीने पहले से 75 दिन के इस अभियान को लेकर डॉ. नीलकंठ तिवारी ने इसे प्रारंभ किया और एक-एक मोहल्ले में जाकर स्वच्छता के बड़े कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। हर जनप्रतिनिधि इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे। सीएम ने कहा कि जनता-जनार्दन से अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि चुनाव आ गया तो दिखाई दे रहे हैं। बहुत लोग चुनाव के समय दिखाई देते हैं तो पूर्वी उत्तर प्रदेश में जनता कहती है-आ गइल, लेकिन जहां जनप्रतिनिधि थोड़े भी जागरूक हैं। मौके पर जाकर जनता की सुनवाई करते हैं तो समस्या वहीं समाधान का रास्ता निकाल लेती है।

शांति-सौहार्द

मां अन्नपूर्णा की कृपा है। उन्होंने बच्चों को हिदायत भी दी कि कंप्यूटर सुविधा का माध्यम है तो भटकाव भी है। हमें सकारात्मक रूप से ज्ञान को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, जो जीवन को उज्ज्वल बनाने में योगदान दे सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्र संस्कृत या आधुनिक विषय का अध्ययन करते हुए अनवरत भारतीय संस्कृति व परंपरा के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। कंप्यूटर का भी आधुनिक ज्ञान ले रहे हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि विज्ञान, गणित व अंग्रेजी की भी जानकारी लें, सेना, अर्धसेना व पुलिस बल में धर्मगुरुओं की बड़ी संख्या निकलती है। आने वाले समय में संस्कृत ही दुनिया की जोड़ने वाली भाषा रहेगी। संस्कृत के बिना किसी का काम नहीं चलेगा। सीएम ने कहा कि संस्कृत के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति नहीं थी। यूपी में हमने प्रयास किया और संस्कृत पढ़ने वाले हर छात्र के लिए छात्रवृत्ति जारी की। आने वाले समय में व्यवस्था करने जा रहे हैं कि संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों के लिए रहने और खाने की व्यवस्था भी सरकार अनुदान देगी। संस्कृत में विशिष्ट शोध और उच्च अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए भी विशिष्ट छात्रवृत्ति जारी करने वाले हैं। हमारा उद्देश्य है कि संस्कृत में पढ़ने-पढ़ाने और शोध को बढ़ाने वाले छात्रों के साथ अच्छे विद्वान भी बढ़ सकें। संस्कृत में वेद और व्याकरण भारत की विशिष्ट देन है। दुनिया का पहला विश्वविद्यालय तक्षशिला भारत में स्थापित हुआ था। पाणिनी वहीं की देन हैं। पाणिनी के व्याकरण में उस समय के इतिहास, परंपरा व भारत के बारे में विस्तृत अध्ययन प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा कि जब मां अन्नपूर्णा, बाबा विश्वनाथ व मां गंगा की कृपा बरसती है तो ऐसे ही शुभ कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त प्राप्त हो जाते हैं। इस संस्थान की स्थापना के 108 वर्ष होने के साथ आज शरद पूर्णिमा से जुड़ रहे हैं। यह आयोजन यूपी सरकार के मिशन शक्ति (महिला सुरक्षा, सम्मान व नारी स्वावलंबन) को भी जोड़ रहा है।

बिहार में

नामांकन पत्रों की जांच होगी और 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर को होगी, 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उनके अनुसार, राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जिनमें पुरुष मतदाता 3.92 करोड़ और महिला मतदाता 3.50 करोड़ हैं। कुमार ने बताया कि 14 लाख मतदाता बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान कर सकेंगे। बिहार की वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। राजनीतिक दलों ने निर्वाचन आयोग से अक्टूबर के अंत में छठ पर्व के तुरंत बाद चुनाव कराने का आग्रह किया था, ताकि अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके, क्योंकि बड़ी संख्या में राज्य के बाहर काम करने वाले लोग उस दौरान त्योहारों के लिए घर लौटते हैं। राज्य में वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि में तीन चरणों में हुए थे।

चुनाव में 17

17सी और ईवीएम डेटा के बीच बेमेल होने की स्थिति में वीवीपीएटी (वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) पर्चियों की गिनती अनिवार्य होगी। जिन केंद्रों पर मतदान के अभ्यास से जुड़ा डेटा मिटाया नहीं जा सकेगा, वहां पर भी वीवीपैट पर्चियों की गिनती अनिवार्य होगी।

बुर्कानशीं

पढ़ने पर जांच होगी। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट दिशानिर्देश है कि मतदान केंद्र के कैसे पर पहचान का सत्यापन होगा और उनका कड़ाई से पालन होगा। इससे पहले, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बीते शनिवार को निर्वाचन आयोग से विधानसभा चुनाव एक या दो चरणों में कराने और मतदान केंद्रों पर बुर्का पहनकर पहुंचने वाली महिलाओं के चेहरे का मिलान मतदाता पहचान पत्र से करने की मांग की थी।

11 नवम्बर

दिए जाने के एक मामले में भाजपा विधायक कंवरलाल को दोषी ठहराए जाने के बाद मई में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद आवश्यक हो गया।

तेलंगाना का जुबली हिल निर्वाचन क्षेत्र इस साल जून में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ का निधन होने से रिक्त हो गया था।

जयपुर के

के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। हादसे में आठ लोगों के मरने की खबर है लेकिन डॉ. धाकड़ और एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा कि आग की घटना में छह लोगों की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पिंटू (सीकर निवासी), दिलीप (आंधी, जयपुर निवासी), श्रीनाथ, रुक्मणी, खुरमा (सभी भरतपुर निवासी) और बहादुर (सांगानेर, जयपुर निवासी) के रूप में हुई है।

दुनिया को जोड़ने वाली भाषा बनेगी संस्कृत : योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि आने वाले समय में दुनिया को जोड़ने वाली भाषा संस्कृत ही होगी। उन्होंने कहा कि संस्कृत के उत्थान के लिए सरकार छात्रवृत्ति और उच्च स्तर पर शोध के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन सोमवार को वाराणसी के शिवपुर स्थित अन्नपूर्णा ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम संस्कृत महाविद्यालय में काशी अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई-कढ़ाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र के 14वें सत्रांत के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने लगभग 250 बालक-बालिकाओं को सिलाई मशीन, लैपटॉप एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किये। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि दुनिया का पहला विश्वविद्यालय तक्षशिला भी भारत की ही देन है। उन्होंने कहा कि महाज्ञानी पाणिनि उसी के छात्र थे, जिनका व्याकरण हमें देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने दुनिया का पहला संस्कृत महाकाव्य रचा था और आने वाले समय में दुनिया को जोड़ने वाली भाषा संस्कृत ही होगी। उन्होंने कहा कि संस्कृत दिव्य ज्ञान की भाषा है जिसमें आध्यात्मिक ज्ञान के साथ भौतिक ज्ञान भी चाहिए तभी विश्व कल्याण का रास्ता निकलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए अन्नपूर्णा आश्रम के महंत शंकर पुरी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह मठ देव वाणी संस्कृत के लिए भी लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा मंदिर के संस्कृत महाविद्यालय के बच्चे सभी कार्यक्रमों में वैदिक मंत्रोच्चार कर माहौल को आध्यात्मिक बना देते हैं। उन्होंने कहा कि यहां गौसेवा भी बहुत अच्छी तरह की जा रही है।

ड्रोन चोर

कथित तौर पर बेरहमी से पीटा। पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तब वह व्यक्ति खून से लथपथ पड़ा था और उसकी मौत हो चुकी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि भीड़ युवक को ईश्वरदासपुर रेलवे स्टेशन तक घसीटकर ले गई और उसे गंभीर हालत में वहीं छोड़ दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार सुबह ग्रामीणों ने व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा पाया। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति के कपड़े फटे हुए थे और शरीर पर चोट के कई निशान थे। बाद में मृतक की पहचान फतेहपुर जिले के निवासी हरिओम के रूप में हुई।

खेलों को

प्रशिक्षकों की नियुक्ति और खेल अकादमियों की स्थापना से खेल प्रतिभाओं को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य खेलो उत्तराखंड की भावना को साकार कर युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना और खेलों के माध्यम से राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।

यूपी में भारी

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में मानसून की वापसी के साथ ही एक बार फिर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान समेत कई राज्यों में गर्मी ने आम लोगों को बेहाल कर दिया है। अब भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी की है कि तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

वकील ने

निवासी राकेश किशोर (71) के रूप में की गयी। वह मंच के पास पहुंचा, अपना जूता निकाला और उसे न्यायाधीशों की ओर उछालने का प्रयास किया। अदालत कक्ष में मौजूद सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और हमले को रोका। वकील को तुरंत अदालत परिसर से बाहर ले जाया गया। जब वकील को ले जाया जा रहा था, तो उसे चिल्लाते हुए सुना गया।

अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दिया 232 रन का लक्ष्य

महिला विश्व कप : डिवाइन ने एक छोर से विकेटों के पतन के बीच 65 गेंदों में अपना 17वां वनडे अर्धशतक पूरा किया

एजेंसी

इंदौर। न्यूजीलैंड की अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए एक और शानदार अर्धशतक जमाया लेकिन नोंकुलुलेको मलाबा की चार विकेट की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने शानदार वापसी करते हुए उनकी पारी को महज 231 रन पर समेट दिया। यह डिवाइन का 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच है। टी20 विश्व कप 2024 विजेता कप्तान ने एक बार फिर से दबाव में 98 गेंदों में 85 रन की अहम पारी खेली।

डिवाइन ने एक छोर से विकेटों के पतन के बीच 65 गेंदों में अपना 17वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके लगाए, ऐसा लग रहा था कि वह लगातार दूसरे मैच में शतक जड़ देंगी लेकिन वह बायें हाथ की स्पिनर मलाबा की अंदर आती गेंद पर गच्चा खाकर बोल्ड हो गयी। उनके आउट होने के बाद टीम की पारी 47.5 ओवर में सिमट गयी। मलाबा ने चारों विकेट अपने दूसरे स्पैल मे लिये। उनका दूसरा स्पैल 39वें ओवर में शुरू हुआ और उन्होंने अपने आखिरी पांच ओवर में 18 रन पर चार विकेट लिए। मलाबा ने पहले खतरनाक ब्रुक हॉलिडे (45 रन, 37 गेंद, छह चौके) को आउट किया, जिन्होंने डिवाइन के साथ 86 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड की पारी को रफ्तार दी थी। उन्होंने इसके बाद डिवाइन को भी पवेलियन भेजकर लगातार दूसरे विश्व कप शतक से वंचित कर दिया। डिवाइन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच दिन पहले 112 रन की पारी खेली थी। इससे पहले दिन की शुरुआत न्यूजीलैंड के लिए बेहद खराब रही जब अपना 350वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही दिग्गज सूजी बेट्स पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गईं। जॉर्जिया प्लिमर (31 रन, 68 गेंद) और अमेलिया केर (17 रन) रन बनाने के लिए संघर्ष करते दिखी। डिवाइन के क्रीज पर आने के बाद टीम की रन गति में कुछ सुधार हुआ और न्यूजीलैंड ने 25 ओवर में दो विकेट पर 101 रन बना लिये। प्लिमर की धीमी पारी का अंत क्लो ट्रयोन (43 रन पर एक विकेट) की गेंद पर हुआ। इसके बाद क्रीज पर आयी हालिडे ने आक्रामक बल्लेबाजी से दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को परेशान किया। उन्होंने शानदार ड्राइव और बैकफुट पंच से चौके लगाकर रन गति को तेज किया। मलाबा ने हालांकि एक ही ओवर में उन्हे और मैडी ग्रीन (चार) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका की मैच में वापसी करा दी। मलाबा ने इसके बाद इजाबेल गेज (10) को रन आउट किया जिससे दक्षिण अफ्रीका स्कोर चार विकेट पर 187 रन से सात विकेट पर 212 रन हो गया।

पाकिस्तान को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

कोलंबो। पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया। अमीन ने रविवार को भारत के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में 81 रन की पारी खेली लेकिन उनकी टीम जीत के लिए 247 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गयी।

अमीन की संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी के बावजूद भारत ने मैच 88 रन से जीता। आईसीसी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह उल्लंघन अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या खेल के दौरान इस्तेमाल होने वाली किसी चीज के अनादर से संबंधित है। यह घटना पाकिस्तान के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40वें ओवर में हुई जब स्नेह राणा द्वारा आउट होने के बाद उन्होंने अपना बल्ला जोर से पिच पर मारा।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत के प्रदर्शन को बताया ऐतिहासिक

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताते हुए सोमवार को कहा कि इस प्रतियोगिता में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य सहित रिकॉर्ड 22 पदक जीते जो जापान के कोबे में 2024 में में जीते 17 पदक के उसके पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सभी पदक विजेताओं की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा हमारे पैरा एथलीटों का ऐतिहासिक प्रदर्शनउ इस साल की विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बहुत खास रही। भारतीय दल ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिसमें छह स्वर्ण पदक सहित 22 पदक जीते। हमारे एथलीटों को बधाई। उन्होंने कहा उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मुझे हमारे दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है और मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। यह पहली बार था जब भारत ने इस प्रतिष्ठित पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी की जिसमें 100 से अधिक देशों के 2,200 से अधिक प्रतिभागियों ने 186 पदक स्पर्धाओं में भाग लिया। मोदी ने कहा दिल्ली में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भी भारत के लिए सम्मान की बात है। इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहे लगभग 100 देशों के एथलीटों और सहयोगी स्टाफ का आभार।

सरदार पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी पदयात्राएं : खेल मंत्रालय

नयी दिल्ली। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय 31 अक्टूबर को देश के सभी ज़िलों में पदयात्राओं के साथ भारत के पहले गृह मंत्री और दिग्गज स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाएगा। युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने सोमवार को यहां ध्यानचंद स्टेडियम में सरदारए150 एकता दौड़ पहल का शुभारंभ किया। मांडविया ने कहा सरदारए150 केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है।

जिस तरह सरदार पटेल ने एक मजबूत और अखंड भारत के निर्माण के लिए 560 से अधिक रियासतों को एकजुट किया उसी तरह यह पहल युवा भारतीयों की ऊर्जा को राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में ले जाने का प्रयास करती है। पदयात्राएं 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलेंगी। ये पदयात्राएं प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में लगातार तीन दिन तक चलेंगी और सभी जिलों में प्रतिदिन आठ से 10 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या बाढ़ से तबाह बंगाल जैसे विपक्ष शासित राज्य भी इस पहल में भाग लेने के लिए सहमत हुए हैं, मांडविया ने कहा इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और मुझे यकीन है कि सत्ता में कोई भी हो इसमें पूरे दिल से भागीदारी होगी।

पदयात्राओं का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री और सांसद करेंगे। माई भारत , एनएसएस और एनसीसी के स्वयंसेवक पदयात्राओं के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। राष्ट्रीय स्तर की पदयात्रा 26 नवंबर से छह दिसंबर तक चलेगी और गुजरात में पटेल के जन्मस्थान करमसद से केवड़िया में उनकी विरासत के सम्मान में निर्मित स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी तक 152 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

संक्षेप

सेंथिलकुमार, चोटरानी न्यूयॉर्क स्क्वाश में जीते

न्यूयॉर्क। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को रविवार को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। टूर स्तर पर इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था। आठवें वरीय रमित टंडन को पहले दौर में बाई मिली।

भारत की ओलंपिक दावेदारी में सुलभ बुनियादी ढांचा अहम : झाझड़िया

नयी दिल्ली। भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया और हाल में समाप्त हुई विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सुगम्यता भागीदार स्वंय का मानना है कि 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगों के लिए भारत के बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर उन्नत करने की जरूरत है। स्वयं ने रविवार को समाप्त हुई चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पैरा एथलीटों के लिए सुलभ परिवहन प्रदान किया था। झाझड़िया ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हमने बड़े खेल टूर्नामेंट में एक्सेसिबिलिटी (सुगम्यता) का ध्यान रखने के महत्व को देखा। 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा के साथ सुगम्यता को एक प्राथमिकता के तौर पर मुख्यधारा में लाने की जरूरत पहले से कहीं अधिक अहम हो गई है।

बोपन्ना, डार्डेरी व मौटेट टीपीए के सत्र में पेश करेंगे चुनौती

नयी दिल्ली। अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और विश्व के 29वें नंबर के खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी सहित शीर्ष-50 रैंकिंग में शामिल कम से कम तीन एकल खिलाड़ी नौ दिसंबर से अहमदाबाद में शुरू हो रही टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। विश्व के 38वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट और उनके हमवतन विश्व के 39वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्जेंडर मुलर इस लीग में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे जिसकी नीलामी नौ अक्टूबर को मुंबई में होगी।

टीम एलयू, ईबीए हूपर्स और पीएसी बालर्स बने चैम्पियन

लखनऊ। लखनऊ जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में एआईएम बास्केटबॉल अकादमी एवं एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के संयुक्त आयोजन में चल रही 'एआईएम बास्केटबॉल 3-3 सुपर गोल्डन लीग सीजन-1' का समापन शानदार मुकाबलों के साथ हुआ। खेल प्रतियोगिता का आयोजन मॉडर्न अकादमी, गोमतीनगर, विनय खंड-2 स्थित एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में किया गया।

एआईएम बास्केटबॉल सुपर गोल्डन लीग सीजन-1 का हुआ रोमांचक समापन

आयोजन सचिव 'ऋषि श्रीवास्तव' के कुशल संचालन में हुए इस टूनामेंट में तीन वर्गों – अंडर-14, अंडर-17 और सीनियर्स – में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ॰ आनंद किशोर पाण्डेय (डायरेक्टर, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया) एवं मॉडर्न ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक सिद्धार्थ तुली पूर्व आर एस ओ अजय सेठी रहे।

अध्यक्षता डॉ0 विनोद सिंह ने की। इस अवसर पर लखनऊ जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियाज अहमद, अंश, कमलेश गुप्ता, एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार व ट्रॉफियाँ प्रदान की गईं। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन लखनऊ में बास्केटबॉल के विकास को नई दिशा देंगे।

लंका प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे भारतीय खिलाड़ी

नयी दिल्ली। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा। इस टी20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा। इस प्रारूप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। राउंड रोबिन चरण के अंत में शीर्ष चार में रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएंगी। शीर्ष दो टीम क्वालीफायर एक में खेलेंगी जिसका विजेता सीधे फाइनल में जगह बनाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले का विजेता क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम से क्वालीफायर दो में भिड़ेगा जिससे फाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा।

बांग्लादेश से जीत के लिए उतरेगा इंग्लैंड

एजेंसी

गुवाहाटी। अनुभवी खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर ढेर करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि अगर स्तर और उपलब्ध विकल्पों पर गौर करें तो इंग्लैंड अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है।

टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स, हीथर नाइट, नैट स्किवर-ब्रंट, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन बेल और सोफिया डंकले जैसी क्षमतावान खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। ये वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट में बहुत बड़े नाम हैं और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से परिचित हैं। दूसरी ओर कप्तान और विकेटकीपर दोनों की भूमिका निभाने वाली निगार सुल्ताना, रुबिया हैदर, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर जैसी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की उम्मीदों का भार संभाल रही हैं। लेकिन बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड की टीम जितनी अनुभवी या मजबूत नहीं है जिसकी नजरें अपने पांचवें एकदिवसीय विश्व खिताब पर टिकी हैं। इंग्लैंड ने पिछली बार 2017 में इस टूर्नामेंट को जीता था। चार दिन पहले इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को हराने और अपने पहले मैच से पूर्व यहां कुछ समय तक अभ्यास करने के बाद पारंपरिक रूप से मजबूत इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों से परिचित हो गया है।

हालांकि इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका के मैच में इंग्लैंड की गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 150 से कम रन बने लेकिन बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच को बल्लेबाजों के अनुकूल माना जाता है और यहां अक्सर बड़े स्कोर वाले मुकाबले देखने को मिलते हैं। उछाल आमतौर पर समान रहता है और गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है जिससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलता है। मैच आगे बढ़ने के साथ हालांकि पिच धीमी होती जा रही है जिससे स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल हालात हो जाते हैं। अगर गेंदबाज अनुशासित लाइन और लेंथ बनाए रखें और विविधता का इस्तेमाल करें तो उन्हें यहां सफलता मिलने की संभावना है और इंग्लैंड तथा बांग्लादेश दोनों के पास इस पिच का फायदा उठाने के लिए पर्याप्त ताकत है। इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा क्योंकि लिंसे स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं।

खेलों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे अदालत : न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अब समय आ गया है कि वह क्रिकेट सहित खेलों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप नहीं करे। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा अब क्रिकेट में खेल जैसा कुछ नहीं रहा। यह एक तथ्य है। यह सब बिजनेस है। पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह जबलपुर संभाग के एक क्रिकेट संघ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति नाथ ने इस मामले में विभिन्न पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकीलों से पूछा, आज हम क्रिकेट खेल रहे हैं। तीन-चार मामले हैं। एक मामला पहले ही दूसरे दौर के लिए स्थगित हो चुका है। यह दूसरा मामला है। दो और मामले हैं। आज आप कितने टेस्ट मैच खेलेंगे? याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि देश क्रिकेट के प्रति जुनूनी है। नाथ ने कहा मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि इस अदालत को क्रिकेट और बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल के मामले में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

फुटबॉल : यूवेंटस ने एसी मिलान को बराबरी पर रोका

एजेंसी

रोम। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे क्रिस्टियन पुलिसिच पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे एसी मिलान को रविवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में यूवेंटस के खिलाफ अंक बांटने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस ड्रॉ के साथ एसी मिलान के लगातार पांच जीत के क्रम पर भी विराम लग गया। पुलिसिच ने मौजूदा सत्र में मिलान की ओर से छह गोल दागे हैं और दो गोल करने में मदद की है लेकिन रविवार को पेनल्टी पर लिया गया उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से बाहर निकल गया। पुलिसिच के पेशेवर करियर में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब वह पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे हैं। पिछले सत्र में टोरिनो के गोलकीपर सर्गेज मिलिनकोविच सेविच ने उनके शॉट को रोक दिया था। उन्होंने अपने देश और क्लब के लिए अब तक पेनल्टी पर 13 गोल दागे हैं जबकि उनके दो प्रयास नाकाम रहे हैं। मिलान की टीम अब तीसरे स्थान पर खिसक चुकी है। टीम गत चैंपियन नेपोली और रोमा से दो अंक पीछे है जिन्होंने अपने मुकाबले जीते। नेपोली ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जिनोआ को 2-1 से हराया जबकि रोमा ने भी पिछड़ने के बाद फायोरेंटिना को इसी अंतर से शिकस्त दी। वहीं दूसरी ओर

बार्सीलोना को रविवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेविला के खिलाफ 1-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार दूसरी हार है। मैच के दौरान बार्सीलोना के लेमिन यमाल चोटिल हो गए जबकि स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए। चैंपियन्स लीग में पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ हार के बाद सेविला के खिलाफ मिली शिकस्त से बार्सीलोना की टीम को अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान कई सवालों के जवाब खोजने होंगे। इस नतीजे के बाद रीयाल मैड्रिड की टीम अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। टीम ने बार्सीलोना पर दो अंक की बढ़त बना रखी है जो सेविला के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रतियोगिता में अजेय थी।

एलेक्जेंडरसन ने 23 सदस्यीय अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम घोषित की

नयी दिल्ली। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने सोमवार को 2026 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह क्वालीफायर 13 से 17 अक्टूबर तक किर्गिस्तान के बिश्केक में खेला जाएगा। तीन टीम के ग्रुप जी में भारत का सामना 13 अक्टूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से होगा। ग्रुप विजेता अगले साल चीन में होने वाले 12 टीम के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेगा। अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में ट्रेनिंग शिविर जारी रखा और फिर गोवा में ट्रेनिंग की। भारतीय टीम पहले मैच से छह दिन पूर्व मंगलवार को बिश्केक पहुंचेगी जिससे कि किर्गिस्तान की राजधानी के अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के अनुकूल हो सके।

प्रमोद ने पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में जीते तीन स्वर्ण

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के शीर्ष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने 30 सितंबर से पांच अक्टूबर तक नाइजीरिया के अबिया में हुए पहले अबिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में तीन खिताब जीतकर अपना स्वर्णिम अभियान जारी रखा। सैंतीस वर्षीय पैरा खिलाड़ी भगत ने तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता था लेकिन तीन बार अपने स्थान की जानकारी देने से संबंधित चूक के कारण पेरिस पैरालंपिक से बाहर हो गए थे। भगत ने फाइनल में हमवतन मंटू कुमार को 21-7, 9-21, 21-9 से कड़ी टक्कर देते हुए पुरुष एकल एसएल3 का खिताब जीता। अठारह महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए चाइना पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल जीतने वाले भगत ने दूसरा गेम हारने के बाद मजबूती से वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इसके बाद उन्होंने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता जिसमें उन्होंने पेरू के गेर्सन जेयर वर्गास लोस्टानौल और डायना रोजास गोलाक को 21-13, 21-17 से हराया। भगत को तीसरा खिताब मिश्रित युगल (एसएल3-एसयू5) में मिला जिसमें उन्होंने आरती पाटिल के साथ मिलकर एक और करीबी फाइनल जीता। भगत ने एक विज्ञप्ति में कहा, हर जीत मुझे अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है। इस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करना और भारत को गौरव दिलाना हमेशा खास होता है। युगल में भगत के साथी सुकांत कदम ने कहा प्रमोद के साथ खेलना मुझे हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। कोर्ट पर हमारी समझ हर मैच के साथ मजबूत हो गई है।

इस जीत से आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए हमारा आत्मविश्वास बढेगा। इस बीच रणजीत सिंह ने तीन कांस्य पदक जीते। उन्होंने पुरुष एकल डब्ल्यूएच।, पुरुष युगल डब्ल्यूएच।-डब्ल्यूएच2 (परमजीत सिंह के साथ) और मिश्रित युगल डब्ल्यूएच।-डब्ल्यूएच2 (शबाना के साथ) में तीसरा स्थान हासिल किया। नुरुल हुसैन खान ने पुरुष एकल डब्ल्यूएच2 में रजत पदक जीता जबकि उमा सरकार ने महिला एकल एसएल3 में रजत पदक हासिल किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप: भारत की शानदार शुरुआत श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में यूएई को हराया

गुवाहाटी। मेजबान भारत ने सोमवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के पहले दिन सुहांदिनाता कप में अपने मिश्रित टीम अभियान की शुरुआत पड़ोसी देश नेपाल पर शानदार जीत के साथ की जबकि श्रीलंका ने यूएई को रोमांचक मुकाबले में हराकर चौंका दिया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने अपनी टीम में प्रयोग किया लेकिन फिर भी ग्रुप एच के अपने पहले मैच में 45-18, 45-17 से जीत हासिल की जबकि श्रीलंका ने यूएई पर 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। चौदह बार के चैंपियन चीन, पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया सहित अन्य सभी शीर्ष देशों को अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को सीधे सेटों में हराकर अपना अभियान शुरू करने में कोई परेशानी नहीं हुई। चीन ने घाना को 45-14, 45-10 से, कोरिया ने हंगरी को 45-22, 45-29 से, चीनी ताइपे ने ब्राजील को 45-24, 45-19 से तथा इंडोनेशिया ने फिलीपींस को 45-27, 45-40 से हराया।

बिहार को जंगलराज से बाहर निकाला: शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने बिहार को जंगल राज से बाहर निकाला और इसे विकास एवं सुशासन की नयी दिशा दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य के लोग आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर विकास की राजनीति को चुनेंगे।

शाह की यह टिप्पणी निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के ठीक बाद आई है, जिसके तहत छह और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। शाह ने एक्स पर कहा, निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। लोकतंत्र के इस महापर्व

के लिए समस्त बिहारवासियों को बधाई। उन्होंने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास और सुशासन की नयी दिशा दी है। आज बिहार, गरीब कल्याण के साथ आधारभूत ढांचा, स्वास्थ्य, शिक्षा हर क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि बिहार की जनता इस बार भी विकास की राजनीति को चुनेगी।

उ.बंगाल में आयी बाढ़ मानव जनित, डीवीसी झारखंड को बचाने के लिए मनमर्जी से पानी छोड़ रहा : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को उत्तर बंगाल में आई बाढ़ और उसके कारण हुए विनाश को मानव जनित बताया तथा डीवीसी पर पानी को अनियंत्रित रूप से छोड़ने का आरोप लगाया जिसके परिणामस्वरूप राज्य के दक्षिणी हिस्सों में नदियां उफान पर हैं। ममता ने बाढ़ और भूस्खलन में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। साथ ही शोक संतप्त परिवारों के एक सदस्य को होमगार्ड की नौकरी देने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि हमें अब तक उत्तर बंगाल में आई बाढ़ में 23 लोगों के मारे जाने की सूचना मिली है। इस क्षेत्र में शनिवार रात और रविवार तड़के 12 घंटे से ज्यादा समय तक 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई। मुख्यमंत्री उत्तर बंगाल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण करने के लिए बागडोगरा रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात कर रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों से राज्य के ऊपरी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग के दुआर का नागराकाटा और मिरिक क्षेत्र भूस्खलन और आवासीय संपत्तियों के बह जाने से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। ममता ने कहा, परसों रात से ही मुख्य सचिव, डीजीपी और मैं उत्तर बंगाल की स्थिति पर कड़ी नज़र रखे हुए हैं। उत्तर बंगाल में... 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई, जो लगातार 12 घंटे तक जारी रही। फिर, भूटान से पानी संकोश (नदी) के ज़रिए बहकर आया और सिक्किम का पानी कई इलाकों में भर गया। उन्होंने खतरे के निशान के करीब बह रही हुगली नदी की ओर इशारा करते हुए आरोप लगाया कि बिहार और उत्तर प्रदेश से पानी फरक्का से छोड़ा जा रहा है, जिससे बंगाल की नदियां खतरे की स्थिति में पहुंच गई हैं।

बिहार चुनाव विकास और घुसपैठियों से मुक्ति के लिए: नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग की जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कहा कि यह चुनाव राज्य के विकास को जारी रखने, घुसपैठियों से मुक्ति दिलाने और जंगल राज की वापसी को रोकने के लिए है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि बिहार में राजग सरकार लोगों के कल्याण और सुशासन का

पर्याय बन गई है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि बिहार की पवित्र धरती, जो लोकतंत्र की जननी है, भाजपा और राजग को अपना आशीर्वाद तथा भारी बहुमत देगी। भाजपा अध्यक्ष ने चुनाव घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और देश तथा राज्य को विकास एवं सुशासन के पथ पर आगे बढ़ाने का प्राथमिक माध्यम है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को घोषणा की कि बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में छह और 11 नवंबर को होगा, जबकि मतों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी।

संक्षेप

सात से विकास सप्ताह मनायेगी गुजरात सरकार

गांधीनगर। गुजरात सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के 24 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सात अक्टूबर से विकास सप्ताह मनाएगी, जिसके तहत राज्य भर में विभिन्न परियोजनाएं शुरू की जाएंगी और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने गांधीनगर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मोदी ने पहली बार सात अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और फिर 2014 में प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने कहा, गुजरात की विकास यात्रा, जो सात अक्टूबर 2001 को शुरू हुई थी, उसके 24 साल पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर, राज्य सरकार सात से 15 अक्टूबर तक विकास सप्ताह मनाएगी, जिसमें पूरे राज्य में विभिन्न जनहितैषी परियोजनाएं शुरू की जाएंगी और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पटेल के मुताबिक, विकास सप्ताह का प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय पर 10 विभागों की प्रत्यक्ष भागीदारी के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल गुजरात सरकार के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य विधानसभा परिसर में भारत विकास शपथ लेंगे। इसी तरह, राज्य के सभी जिलों में जिलाधिकारी कार्यालयों, सरकारी कार्यालयों, स्कूलों और कॉलेजों में शपथ ली जाएगी।

प्रधान न्यायाधीश पर हमला संविधान पर हमला: सोनिया

नयी दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई पर हमला सिर्फ उनपर नहीं, बल्कि संविधान पर भी हमला है।

सोनिया ने एक बयान में कहा, उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हुए हमले की निंदा करने के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं हैं। यह न केवल उनपर (सीजेआई पर), बल्कि हमारे संविधान पर भी हमला है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष, प्रधान न्यायाधीश गवई बहुत सहृदय हैं, लेकिन राष्ट्र को गहरी पीड़ा और आक्रोश के साथ एकजुट होकर उनके साथ खड़ा होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय एक वकील ने न्यायमूर्ति गवई की ओर कथित तौर पर जूता उछालने की कोशिश की। घटना के बाद सीजीआई ने अपना संयम बनाए रखा और अदालत कक्ष में उपस्थित वकीलों से अपनी दलीलें जारी रखने का आग्रह किया। आरोपी वकील की पहचान बाद में मयूर विहार निवासी राकेश किशोर (71) के रूप में की गयी। वह मंच के पास पहुंचा।

सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश शर्मनाक

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई की ओर कथित तौर पर जूता फेंकने की कोशिश की घटना की निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है।

उच्चतम न्यायालय में सोमवार को कार्यवाही के दौरान एक वकील ने न्यायमूर्ति गवई की ओर कथित तौर पर जूता फेंकने की कोशिश की। यह घटना उस समय घटी जब प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, आज उच्चतम न्यायालय में भारत के माननीय प्रधान न्यायाधीश पर हमले का प्रयास शर्मनाक और घृणित है। यह हमारी न्यायपालिका की गरिमा और कानून के शासन पर हमला है। उनका कहना था, जब योग्यता, ईमानदारी और दृढ़शक्ति के माध्यम से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद तक पहुंचे व्यक्ति को इस तरह से निशाना बनाया जाता है, तो यह

एक बहुत परेशान करने वाली बात है। यह उस व्यक्ति को डराने और अपमानित करने के प्रयास को दर्शाता है जिसने संविधान को बनाए रखने के लिए सामाजिक बाधाओं को तोड़ा है। खरगे ने कहा कि इस तरह की हरकत से पता चलता है कि पिछले एक दशक में नफरत और कट्टरता ने हमारे समाज को किस तरह से अपनी चपेट में ले लिया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस की ओर से मैं इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हमारी न्यायपालिका की सुरक्षा और संरक्षा सर्वोपरि है। न्याय और तर्क को प्रबल होने दें, भय को नहीं।

दिल और दिमाग से होगा शिवसेना (उबाठा)-मनसे गठबंधन : राउत

मुंबई। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे की अपने चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के साथ मुलाकात के एक दिन बाद सांसद संजय राउत ने सोमवार को कहा कि उनकी चर्चा राजनीतिक थी और नगर निकाय चुनावों से पहले दोनों दलों के बीच गठबंधन दिल और दिमाग से किया जाएगा।

राउत ने पत्रकारों से बातचीत में यह भी कहा कि ठाकरे भाई इस बात पर आम सहमति पर पहुंच गए हैं कि मुंबई, ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, नासिक और पुणे जैसे प्रमुख नगर निकायों पर मिलकर काम किया जाना चाहिए। कई अन्य नगर निकाय हैं, जहां शिवसेना (उबाठा) का दबदबा है, लेकिन ऐसे क्षेत्र भी हैं, जहां मनसे मजबूत है। राकांपा (एसपी) कुछ क्षेत्रों में मजबूत है। कांग्रेस विदर्भ के कई क्षेत्रों में मजबूत है। राउत ने कहा कि ठाकरे बंधुओं के बीच व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंध मजबूत हैं। राउत ने यह भी कहा कि उनके बीच बातचीत बहुत आगे बढ़ गई है। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुंबई का महापौर असली भगवा रंग वाला मराठी होगा। वह दिल्ली के आगे झुकने वाला नहीं होगा। रविवार को उद्धव और राज के बीच हुई मुलाकात का ज़िक्र करते हुए राउत ने कहा, चर्चा राजनीतिक थी। मनसे नेता बाला नंदगांवकर ने कहा कि आम मतदाताओं में ठाकरे परिवार के प्रति प्रेम है और राउत की टिप्पणी शायद परिवार के प्रति उनकी भावनाओं का परिणाम है। दोनों चचेरे भाई रविवार को बांद्रा में राउत के पोते के नामकरण समारोह के दौरान मिले। इसके बाद राज उपनगर स्थित उद्धव के आवास मातोश्री गए और उनसे बातचीत की। पांच जुलाई के बाद से दोनों नेताओं की यह पांचवीं सार्वजनिक मुलाकात थी। राउत ने कहा, यह गठबंधन दिल और दिमाग से बनेगा। यह कोई राजनीतिक गठबंधन नहीं है। यह तन-मन-धन से बना गठबंधन है। यह पूछे जाने पर कि क्या मनसे महा विकास आघाडी (एमवीए) का हिस्सा बनेगी, शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा कि इस सवाल का जवाब केवल राज ही दे सकते हैं। एमवीए का गठन तीन प्रमुख दलों से मिलकर हुआ था। मनसे एक स्वतंत्र पार्टी है।

माउंट एवरेस्ट पर बर्फीले तूफान से एक पर्वतारोही की मौत, 137 बचाये गये

बीजिंग। माउंट एवरेस्ट के तिब्बती ढलानों पर बर्फीले तूफान के कारण एक पर्वतारोही की मौत हो गई और फंसे हुए 137 पर्वतारोहियों को बचा लिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि लापता पर्वतारोहियों की तलाश जारी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि हाइपोथरमिया और अत्यधिक ऊंचाई पर पहुंचने से जुड़ी समस्याओं के कारण 41 वर्षीय पर्वतारोही की मौत हो गई। खबर में कहा गया कि उत्तर पश्चिमी किंगाई प्रांत में लगातार बर्फबारी होने के कारण फंसे 137 पर्वतारोहियों को अब तक सुरक्षित

स्थानों पर पहुंचाया गया है तथा उनकी हालत स्थिर है। गत एक अक्टूबर से शुरू हुए आठ दिवसीय राष्ट्रीय अवकाश के दौरान पैदल यात्रा के शौकीन 100 से अधिक लोग लाओहुगोऊक्षेत्र की ओर रवाना हुए। क़िलियन पर्वत पर स्थित लाओहुगोऊक्षेत्र में छुट्टियों के दौरान लगातार बर्फबारी हुई है। इसकी औसत ऊंचाई 4,000 मीटर से अधिक है और भूभाग जटिल है। इससे पहले, सरकारी सीसीटीवी ने बताया था कि 350 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। रविवार को बीबीसी की एक खबर में कहा गया था कि चीन की ओर स्थित कर्मा घाटी में विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट के ढलानों पर 1,000 से अधिक पर्यटक पर्वतारोही फंसे हुए हैं। फंसे पर्वतारोहियों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से पता चलता है कि रविवार को दूरस्थ क्षेत्र में बादलों की गरज के बीच, तेज हवाओं और लगातार बर्फबारी के कारण रास्ते पूरी तरह से बर्फ में दब गए। इस बीच, दक्षिण चीन के ग्वांगदोंग प्रांत के झानजियांग शहर के शूवेन काउंटी के पूर्वी तट पर रविवार को तूफान मैत्मो ने दस्तक दी।

इंटरटेनमेंट...

जुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म 31 को होगी रिलीज

मुंबई। सिंगर जुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म 'रॉई रॉई बिनाले' 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। फिल्म के डायरेक्टर राजेश भूयान ने बताया कि यह फिल्म जुबीन गर्ग की पर्सनल प्रोजेक्ट थी। फिल्ममेकर राजेश भूयान ने अठक को बताया कि इस फिल्म में जुबीन गर्ग की ओरिजिनल आवाज का इस्तेमाल किया जाएगा।

यह फिल्म अब सिंगर के असमिया संगीत के प्रति उनके जुनून और टेलेंट को समर्पित ट्रिब्यूट बन गई है। फिल्ममेकर ने यह भी कहा, हम पिछले तीन सालों से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म की कहानी

> डायरेक्टर बोले- 'रॉई रॉई बिनाले' में सिंगर की ओरिजिनल आवाज का इस्तेमाल होगा

और संगीत जुबीन गर्ग का था। यह पहली म्यूजिकल असमिया फिल्म थी। सिवाय बैकग्राउंड म्यूजिक के फिल्म का लगभग सारा काम पूरा हो गया था। 'रॉई रॉई बिनाले' के डायरेक्टर राजेश भूयान ने 'दूरदर्शन एती यंत्रा', 'स्वर्गारथ' और 'जोनबाई' जैसी फिल्में डायरेक्ट की हैं। उन्होंने आगे कहा, जुबीन गर्ग चाहते थे कि फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज हो। इसलिए हमने तय किया कि इसे उसी दिन, सिर्फ असम में नहीं बल्कि पूरे देश में रिलीज करेंगे। उनकी आवाज लगभग 80-90 प्रतिशत साफ है क्योंकि इसे लैपल माइक से

रिकॉर्ड किया गया था। इसलिए हम केवल उनकी ओरिजिनल आवाज का इस्तेमाल करेंगे। जुबीन गर्ग का निधन सिंगापुर में 19 सितंबर को हुआ था। सिंगर 20 सितंबर को होने वाले नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए सिंगापुर गए हुए थे, जहां उन्होंने वाटर एडवेंचर एक्टिविटी में हिस्सा लिया था। दावा किया गया कि उनकी मौत स्कूबा डाइविंग के दौरान एक हादसे में हुई। हालांकि, जुबीन की पत्नी गरिमा ने बताया था कि उनकी मौत दौरा पड़ने से हुई।

उन्होंने कहा था कि इससे पहले भी सिंगर को कई बार दौरे पड़ चुके हैं। इससे पहले भी सिंगर को सिंगापुर में ही दौरा पड़ा था। उनकी पत्नी ने बताया था कि एक बार और इसी तरह की स्थिति बन गई थी। तब सभी दोस्त उनकी तबीयत बिगड़ने पर तुरंत अस्पताल ले गए थे, जिससे उनकी जान बच गई थी। वहीं, हाल ही में सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था।

अहाना कुमरा को मिलीं रेप जान से मारने की धमकियां

मुंबई। एक्ट्रेस अहाना कुमरा रियलिटी शो राइज एंड फॉल से बाहर आ चुकी हैं। उनका शो में भोजपुरी स्टार पवन सिंह से हुआ झगड़ा सुर्खियों में रहा था। अब एक्ट्रेस ने बताया है कि पवन सिंह पर किए गए उनके कमेंट्स के चलते उन्हें भोजपुरी स्टार के फैंस द्वारा रेप और जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। एक्ट्रेस को इसकी शिकायत मेकर्स को करनी पड़ी, जिसके बाद मेकर्स ने वो क्लिप डिलीट कर दिए हैं, जिनके साथ छेड़छाड़ की गई थी। हाल ही में अहाना कुमरा से बॉलीवुड बबल के इंटरव्यू में पूछा गया था कि क्या उन्हें शो पर कही गई किसी बात का पछतावा है, तो जवाब में उन्होंने कहा, 'नहीं, मैंने जो भी शो में बोला है, गुस्से में ही बोला है, क्योंकि मुझ पर कुछ चीजें बीती थी।

राकेश रोशन पर दिए बयान को तोड़ मरोड़कर पेश करने के आरोप

मुंबई। आर्यन खान की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से कमबैक करने वाले एक्टर रजत बेदी सुर्खियों में हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने मुकेश खन्ना को एक इंटरव्यू दिया था, जिसके बाद कहा जाने लगा कि रजत बेदी, फिल्म कोई मिल गया के प्रमोशन से निकाले जाने के बाद भारत छोड़कर चले गए थे। हालांकि अब रजत बेदी ने साफ किया है कि उन्होंने कभी राकेश रोशन पर किसी तरह के आरोप नहीं लगाए, बल्कि मुकेश खन्ना ने उनके बयान को गलत तरह पेश किया और उनकी बातों का गलत मतलब निकाला। सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में रजत बेदी ने कहा, 'मेरा कोई इशू नहीं है राकेश (रोशन) जी के साथ, मुकेश खन्ना ने किया वो गलत है।

कन्नड़ की चौथी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बनी 'कांतारा'

मुंबई। साल 2022 की फिल्म कांतारा की प्रीक्वल फिल्म कांतारा:चैप्टर 1, 2 अक्टूबर को रिलीज हुई है। ऋषभ शेट्टी की ये फिल्म महज 3 दिनों में 200 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। शुरूआती कमाई देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि ये फिल्म जल्द ही 300 करोड़ क्लब में शामिल हो सकती है, जिससे कन्नड़ फिल्म केजीएफ का भी रिकॉर्ड टूट जाएगा। करीब 125 करोड़ रुपए के बजट में बनी ये कन्नड़ फिल्म पहले

> जल्द हो सकती है 300 करोड़ बॉक्स ऑफिस क्लब में शामिल, टूट सकता है केजीएफ का रिकॉर्ड

वीकेंड में 235 करोड़ कमाई कर चुकी है। रिलीज के महज चौथे दिन ही कांतारा: चैप्टर-1 कन्नड़ सिनेमा की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। हालांकि

फिलहाल ये फिल्म केजीएफ-2 और कांतारा (2022) की कमाई से दूर है।

बॉक्स ऑफिस आंकड़ों को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म जल्द ही कन्नड़ स्टार यश की फिल्म केजीएफ- 1 का रिकॉर्ड तोड़ेगी, जिसने कुल 250 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। बताते चलें कि कांतारा:चैप्टर-1 साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म कांतारा का प्रीक्वल है। फिल्म कांतारा, कन्नड़ सिनेमा की केजीएफ-2 के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। महज 16 करोड़ में बनी कांतारा ने 450 करोड़ की रिकॉर्ड कमाई की थी। वहीं केजीएफ-2 का कुल कलेक्शन 1250 करोड़ रुपए है। देखना होगा कि ये फिल्म इन फिल्मों को टक्कर दे पाती है या नहीं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com